CMYK

अधिकतम :28°C
न्यूनतम : 11°C
तापमान

सेंसेक्स 75,301.26
22,84.30

सोना 90,870
चांदी 1,04,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, बुधवार 19 मार्च 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 114 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 18 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## 18वां रोज़ा



कुरआने-पाक में जाहिर कर दिया गया है-जो लोग ईमान लाए, नेक अमल किए व अपने परवरदिगार के आगे आजिजी की, यही साहिबे- जन्नत हैं। हमेशा इसमें रहेंगे। मजकूर आयत की रोशनी में अठारहवां रोज़ा बेहतरीन तरीके से समझा जा सकता है। 'नेक अमल' से मुराद है ऐसे काम जो पाकीज़गी, परहेजगारी, इंसानियत और शरई उसूल के मुताबिक सब्र और सदाकत की मिसाल हों। नेक अमल। परवरदिगार से मुराद अल्लाह से है।

# सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बाद सबसे लंबा अवैध कब्जा कश्मीर पर: जयशंकर

**रायसीना डायलाग के दूसरे दिन बोले विदेश मंत्री, पश्चिमी देशों के दोहरे रवैये पर भी उठाए सवाल**

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में चल रहे रायसीना डायलॉग 2025 के दूसरे दिन विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने वैश्विक व्यवस्था में निष्पक्षता की जरूरत पर जोर दिया और पश्चिमी देशों के दोहरे मानकों पर सवाल उठाए।

थ्रोन्स एंड थॉर्न्स: डिफेंडिंग द इंटेग्रिटी ऑफ नेशंस सत्र में बोलते हुए, जयशंकर ने संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को वैश्विक नियमों की नींव बताया। उन्होंने कश्मीर मुद्दे का जिक्र करते हुए इसे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से अब तक का सबसे लंबा अवैध कब्जा करार दिया। जयशंकर ने कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र गए। एक आक्रमण को विवाद बना दिया गया। हमलावर और पीड़ित को एक ही श्रेणी में रख दिया गया। इसके लिए जिम्मेदार पक्ष कौन थे? ब्रिटेन, कनाडा, बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका? इसलिए मेरे इस पूरे विषय पर कुछ सवाल हैं। जयशंकर ने कहा कि यह दिखाता है कि कैसे पश्चिमी ताकतों ने कश्मीर की वास्तविकता को तोड़-मरोड़कर पेश किया। उन्होंने राजनीतिक हस्तक्षेप पर पश्चिमी देशों के नजरिये पर भी सवाल उठाए। जयशंकर के अलावा पैनल में लिचेंस्टीन की विदेश मंत्री डोमिनिक हसलर, स्लोवाक रिपब्लिक के विदेश मंत्री जुराज ब्लानर, स्वीडन के पूर्व प्रधानमंत्री कार्ल बिल्ड्ट भी शामिल हुए। इस बार के रायसीना डायलॉग की थीम: कालचक्र-पीपुल, प्लेस एंड प्लेनेट है। इसमें करीब 125 देशों के 3500 से ज्यादा लोग शामिल होंगे। इससे पहले सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10वें रायसीना डायलॉग के उद्घाटन में शामिल हुए। इस दौरान न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने बतौर चीफ गेस्ट समिट को संबोधित किया। 3 दिन का यह सम्मेलन 19 मार्च तक चलेगा।

# नागपुर में हिंसा के बाद 11 इलाकों में कर्फ्यू, 50 गिरफ्तार

नागपुर, वार्ता



**नागपुर में औरंगजेब** का पुतला जलाने पर हुई हिंसा के बाद मंगलवार को 11 इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। सोमवार शाम हुई हिंसा में 33 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, इनमें 3 डीसीपी हैं। 5 आम लोग भी घायल हैं, इनमें से एक आईसीयू में भर्ती है।

दंगाइयों ने 12 बाइक, कई कारें, 1 जेसीबी जला दी। पुलिस ने दंगे के आरोप में 50 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कब्र की ओर जाने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। हर आने-जाने वालों की जांच की जा रही है। नागपुर में हिंसा के बाद

**33 पुलिसकर्मी घायल, घायलों में तीन डीसीपी शामिल**

संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र के पास बैरिकेडिंग कर दी गई है। औरंगजेब की कब्र देखने आने वाले पर्यटकों के नाम, मोबाइल नंबर और

**संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र के पास बैरिकेडिंग की**

आधार कार्ड की जांच की जा रही है। नागपुर में हिंसा के बाद संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र के पास बैरिकेडिंग कर दी गई -शेष पृष्ठ दो पर




# इजरायल का गाजा पर कहर, 413 मरे

## दो महीने पुराना सीजफायर टूटा, गाजा को नरक बना देंगे: काट्ज

तेल अवीव, वार्ता



**सैकड़ों नागरिक घायल, हमास की चेतावनी: अब 24 इजरायली बंधकों का जिंदा बचना मुश्किल**

**इजरायल ने** मंगलवार सुबह गाजा में फिर से एयरस्ट्राइक शुरू कर दी है। करीब 12 घंटे से जारी इजरायली हमलों में अब तक 413 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि सैकड़ों घायल हैं। इस हमले के साथ ही 19 जनवरी को गाजा और इजरायल के बीच हुआ दो महीने पुराना सीजफायर टूट गया है। इजरायल का दावा है कि वह हमले की प्लानिंग कर रहे आतंकियों को निशाना बना रहा है।

हमास का कहना है कि नेतन्याहू का फिर से युद्ध शुरू करने का फैसला इजरायली बंधकों के लिए मौत की सजा की तरह है। इस हमले के बाद हमास की कैद में मौजूद लगभग 2 दर्जन इजरायली बंधकों की रिहाई को लेकर अनिश्चितता पैदा हो गई है। दूसरी तरफ इजरायली फोर्सेज ने लोगों को पूर्वी गाजा खाली करने का आदेश दिया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक मरने वालों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने यह हमले इसलिए कराए, क्योंकि सीजफायर पर हो रही बातचीत आगे नहीं बढ़ रही थी। नेतन्याहू कई बार फिर से जंग शुरू करने की धमकी दे चुके हैं। वहीं, इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने चेतावनी दी है कि अगर बंधकों को रिहा नहीं किया, तो गाजा में नरक के दरवाजे खोल देंगे। हमास ने इजरायली हवाई हमलों को सीजफायर का उल्लंघन बताया है। हमास ने धमकी दी है कि इस कदम से उसकी कैद में मौजूद इजरायली बंधकों की जान खतरे में आ गई है। हमास ने कहा कि इजरायल ने बिना किसी उकसावे के हमले किए हैं। इजरायल ने पिछले दो हफ्तों से -शेष पृष्ठ दो पर

### लेबनान और सीरिया में भी हवाई हमले किए

**तेल अवीव।** इजरायल ने गाजा के साथ ही लेबनान और सीरिया में भी हवाई हमले किए। इन हमलों में कम से कम 10 लोगों के मारे जाने की रिपोर्ट्स हैं। सीरिया में दारा इलाके में रिहायशी क्षेत्र में हवाई हमले किए गए। लेबनान में भी इजरायल ने दो हिजबुल्ला आतंकियों को मारने का दावा किया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि गाजा में किए गए हमलों को लेकर इजरायल ने ट्रंप प्रशासन और व्हाइट हाउस से सलाह ली थी। जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है, हमास, हूती, ईरान को अमेरिका और इजरायल को आतंकित करने की कीमत चुकानी पड़ेगी। सबकुछ तहस-नहस कर दिया जाएगा। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा कि अगर बंधकों को रिहा नहीं किया गया, तो गाजा में और बुरी हालत होगी। उन्होंने कहा कि हम तब तक लड़ाई नहीं रोकेंगे, जब तक हमारे सभी बंधक घर नहीं पहुंच जाते। मिस्र और कतर के साथ मध्यस्थता प्रयासों का नेतृत्व कर रहे अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ ने पहले ही आगाह किया था कि हमास को जीवित बंधकों को तुरंत रिहा करना चाहिए या फिर भारी कीमत चुकानी होगी।

# बहुचर्चित दिहुली हत्याकांड में तीन को फांसी सुनाई



**44 साल बाद आया फैसला, 24 दलितों की हुई थी सामूहिक हत्या**

**मैनपुरी।** उप्र में फिरोजाबाद के जसराना के गांव दिहुली में 18 नवम्बर 1981 को हुई 24 दलितों की सामूहिक हत्या के मामले में मंगलवार को कोर्ट ने तीन दोषियों को फांसी की सजा सुनाई। इसके साथ ही दो दोषियों पर दो-दो लाख और एक दोषी पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। कोर्ट से आदेश होने के बाद पुलिस तीनों को जिला कारागार मैनपुरी ले गई।

वहां उन्हें दाखिल किया गया। एडीजे विशेष डकैती इंदिरा सिंह की अदालत में सुबह 11.30 बजे दोषी कप्तान सिंह, रामसेवक और रामपाल को मैनपुरी जिला कारागार से भारी सुरक्षा के बीच लाकर पेश किया गया। इनकी पेशी के बाद 12.30 बजे करीब फिर से इनको दीवानी की अदालत में भेज दिया गया। लंच बाद कोर्ट से फिर इनकी पुकार हुई। दोपहर 3 बजे तीनों दोषियों को फिर से पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में अभियोजन की ओर से रोहित शुक्ला ने तमाम दलीलें पेश करते हुए नरसंहार के साक्ष्यों और गवाही का हवाला देते हुए फांसी की मांग की। कोर्ट ने साक्ष्यों और गवाही के आधार पर उस भयावह नरसंहार के दोषी कप्तान सिंह, रामसेवक और रामपाल को फांसी की सजा सुनाई। कप्तान सिंह, रामसेवक को दो-दो लाख और रामपाल को एक लाख रुपये के जुर्माने से भी दंडित किया गया। सजा सुनते ही तीनों के चेहरों पर मायूसी छा गई। यह रोने लगे। कोर्ट के बाहर इनके परिजन भी मौजूद थे, वह भी रोने लगे। इसके बाद पुलिस ने इन्हें जेल ले जाकर दाखिल कर दिया। फांसी की सजा पाने वाले रामपाल, रामसेवक और कप्तान सिंह अपने कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करते हुए फांसी की सजा के खिलाफ 30 दिन के भीतर हाईकोर्ट में अपील भी कर सकते हैं।

## भड़काऊ भाषण केस में मंत्री कपिल मिश्रा की बढ़ीं मुश्किलें

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने नोटिस जारी किया है। अदालत ने ट्रायल कोर्ट द्वारा मिश्रा को दोषी करार दिए जाने के आदेश पर स्टे लगाने से इन्कार करते हुए मामले को 19 जुलाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। हाल ही में राउज एवेन्यू कोर्ट ने वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव के दौरान दो समुदायों के बीच विद्वेष बढ़ाने के आरोप में कपिल मिश्रा को दोषी करार दिया था। इस आदेश के खिलाफ कपिल मिश्रा ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रविंद्र डुडेजा की अदालत कर रही है।

## श्रीलंका नौसेना ने तीन भारतीय मछुआरों को पकड़ा

**रामेश्वरम।** श्रीलंका की नौसेना ने मंगलवार को तीन भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और उनके मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर को जब्त कर लिया। अधिकारियों ने यहां बताया कि रामेश्वरम के रहने वाले मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने एक विशेष अभियान के दौरान गिरफ्तार किया, जब वे अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के करीब समुद्र में मछली पकड़ रहे थे। श्रीलंका की नौसेना ने दावा किया कि वह द्वीप राष्ट्र के जलक्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करने वाली विदेशी मछली पकड़ने वाली नौकाओं की मछली पकड़ने की प्रथाओं पर अंकुश लगाने के लिए नियमित गश्त और अभियान चलाती रहती है।

## हंगामे के कारण लोस की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्षी सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयागराज महाकुंभ पर दिए वक्तव्य पर विपक्ष को बोलने का मौका नहीं देना नियमों का उल्लंघन बताते हुए मंगलवार को हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

# लोकपाल मसला: रंजीत कुमार न्यायमित्र नियुक्त



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने लोकपाल की ओर से मौजूदा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के खिलाफ शिकायत की जांच करने के अधिकार क्षेत्र से संबंधित विवाद मामले में मंगलवार को वरिष्ठ अधिवक्ता रंजीत कुमार को न्यायमित्र नियुक्त किया।

न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति अभय एस. ओका की पीठ ने स्पष्ट किया कि वह लोकपाल के 27 जनवरी, 2025 के आदेश की वैधता से संबंधित मामले में अधिकार क्षेत्र के मुद्दे की जांच करेगी, न कि शिकायत में लगाए गए आरोपों की योग्यता की। लोकपाल के उस आदेश में कहा गया था कि भ्रष्टाचार विरोधी निगरानी संस्था मौजूदा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के खिलाफ शिकायत की जांच कर सकती है। शीर्ष अदालत के समक्ष शिकायतकर्ता व्यक्तिगत रूप से पेश हुए और कहा कि उन्होंने लिखित दलीलें दाखिल की हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि लोकपाल ने अपना हलफनामा दाखिल किया है, जिसमें आदेश में उनके द्वारा अपनाए गए रुख को दोहराया गया है। उन्होंने कहा कि लोकपाल के पास ऐसी शिकायतों की जांच करने का कोई अधिकार नहीं है।

## सक्षम और दिव्यांग उम्मीदवार से अलग यूपीएससी परीक्षा नहीं ले सकते: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व आईएएस प्रोबेशनर अधिकारी पूजा खेडकर मामले में कहा कि सक्षम और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए अलग-अलग परीक्षा नहीं ली जा सकती। पूजा खेडकर पर फर्जी तरीके से सिविल सेवा परीक्षा में दिव्यांग और ओबीसी कोटे का फायदा लेने और धोखाधड़ी करने का आरोप है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने पूजा खेडकर की याचिका पर अगली सुनवाई के लिए 15 अप्रैल की तारीख तय की है। पूजा खेडकर के वकील ने दिल्ली सरकार के हलफनामे का जवाब देने के लिए कुछ समय देने की मांग की थी, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 15 अप्रैल की तारीख तय की।

# ताशकंद के व्यापारियों को उत्तराखंड में निवेश का आमंत्रण

एम. फहीम 'तन्हा'



**मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने भारतीय दूतावास ताशकंद में कार्यक्रम को किया संबोधित**

**देहरादून।** उत्तराखंड में विदेशी निवेश को लेकर लगातार कोशिशें जारी हैं। उन प्रवासी उत्तराखंडियों पर विशेष फोकस है जो विदेशों में कारोबार कर रहे हैं।

उत्तराखंड के परिपेक्ष में भारतीय दूतावास ताशकंद में आयोजित व्यापार निवेश तथा पर्यटन संवर्द्धन से संबंधित कार्यक्रम को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअली संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने ताशकंद में भारतीय दूतावास द्वारा उत्तराखंड में व्यापार, निवेश और पर्यटन के अवसरों को उजागर करने के लिए उत्तराखंड दिवस के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह हमारे लिए गौरव का विषय है कि पहली बार उत्तराखंड की उज्बेकिस्तान में इस प्रकार का अभिनव मंच मिल रहा है। एक ऐसा देश जिसके साथ भारत 2011 से आपसी संबंध साझा करता आ रहा है। प्रवासी उत्तराखंड वासियों से विभिन्न क्षेत्रों में निवेश का आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड के प्रवासी बंधुओं की सुविधा के लिए राज्य में प्रभावी व्यवस्था बनाई गई है। उत्तराखंड में हाल ही में देश व विदेश में रह रहे उत्तराखंड वासियों का सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रवासी बंधुओं के द्वारा प्रतिभाग कर राज्य के विकास में सहयोगी बनने का आश्वासन दिया गया। कहा कि देवभूमि उत्तराखंड, अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत, आध्यात्मिक स्थलों, वेलनेस टूरिज्म, आयुर्वेद और एडवेंचर टूरिज्म के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। भारत के प्रमुख शहरों के साथ अच्छी हवाई कनेक्टिविटी, विश्व स्तरीय सड़कों का नेटवर्क, अच्छी कानून व्यवस्था और स्थिर राजनीतिक नेतृत्व, -शेष पृष्ठ दो पर

# देश में स्वास्थ्य क्षेत्र में स्थिति पहले से हुई है खराब: विपक्ष

शाह टाइम्स ब्यूरो



**कहा: कुछ मानकों में भारत बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों से भी पीछे**

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में विपक्षी दलों ने देश में स्वास्थ्य क्षेत्र की बदहाल स्थिति की तस्वीर पेश करते हुए कहा कि कुछ मानकों में देश बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों से भी पीछे है, जबकि सत्ता पक्ष ने कहा कि मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से स्वास्थ्य क्षेत्र में कई गुना सुधार हुआ है।

विपक्षी सदस्यों ने यह भी दावा किया कि कई राज्यों में स्वास्थ्य क्षेत्र की स्थिति केन्द्र की तुलना में कहीं बेहतर है। द्रविड मुनेत्र कषगम के तिरूचि शिवा ने मंगलवार को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि देश में स्वास्थ्य क्षेत्र की हालत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कुल बजट में इसके लिए मात्र 1.4 प्रतिशत का आवंटन किया गया है जो जीडीपी का केवल 0.02 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि अन्य देशों में यह आंकड़ा कहीं ज्यादा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए बजट का आवंटन करते समय स्थायी समिति की सिफारिशों को नजरंदाज किया गया है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका और थाइलैंड जैसे देश भी स्वास्थ्य पर भारत से अधिक खर्च कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार को इस स्थिति की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। श्री शिवा ने कहा कि तमिलनाडु सरकार ने राज्य के कुल बजट का 4.9 प्रतिशत स्वास्थ्य के लिए आवंटित किया है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में सबसे अधिक 79 मेडिकल कॉलेज हैं और राज्य में डाक्टर तथा रोगी का अनुपात देश भर में सबसे बेहतर है। उन्होंने कहा कि सरकार गैर संचारी रोगों पर काबू पाने में पूरी तरह विफल रही है। मानसिक रोगियों और मानसिक स्वास्थ्य को भी देश में नजरंदाज किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए नीट परीक्षा को राज्यों पर थोपने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि यह परीक्षा राज्यों से विचार-विमर्श के आधार पर तय की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से दक्षिण के राज्य केन्द्र की तुलना में कहीं बेहतर स्वास्थ्य सुविधा ढांचा उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में 50 प्रतिशत अस्पताल सरकारी हैं और 48 प्रतिशत निजी अस्पताल हैं, जबकि अन्य राज्यों में सरकारी अस्पतालों की संख्या कम है। उन्होंने स्वास्थ्य बीमा पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाए जाने का भी मुद्दा उठाया और इसे वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि मदुरै एम्स अभी भी कागजों में ही अटका हुआ है और इसका काम जल्द शुरू किया जाना चाहिए। द्रमुक सदस्य ने कहा कि तमिलनाडु को परिवार नियोजन के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने के लिए परिसीमन के नाम पर दंडित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिसीमन प्रक्रिया आबादी के आधार पर नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर के राज्यों में भी परिवार नियोजन पर ध्यान दिया जाना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के भागवत कराड़ ने इसका प्रतिवाद करते हुए मोदी सरकार के कार्यकाल में अस्पतालों से लेकर मेडिकल कॉलेज, मेडिकल सीटों, टीकाकरण और स्वास्थ्य ढांचे में कई गुना सुधार होने का दावा किया। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए बजट निरंतर बढ़ा रही है और इस बार भी इसे 1.9 प्रतिशत से बढ़कर 1.97 प्रतिशत किया गया है।

# फायरिंग मामले में कुंवर प्रणव चैंपियन को मिली जमानत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**26 जनवरी को निर्दलीय विधायक के कार्यालय पर चली थी गोलियां**

**देहरादून।** खानपुर सीट से निर्दलीय विधायक के कार्यालय पर गोली कांड में आरोपी और 27 जनवरी को गिरफ्तार हुए पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन को डिस्ट्रिक्ट कोर्ट हरिद्वार से मंगलवार को जमानत मिल गई है।

डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन को राहत देते हुए उनके वकील द्वारा लगाई गई जमानत याचिका पर सुनवाई करने के बाद जमानत दे दी है। मामले में सुप्रीम कोर्ट के सीनियर अधिवक्ता ने बहस की थी। जबकि विधायक उमेश कुमार के अधिवक्ता उत्तम सिंह चौहान ने दलील दी कि चैंपियन को जमानत नहीं मिलनी चाहिए। कुंवर प्रणव चैंपियन की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल चतुर्वेदी ने जमानत के लिए दलील पेश की। 15 फरवरी को जेल में तबीयत बिगड़ने पर चैंपियन को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गौरतलब है कि खानपुर विधायक उमेश कुमार व चैंपियन के बीच सोशल मीडिया में जंग हो गई थी। उमेश कुमार के लंढौरा के रंगमहल के बाहर गाली गलौज करने के बाद चैंपियन व समर्थकों ने 26 जनवरी को विधायक के कार्यालय पर गोली चला दी थी। इधर, जमानत मिलने के बाद चैंपियन ने समर्थकों का आभार जताया।


# दिल्ली के लोगों को नई सरकार से बहुत अधिक अपेक्षाएं: बिरला

## दिल्ली विधानसभा सदस्यों के दो दिवसीय कार्यक्रम में बोले लोकसभा अध्यक्ष

नई दिल्ली, वार्ता

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को दिल्ली विधान सभा के नवनिर्वाचित सदस्यों से इसे आदर्श विधान सभा बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि नई सरकार से लोगों को बहुत अधिक अपेक्षाएं हैं।

बिरला ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा परिसर में दिल्ली विधानसभा सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सदस्यों को लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करते समय लोकतांत्रिक भावना और संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखते हुए सदन के नियमों, प्रक्रियाओं और परंपराओं का पालन करना चाहिए। उन्होंने विधानमंडल को कार्यपालिका की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अधिक प्रभावी मंच बनाने के लिए तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग और सदस्यों के क्षमता



**सार्वजनिक जीवन में नैतिकता व आचरण बनाए रखें सदस्य**

निर्माण पर भी जोर दिया। बिरला ने कहा कि सदन में किसी भी प्रकार का गतिरोध नहीं होना चाहिए तथा असहमति को गरिमापूर्ण ढंग से तथा सार्थक संवाद के माध्यम से व्यक्त किया जाना चाहिए।

उन्होंने सदयों से सार्वजनिक जीवन में आचरण तथा नैतिकता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने का आग्रह किया। अध्यक्ष ने सदस्यों से परंपराओं को कायम रखने तथा उन्हें और मजबूत बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विधायकों का आचरण तथा विधानसभा में उनके कार्य तथा चर्चाएं देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत बनाती हैं। बिरला ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को अच्छे श्रोता बनने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि सुनना भी उतना ही जरूरी है जितना अपनी बात कहना।अच्छा वक्ता बनने के लिए अच्छा श्रोता बनना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पुरानी चर्चा-संवाद के अध्ययन के साथ ही कानूनों तथा नए विचारों को सीखने तथा समझने की सोच के साथ काम करना आवश्यक है। जनप्रतिनिधियों को विधान सभा के नियमों और प्रक्रियाओं, भारत के संविधान, विशेषकर उन धाराओं से परिचित होना चाहिए जो आपके राज्य, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों से संबंधित हैं।

### राज्य के विकास में सार्थक योगदान दे सकते हैं

बिरला ने विधाई प्रारूपण के ज्ञान के महत्व को दोहराते हुए कहा कि विधाई प्रारूपण में कुशल जनप्रतिनिधि अपने राज्य के विकास और शासन में सार्थक योगदान दे सकते हैं। अच्छे विधाई प्रारूपण के माध्यम से, विधायक विधानसभा की मदद कर सकता है तथा प्रभावी कानून बनाने और लोगों तक सेवाएं बेहतर ढंग से पहुंचाने में सरकार की मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का आधार संवाद और आम सहमति है, इसलिए संसदीय लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका सकारात्मक और रचनात्मक होनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी घेर दिया कि सदस्यों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी भाषा, आचरण और तर्क संसदीय मानदंडों के अनुरूप हों। लो. कतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और उनके सकारात्मक योगदान से लोकतांत्रिक प्रक्रिया मजबूत होती है। इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रबोधन कार्यक्रम न केवल विधायी दायित्वों को बेहतर ढंग से समझने का अवसर है, बल्कि एक-दूसरे से सीखने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का मंच भी है।

# आधार कार्ड से लिंक होगा मतदाता पहचान पत्र

नई दिल्ली, वार्ता

मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से लिंक किया जाएगा। मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त और केंद्रीय गृह सचिव की बैठक में यह फैसला लिया गया।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयुक्त डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जोशी ने निर्वाचन सदन नई दिल्ली में केंद्रीय गृह सचिव, विधाई विभाग के सचिव, इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव और यूआईडीएआई के सीईओ तथा चुनाव आयोग के तकनीकी विशेषज्ञों के साथ बैठक की। बैठक में निर्णय लिया गया कि मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने का काम संविधान के अनुच्छेद 326 के प्रावधानों के अनुसार ही किया जाएगा। कहा गया कि इस संबंध में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण



**मुख्य चुनाव आयुक्त और केंद्रीय गृह सचिव की बैठक में लिया गया महत्वपूर्ण फैसला**

और चुनाव आयोग के तकनीकी विशेषज्ञ जल्द ही आगे की चर्चा करेंगे।

संविधान में भी वोटर आईडी को आधार से जोड़ने का प्रावधान है। बताया जाता है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 23, जिसे चुनाव कानून (संशोधन) अधि. नियम, 2021 कहा जाता के मुताबिक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी मौजूदा या भावी मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार पर पहचान स्थापित करने के लिए आधार संख्या प्रदान करने की मांग कर सकते हैं। यह कानून मतदाता सूची को आधार डाटाबेस के साथ स्वैच्छिक रूप से जोड़ने की अनुमति देता है। इन दिनों संसद के भीतर और बाहर जिस डुप्लीकेट वोटर कार्ड (ईपीआईसी) के नंबरों को लेकर जमकर बवाल हो रहा है। साथ ही राजनीतिक दल इसके जरिए चुनाव आयोग की वैधता पर ही सवाल उठे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी यह मुद्दा उठाया था। बीते शुक्रवार को चुनाव आयोग (ईसी) ने कहा था कि वह दशकों पुरानी डुप्लीकेट मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबरों की समस्या को अगले तीन महीने में हल कर लेगा। इसके बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ने मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने पर चर्चा के लिए बैठक बुलाई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### सीनियर कैडर कोर्स की परेड में 115 एनसीओ शामिल हुए

**लखनऊ।** सीनियर कैडर कोर्स-4 के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के हिस्से के तौर पर मंगलवार को लखनऊ छावनी स्थित आर्मी मेडिकल कोर सेंटर और कॉलेज के ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में कोर्स समापन परेड आयोजित की गई जिसमें 115 गैर-कमीशन अधिका. रियों (एनसीओ) ने भाग लिया। मध्य कमान के प्रवक्ता ने बताया कि ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में गहन प्रशिक्षण प्राप्त ये सभी अधिकारी आनेवाले समय में उच्च पद ग्रहण करेंगे।

### मणिपुर में पुलिस ने किया तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान तीन अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल-पीएस के अंतर्गत मैरी कॉम क्षेत्रीय मुक्केबाजी फाउंडेशन के पास लांगोल गेम विलेज जोन 3 से आरपीएफ/पीएलए के एक सक्रिय कैडर को गिरफ्तार किया। एक अन्य घटना में पुलिस ने इंफाल पश्चिम जिले के पीआरईपीएके/यूपीपीके के एक कैडर को उसके आवास से गिरफ्तार किया। इसके अलावा पुलिस ने इंफाल पश्चिम जिले के केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक कैडर को उसके आवास से गिरफ्तार किया।

### सुरक्षा बलों ने कश्मीर में तीसरा आईईडी निष्क्रिय किया

**श्रीनगर।** कश्मीर में सुरक्षा बलों ने रविवार से अब तक तीसरा देशी विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद किया है और उसे निष्क्रिय कर दिया है। तीसरा आईइडी मंगलवार को शोपियां जिले में बरामद किया गया। अधिकारियों के अनुसार शोपियां के हबदीपोरा इलाके में नियमित गश्त के दौरान विस्फोटक उपकरण का पता चला। एक सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि आइइडी का पता लगने के बाद, एक बम निरोधक दस्ते को तुरंत तैनात किया गया, जिसने समय रहते आईईडी को सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। पिछले तीन दिनों में कश्मीर में इस तरह की यह तीसरी घटना है।

# नागपुर हिंसा पर विधानसभा के बाहर विपक्ष का प्रदर्शन

मुंबई, वार्ता

**भाजपा के विधायक एवं राज्य सरकार में नितेश राणे को हटाने की मांग**

महाराष्ट्र में विपक्ष ने मंगलवार को नागपुर हिंसा को लेकर यहां महाराष्ट्र विधान सभा भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और भारतीय जनता पार्टी के विधायक एवं राज्य सरकार में मंत्री नितेश राणे को हटाने की मांग की।

विपक्ष का आरोप है कि राणे ने बयान के कारण शहर में सोमवार को हिंसा भड़की। शहर में उपद्रव के दौरान कल कम से कम 45 वाहनों में तोड़फोड़ की गई। सत्तापक्ष के विभिन्न नेताओं ने नागपुर की घटना की निंदा की है और कहा है कि हिंसा में शामिल लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इस बीच जिला संरक्षक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वा. सन दिया और कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखने के लिए सोशल मीडिया अकाउंट की निगरानी की जा रही है। फडणवीस सरकार में मंत्री संजय शिरसाट ने कहा कि नाग. पुर में हुई हिंसा के पीछे महा विकास अघाड़ी का हाथ है। विपक्ष के लोग यह दिखाने में लगे हैं कि वे ही मुसलमानों के साथ खड़े हैं, लेकिन उन्हें यह एहसास नहीं है कि मुसलमान ऐसा नहीं चाहते। शिवसेना विधायक मनीषा कायंदे ने नागपुर हिंसा की निंदा की और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि हम नागपुर हिंसा की निंदा करते हैं। अफवाह फैलाने वालों को सलाखों के पीछे डाला जाना चाहिए और उन्हें दंडित किया जाना चाहिए।

### कब्र या मजार को क्षति पहुंचाना ठीक नहीं: मायावती

**लखनऊ।** नागपुर में हुई हिंसक झड़प पर चिंता व्यक्त करते हुए बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने कहा कि महाराष्ट्र में किसी भी कब्र अथवा मजार को क्षति पहुंचाना ठीक नहीं है और महाराष्ट्र सरकार को हिंसा के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है। सुश्री मायावती ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट किया कि महाराष्ट्र में किसी की भी कब्र व मज़ार आदि को क्षति पहुंचाना व तोड़ना ठीक नहीं, क्योंकि इससे वहां आपसी भाईचारा, शान्ति व सौहार्द आदि बिगड़ रहा है। सरकार ऐसे मामलों में खासकर नागपुर के अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करे वरना हालात काफी बिगड़ सकते हैं, जो ठीक नहीं।

## विपक्ष को भी कुंभ पर बोलने का देते मौका : राहुल-प्रियंका

# सदन में हमें नहीं बोलने देते प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, वार्ता

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बात का समर्थन करते हुए कहा कि इस आयोजन से सबकी भावनाएं जुड़ी रही, इसलिए विपक्ष को भी बोलने का मौका देने के साथ ही श्री मोदी को भगदड़ में मारे लोगों को भी श्रद्धांजलि देनी चाहिए थी।

गांधी ने यहां संसद भवन परिसर में पत्रकारों से महाकुंभ पर लोकसभा में मोदी के संबोधन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बात का समर्थन करना चाह रहा था। कुम्भ हमारी संस्कृति है, हमारा इतिहास है, मगर प्रधानमंत्री को भगदड़ के मृतकों को श्रद्धांजलि भी देनी चाहिए थी। हमारी एकमात्र शिकायत यही है कि प्रधानमंत्री ने कुंभ में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि नहीं दी। महाकुंभ में गए युवा भी श्री मोदी से एक और चीज चाहते हैं, वह है रोजगार। लोकसभा में विपक्ष के नेता संसद में बोलने नहीं दिए जाने संबंधी विपक्ष के आरोप पर कहा कि हां हमें बोलने नहीं दिया जाता है। लोकतांत्रिक ढांचे के अनुसार नेता प्रतिपक्ष को बोलने का मौका मिलना चाहिए, लेकिन वे हमें बोलने नहीं देते। यह नया भारत है। वाड्रा ने कहा लोकसभा में विपक्ष को महाकुंभ पर बोलने का मौका नहीं दिए जाने पर निराशा जताते हुए कहा पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री ने महाकुंभ के बारे में सकारात्मक तरीके से बात की, लेकिन विपक्ष की भी महाकुंभ के प्रति भावनाएं हैं। विपक्ष की बात सुनने में उन्हें कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए थी। मुझे लगता है कि विपक्ष को महाकुंभ पर बोलने के लिए कम से कम दो मिनट का समय दिया जाना चाहिए था। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि जब बजट सत्र शुरू हुआ तो हम पहले दिन से ही कुंभ पर चर्चा की मांग कर रहे थे, लेकिन चर्चा का मौका नहीं दिया गया और हमारी मांग को नज़रअंदाज़ कर दिया। आज प्रधानमंत्री ने बिना किसी पूर्व सूचना के कुंभ पर बयान दिया, जबकि एक प्रक्रिया है कि सदन को इसके बारे में सूचित किया जाना चाहिए। सदन को सूचित किए बिना अचानक प्रधानमंत्री ने आकर कुंभ के बारे में बयान दिया यह नियमों का उल्लंघन भी है। इसके पीछे क्या गोपनीयता है। विपक्ष के नेता भी इस बारे में अपनी बात कहना चाहते थे। यह सदन की परंपरा है, लेकिन सरकार का व्यवहार पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है।



### न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से मिले कांग्रेस नेता

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज यहां भारत यात्रा पर आए न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्स से मुलाकात की। कांग्रेस सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि दोनों नेताओं के बीच आज सुबह यहां मुलाकात हुई, जिसे दोनों देशों के बीच संबंधों को बढ़ाने को लेकर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी ने कहा कि गांधी और लक्सन की यह मुलाकात बहुत महत्वपूर्ण है। मुलाकात को दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने को लेकर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दोनों नेताओं ने इस दौरान आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों पर चर्चा की। यह मुलाकात भारत और न्यूजीलैंड के बीच सहयोग को बढ़ाने की दिशा में एक कदम हो सकता है।

### हमारी सरकार ने तेलंगाना में आरक्षण बढ़ाने का निभाया वादा: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि उनकी पार्टी की सरकार ने तेलंगाना में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण की सीमा की 50 प्रतिशत की दीवार को पार कर ऐतिहासिक कम कर दिया है। गांधी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने तेलंगाना में ओबीसी आरक्षण बढ़ाने का वादा पूरा कर दिया है। राज्य में वैज्ञानिक तरीके से हुई जातिगत गिनती से मिली ओबीसी समुदाय की वास्तविक संख्या स्वीकार की गई और शिक्षा, रोजगार और राजनीति में उनकी समान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विधानसभा में 42 प्रतिशत आरक्षण का बिल पारित किया गया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की दिशा में यह वाकई एक क्रांतिकारी कदम है, जिसके द्वारा राज्य में आरक्षण पर से 50 प्रतिशत की दीवार भी गिरा दी गई है। जातिगत सर्वेक्षण के डेटा से हर समुदाय के सामाजिक और आर्थिक हालात का विश्लेषण कर ऐसी नीतियां बनाई जाएंगी जिनसे सबकी बेहतरी सुनिश्चित हो। तेलंगाना सरकार ने इसके लिए एक इंडिपेंडेंट एक्सपर्ट ग्रुप भी बनाया है। गांधी ने कहा कि मैं लगातार कह रहा हूं कि एक्सरे 'यानी जातिगत जनगणना' से ही पिछड़े और वंचित समुदायों को उनका उचित हक़ मिल सकता है। तेलंगाना ने रास्ता दिखा दिया है, यही पूरे देश की जरूरत है। भारत में जाति जनगणना हो कर रहेगी, हम करवाकर रहेंगे।

## अर्थ व्यापार

# लिवाली की बदौलत शेयर बाजार हुआ गुलजार

मुंबई, वार्ता

चीन की अर्थव्यवस्था को लेकर बढ़ते आशावाद से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत मंगलवार को शेयर बाजार तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1131.31 अंक अर्थात 1.53 प्रतिशत की छलांग लगाकर तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर 75 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 75,301.26 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले 21 फरवरी को यह 75,311.06 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 325.55 अंक यानी 1.45 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,834.30 अंक हो गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली



और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे आज बाजार को पंख लग गए। इससे मिडकैप 2.10 प्रतिशत मजबूत होकर 40,189.53 अंक और स्मॉलकैप 2. 73 प्रतिशत की उड़ान भरकर 45,031.45 अंक पर पहुंय गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4159 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2815 में लिवाली जबकि 1221 में बिकवाली हुई वहीं 123 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 47 कंपनियां हरे जबकि अन्य तीन लाल निशान पर बंद हुईं। विश्लेषकों के अनुसार, चीन की अर्थव्यवस्था को लेकर बढ़ते आशावाद और एशियाई बाजारों में मजबूती के चलते मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार के दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी ने तेजी के साथ कारोबार किया। हालांकि, अमेरिका में टैरिफ बढ़ोतरी, फेडरल रिजर्व के बुधवार को ब्याज दर पर आने वाले फैसले और मौजूदा भू-राजनीतिक जोखिमों के कारण निवेशक सतर्कता बरत रहे हैं। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 439 अंक की तेजी के साथ 74,608.66 अंक पर पहुंच गया लेकिन ऊंचे भाव पर हुई मुनाफावसूली से थोड़ी देर बाद ही 74,480.15 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं इसके बाद शुरू हुई लिवाली की बदौलत यह लगातार चढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 75,385.76 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### चांदी पहली बार एक लाख के पार

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमत आज यानी, 18 मार्च को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 253 बढ़कर 88,354 हो गया है। इससे पहले गोल्ड कल 88,101 पर था। वहीं एक किलो चांदी आज 633 महंगी होकर 1,00,400 प्रति किलो पर पहुंच गई है। इससे पहले चांदी का भाव 99,767 प्रति किलो था। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के अनुसार इस साल सोना 92 हजार तक जा सकता है। 4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत- दिल्ली: 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 82,650 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 90,150 रुपए है। मुंबई: 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 82,500 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 90,000 रुपए है।

# खाद्य तेलों में टिकाव, मीठे के बाजार में स्थिरता

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से मंगलवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 91 रिंगिट लुढ़ककर 4603 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.30 सेंट की तेजी के साथ 42.41 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।



सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन : चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल: 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 16116 रुपए, मूंगफली तेल 18168 रुपए, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए, सोया रिफाइंड 15531 रुपए, पाम ऑयल 13553 रुपए और वनस्पति तेल 16336 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**इजरायल का...**

गाजा में भोजन, दवाइयों, ईंधन और अन्य सप्लाई को रोक दिया है और मांग की है कि हमास सीजफायर समझौते में बदलाव स्वीकार करे। सीजफायर का पहला चरण एक मार्च को खत्म हो गया है। पहले चरण में हमास ने 33 बंधक छोड़े हैं, इनमें 8 शव शामिल हैं। वहीं इजरायल ने दो हजार फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। इजरायल और हमास के बीच सीजफायर के दूसरे चरण पर अभी तक बातचीत शुरू नहीं हो पाई है। इस फेज में लगभग 60 बंधकों को रिहा किया जाना था। साथ ही जंग को पूरी तरह से खत्म करने पर बात होनी थी। हमास के पास अभी 24 जिंदा बंधक और 35 के शव हैं। इजरायल और फलस्तीन के बीच सीजफायर डील तीन चरण में पूरी होनी थी। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच कैदियों की अदला-बदला पर समझौता हुआ था। पहला चरण पूरा हो चुका है। दूसरे चरण पर बात नहीं बन पाई। पहला चरण: 19 जनवरी से एक मार्च तक गाजा में पूरी तरह से युद्धविराम रहा। हमास ने 33 इजरायली बंधकों को रिहा किया। इजरायल रोजाना अपने एक बंधक के बदले 33 फलस्तीनी बंदियों को रिहा करेगा। हर एक इजरायली महिला सैनिक के बदले 50 फलस्तीनी बंदियों को रिहाई मिलेगी। दूसरा चरण: कहा गया था कि पहले फेज के 16वें दिन, यानी 3 फरवरी तक सब कुछ ठीक रहा, तो दूसरे चरण की योजना पर बातचीत शुरू होगी। इस दौरान हमला नहीं किया जाएगा। जिंदा बचे हुए बाकी बंधकों को रिहा किया जाएगा। हालांकि बातचीत अभी तक शुरू नहीं हो सकी है। इजरायल एक हजार फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा, इनमें लगभग 190 कैदी 15 साल से ज्यादा समय से सजा काट रहे हैं। तीसरा चरण: इस डील के आखिरी चरण में गाजा को दोबारा बसाया जाएगा। इसमें 3 से 5 साल का समय लगेगा। हमास के कब्जे में मारे गए बंधकों के शव भी इजरायल को सौंपे जाएंगे। सीजफायर का पहला चरण एक मार्च को खत्म हो गया है। पहले चरण में हमास ने 33 बंधक छोड़े हैं, इनमें 8 शव शामिल हैं। वहीं इजरायल ने दो हजार फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। इजरायल और हमास के बीच सीजफायर के दूसरे चरण पर अभी तक बातचीत शुरू नहीं हो पाई है। इस फेज में लगभग 60 बंधकों को रिहा किया जाना था। साथ ही जंग को पूरी तरह से खत्म करने पर बात होनी थी। हमास के पास अभी 24 जिंदा बंधक और 35 के शव हैं। इजरायल और फलस्तीन के बीच सीजफायर डील तीन चरण में पूरी होनी थी। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच कैदियों की अदला-बदला पर समझौता हुआ था। पहला चरण पूरा हो चुका है। दूसरे चरण पर बात नहीं बन पाई। पहला चरण-19 जनवरी से एक मार्च तक गाजा में पूरी तरह से युद्धविराम रहा। हमास ने 33 इजरायली बंधकों को रिहा किया। इजरायल रोजाना अपने एक बंधक के बदले 33 फलस्तीनी बंदियों को रिहा करेगा। हर एक इजरायली महिला सैनिक के बदले 50 फलस्तीनी बंदियों को रिहाई मिलेगी। दूसरा चरण: कहा गया था कि पहले फेज के 16वें दिन, यानी 3 फरवरी तक सब कुछ ठीक रहा, तो दूसरे चरण की योजना पर बातचीत शुरू होगी। इस दौरान हमला नहीं किया जाएगा। जिंदा बचे हुए बाकी बंधकों को रिहा किया जाएगा। हालांकि बातचीत अभी तक शुरू नहीं हो सकी है। इजरायल एक हजार फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा, इनमें लगभग 190 कैदी 15 साल से ज्यादा समय से सजा काट रहे हैं। तीसरा चरण- इस डील के आखिरी चरण में गाजा को दोबारा बसाया जाएगा। इसमें 3 से 5 साल का समय लगेगा। हमास के कब्जे में मारे गए बंधकों के शव भी इजरायल को सौंपे जाएंगे।

**नागपुर में...** है। औरंगजेब की कब्र देखने आने वाले पर्यटकों के नाम, मोबाइल नंबर और आधार कार्ड की जांच की जा रही है। जिस जगह बवाल हुआ, वहां वाहनों की पार्किंग थी। बाइक-कार मिलाकर 50 से ज्यादा वाहनों में आग लगाई गई। औरंगजेब की प्रतीकात्मक कब्र जलाने से बवाल हुआ सोमवार को नागपुर में विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के दौरान गोबर के कंडों से भरा एक हरे रंग का कपड़ा जलाया गया। वीएचपी के मुताबिक, ये औरंगजेब की प्रतीकात्मक कब्र थी। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद देर शाम 7:30 बजे नागपुर के महल इलाके में हिंसा भड़क गई। पथराव और तोड़फोड़ शुरू हो गई। उपद्रवियों ने घरों पर पथराव किया और सड़क पर खड़े दर्जनों वाहनों में तोड़फोड़-आगजनी की। सीएम ने घायल डीसीपी से वीडियो कॉल पर बात की मंगलवार को सीएम देवेंद्र फडनवीस ने विधानसभा में बताया कि नागपुर हिंसा को लेकर 5 एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, 31 पुलिसकर्मी और 7 नागरिक घायल हुए हैं। फडनवीस ने कुल्हाड़ी के हमले से घायल डीसीपी निकेतन कदम से वीडियो कॉल पर बात भी की। हिंसा के बाद शहर के गणेशपेठ, लकड़गंज, पचपावली, शांतिनगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामवाड़ा, यशोधरा नगर और कपिल नगर में कर्फ्यू लगाया गया है। इसके अलावा मुंबई में भी पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**ताशकंद के...** उत्तराखंड को देश विदेश के निवेशकों के लिए एक आदर्श राज्य बनाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्बेकिस्तान की हस्तशिल्प कलाएं और उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहरें हस्तशिल्प, बांस कला और ऊन बुनाई जैसे पारंपरिक शिल्पकारों के बीच आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करती है। यह कार्यक्रम दोनों पक्षों के बीच व्यापार पर्यटन और सांस्कृतिक संबंधों को एक नई ऊंचाई प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने उज्बेकिस्तान के सभी नागरिकों को उत्तराखंड आने और यहां की प्राकृतिक सुंदरता एवं समृद्ध संस्कृति को अनुभव करने के लिए भी आमंत्रित किया।

### मणिपुर में शांति बहाली को सरकार प्रतिबद्ध:सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मल सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि मोदी सरकार मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है और मणिपुर का मुद्दा बहुत ही संवेदनशील है तथा इसमें सभी को एक दूसरे का समर्थन करना चाहिए। सीतारमण ने सदन में विनियोग विधेयक 2025, विनियोग (संख्या दो) विधेयक 2025, मणिपुर विनियोग (लेखानुदान) विधेयक 2025 और मणिपुर विनियोग विधेयक 2025 पर सोमवार को हुई चर्चा का मंगलवार को जवाब दिया और संघर्षग्रस्त मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को उचित ठहराते हुए कहा कि बजट का उद्देश्य जातीय संघर्षों से प्रभावित अर्थव्यवस्था की चिंताओं को दूर करना है। उन्होंने कहा कि मणिपुर एक संवेदनशील मुद्दा है और सभी दलों को राज्य में स्थाई शांति लाने के लिए सामूहिक रूप से काम करना चाहिए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# वाहन की चपेट में आकर सर्राफा व्यापारी की मौत

## हादसे से परिजनों में मचा कोहराम

**आरिफ खान, संवाददाता**

**हसनपुर**। बाइक सवार सर्राफा व्यापारी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सूचना मिलने पर रोते बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गये।पुलिस लाश को पोस्टमार्टम भेजने की तैयारी कर रही थी।

मंगलवार की दोपहर गजरौला हसनपुर मार्ग पर दीपपुर गेट के समीप एक बाइक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार बुरी तरह से घायल हो गया। वारदात को अंजाम देकर चालक वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया। घायल को पुलिस को सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। लेकिन चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान 50 वर्षीय राम मोहन शर्मा पुत्र जयप्रकाश शर्मा थाना सदर



चौराहा जनपद मेरठ के रूप में हो गई। मृतक राम मोहन शर्मा की जेब में रखे मोबाइल से पुलिस द्वारा उसके परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही रोते बिलखते परिजन राम मोहन शर्मा के शव के पास पहुंच गये। मृतक राम मोहन शर्मा सर्राफा व्यापारी थे। वह सप्ताह में एक बार मेरठ से कारोबार के सिलसिले में हसनपुर आते थे।



## घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**हसनपुर**। भाइयों के बीच हुए विवाद में घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। बिना कानूनी कार्रवाई किये हुए जनाजे को सपुर्द खाक कर दिया। नगर के एक मोहल्ले में सोमवार को दो भाइयों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इस दौरान 25 वर्षीय युवक घायल हो गया था। परिजनों ने घायल युवक को उपचार के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया था। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों द्वारा घायल युवक को मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया था। उपचार के दौरान युवक की अस्पताल में मौत हो गई थी। जैसे ही यह खबर घर पहुंची तो वहां कोहराम मच गया। कुछ ही देर में युवक के घर पर काफी भीड़ जमा हो गई। बिना कानूनी कार्यवाही किये हुए जनाजे को सपुर्द खाक कर दिया।

# जोया चौराहे का होगा सौंदर्यकरण

## नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में सभी प्रस्ताव पारित



**नासिर अली, ब्यूरो**

**जोया**। नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में 11 लाख बीस हजार रूपये लाभ का बजट सर्वसम्मति से पारित हुआ। जोया-अमरोहा मार्ग चौराहे का सौंदर्यकरण, खराब नलों को रिबोर कराने के प्रस्ताव पर सहमति बनी। मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय में बोर्ड की बैठक हुई। अधिशासी अधिकारी विपिन कुमार सिंह सेंगर ने बजट प्रस्तुत करते बताया कि इस वर्ष अनुमानित आय 26 करोड़ 35 लाख रूपये के सापेक्ष आनुमानित व्यय 26 करोड़ 14 लाख रूपये है। 11 लाख बीस हजार रूपये लाभ का अनुमान होने का बजट उन्होंने प्रस्तुत किया। चेयरमैन जुबैर अहमद ने बताया कि जोया-अमरोहा चौराहे का सौंदर्यकरण एवं अमरोहा रोड पर कब्रिस्तान के समीप सौंदर्यकरण के अलावा हैंडपम्पों का रिबोर एवं मरम्मत के साथ शीतल जल प्याऊ की मरम्मत कराने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किये गये। इस अलावा पथ प्रकाश की उचित व्यवस्था एवं खराब लाइटों की मरम्मत कराने की भी स्वीकृति प्रदान की गयी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभासदों ने जो भी प्रस्ताव विकास से जुड़े रखे हैं उन पर तत्काल कार्रवाई की जायेगी। बैठक में विजय प्रकास शर्मा, सभासद मुगीश अहमद, अताउर्रहमान, दानिश, रफीक अहमद, मोहम्मद वाजिद, भूरा, नसीम, मजायदा खातून, अशरफी बेगम, मंगेशी देवी, वीरवती, जीशान अली, विनीत गुप्ता मौजूद रहे।

# पत्नी व ससुर को पीटने में दामाद पर रिपोर्ट

## भाग रहे दामाद की कार की टक्कर से पांच घायल

**नासिर अली, ब्यूरो**

**अमरोहा**। सुसराल आकर पत्नी व ससुर के साथ मारपीट के मामले में दामाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर में प्रमोद कुमार का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी शिवा रानी की शादी मेरठ जिले के इंचौली थाना क्षेत्र के गांव गाजीपुर के रहने वाले रोहित के साथ की थी। शादी के बाद से ही उनकी बेटी और दामाद के बीच झगड़ा चल रहा है। इसके चलते शिव बेटे के साथ मायके में रहती है। 15 मार्च की रात एक बजे रोहित प्रमोद कुमार के घर आया और जबरदस्ती बेटे अंशुमन को अपने साथ ले जाने लगा। प्रमोद और शिवा ने विरोध किया तो दोनों के साथ मारपीट की। आरोपी रोहित बाद में जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। मामले में पुलिस ने आरोपी रोहित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। भागते वक्त रोहित ने जोया में अपनी कार से कई वाहन चालकों को टक्कर मारी थी। जिसमें पांच लोग घायल हो गए थे।

# छात्रा से छेड़खानी के आरोपी शिक्षक पर रिपोर्ट

## मामले के तूल पकड़ने पर हुई कार्रवाई

**आरिफ खान, संवाददाता**

**हसनपुर**। गुरू और शिष्य के रिश्ते को शर्मसार करने के आरोपी शिक्षक के खिलाफ आदमपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। शिक्षक पर अब निलम्बन की तलवार लटकी है। अभाविप के जिलाध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि शिक्षक को निलम्बित नहीं किया गया तो वह डीएम कार्यालय का घेराव करेंगे।

गुरु और शिष्या के पवित्र रिश्ते को कलंकित करने का एक मामला गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव ओगारपुर के प्राथमिक विद्यालय में सामने आया था। शिक्षक कई महीने से छात्राओं के साथ अनुचित व्यवहार कर रहा था। वह छात्राओं को गोदी में बैठाकर गलत हरकतें करता था साथ ही छात्राओं के अंगों भी को भी छूने का काम करता था। 5 मार्च को अभिभावकों ने शिकायत मिलने पर शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। इसको लेकर गांव में पंचायत भी हुई थी। हंगामा बढ़ता हुआ देखकर आरोपी शिक्षक अजय कुमार ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए लिखित ने माफी नामा भी ग्रामीणों को दिया था। उसके बाद भी आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग उठ रही है। जब यह मामला उछाला तो अधिकारी भी हरकत में आ गये थे। खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने कहा था कि मामले की जांच कर दोषी पाये जाने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। मामला आला अधिकारियों के संज्ञान में पहुंचा तो उन्होंने भी इस मामले की जांच करने के खंड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी को आदेश दिया था। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा इस पूरे मामले की जांच कर इसकी रिपोर्ट जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेज दी गई है। बीती रात पीड़ित छात्रा के चाचा की तहरीर पर आदमपुर पुलिस ने आरोपी सहायक अध्यापक अजय कुमार पुत्र राम सिंह निवासी गांव ढवारसी थाना आदमपुर के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है। जल्द ही आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा। उधर अभाविप ने चेतावनी दी है कि अगर आरोपी शिक्षक को जल्द निलम्बित न किया गया तो उनका संगठन डीएम कार्यालय का घेराव करेगा।

## महिला को पीटकर किया घायल

**हसनपुर**। जमीनी विवाद में महिला को लाठी डंडों से पीट कर पूरी तरह से घायल कर दिया। पुलिस ने घायल महिला को मेडिकल के लिए भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव अगरौला कला निवासी अली हसन का गांव के ही इब्ने हसन से जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चलता चला आ रहा है। कई बार इसको लेकर ग्रामीणों ने उनका समझौता कराने के लिए पंचायत भी की थी। लेकिन उसमें कोई नतीजा नहीं निकल सका। मंगलवार की सुबह एक बार फिर जमीन विवाद को लेकर दोनों पक्ष आमने सामने आ गये तथा उनमे मारपीट होने लगी। जिसमें अली हसन की पत्नी बादशाही का सर फूट गया। घायल महिला को लेकर परिजन कोतवाली पहुंच गये। पुलिस ने बादशाही को मेडिकल कराने के लिए भेजा है।

# तेज रफ्तार बाइक ने युवक को टक्कर मारी

## गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नमाज पढ़कर लौट रहे युवक को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। जोया रोड पर हुए इस हादसे में वह गंभीर घायल हो गया। परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला कटरा वाईएमएस रोड निवासी शकील अहमद का बेटा इंतजार सोमवार को जोया रोड स्थित मस्जिद से नमाज पढ़कर लौट रहा था। अमरोहा ग्रीन कॉलोनी स्थित पुलिस चौकी के पास को पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में इंतजार गंभीर घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद आरोपी चालक बाइक छोड़कर भाग गया। स्थानीय लोगों ने इंतजार को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे गंभीर हालत में मेरठ रेफर कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने।बाइक नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## दफ्तर देरी से पहुंचने वालों से मांगा स्पष्टीकरण



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार ने कार्यालय देरी से पहुंचने व अनुपस्थित मिले कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने मंगलवार को पालिका कार्यालय के समस्त पटलों, अनुभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान देरी से दफ्तर आने वाले कार्मिकों का स्पष्टीकरण मांगा गया। जबकि उन्हें चेतावनी दी गयी कि समस्त कर्मचारी रोजाना कार्यालय समय से पहुंचना सुनिश्चित् करें। भविष्य में कार्यालय में समय से उपस्थित न होने वाले कर्मचारियों के वेतन पर रोक लगाने के साथ उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जायेगी। ईओ की कार्रवाई से पालिका में हड़कम्प मच गया।

# डीसीएम से कुचलकर बेटे की हत्या का आरोप

**चेतन रामकिशन, संवाददाता**

**गजरौला**। हाइवे पर रविवार की रात के समय डीसीएम से कुचलकर हुई युवक की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक के पिता ने एक कारीगर व एक टैंट स्वामी पर बेटे के साथ मारपीट करके डीसीएम से कुचलवाकर हत्या करने का संदेह जताते हुए पुलिस को घटना को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया है। बता दें कि नगर के मोहल्ला जवाहरनगर निवासी कुलदीप सिंह पुत्र रामनाथ सिंह के अक्षित विश्नोई की रविवार की रात को होटल

**■ पिता ने एक कारीगर, एक टैंट हाउस स्वामी व उसके साथियों पर जताया संदेह**

पैराडाइज के सामने एक डीसीएम से कुचलकर मौत हो गई थी। लेकिन मृतक के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि यह घटना महज एक हादसा नहीं बल्कि एक सोची समझी साजिश थी। उनके द्वारा दी गई तहरीर के मुताबिक उनके बेटे के पास लगभग नौ बजे एक कारीगर का फोन आया, जिसने एक टैंट हाउस स्वामी के संबध में बातचीत की और नाईपुरा मिलने के लिये बुलाया।



जिसके बाद अक्षित विश्नोई अपने दो दोस्तों के साथ नाईपुरा पहुंच गया। आरोप है कि यहां पर कारीगर व टैंट हाउस स्वामी के भेजे गए लड़कों ने अक्षित को घेर लिया। एक स्कूटी पर सवार युवक ने पास में ही ढ़ाबे पर बैठे युवकों को आवाज देकर बुलाया। जिसके बाद सभी युवकों ने अक्षित विश्नोई को पीटना शुरू कर दिया और मारते मारते हाइवे किनारे ले गए, और पीछे से आ रही एक डीसीएम के सामने फेंक दिया। जिससे कुचलकर अक्षित की जान चली गई। पिता का आरोप है कि अक्षित के जो दोस्त उसके साथ गए थे, उन्होंने घटना के बारे में जानकारी दी। कुलदीप ने पुलिस को तहरीर देकर कारीगर, टैंट हाउस स्वामी व सभी हमलावरों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने उन्हें जांच करके कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# जमीन बेचने का झांसा देकर एक लाख ठगे

## कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**नासिर अली, ब्यूरो**

**अमरोहा**। जमीन बेचने का झांसा देकर 11 लाख रुपये हड़प लिए। बाद में जमीन किसी और को बेच दी। इतना ही नहीं किसान के रुपये लौटने से इनकार कर दिया। मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मुरादाबाद जिले के छजलैट थाना क्षेत्र में उमरी चौराहा निवासी अहसान के अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव मालीखेड़ा के रहने वाले टीकाराम से पारिवारिक संबंध थे। इस दौरान टीकाराम ने अपनी दो बीघा जमीन बेचने की बात कही। जिसके बदले में अहसान से 15 दिसंबर 2023 को अपने खाते में पांच लाख रुपये जमा करा लिए जबकि छह लाख रुपये नकद ले लिए। रुपये लेने के बाद टीकाराम में जमीन किसी दूसरे व्यक्ति को बेच दी और बाद में रुपये लौटाने से भी साफ इनकार कर दिया। 20 जनवरी 2025 की शाम अहसान किसी काम से अमरोहा शहर आए थे। आरोप है कि कांठ अड्डे पर टीकाराम मिल गया। मुलाकात होने पर अहसान ने अपने रुपयों का तकादा किया तो उसने जान से मारने की धमकी दी। मामले में अहसान ने पुलिस से शिकायत की लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। लिहाजा उन्होंने कोर्ट की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में टीकाराम के खिलाफ धोखाधड़ी व अमानत में ख्यानत के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## दुर्घटना में बाइक चालक घायल

**मंडी धनौरा**। बदायूं बिल्सी स्टेट हाईवे पर रोडवेज बस व मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गई। हादसे मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद बस चालक और परिचालक फरार हो गए। हादसा मंगलवार की सुबह हुआ जब हापुड़ डिपो की रोडवेज बस चांदपुर की दिशा से गजरौला की तरफ जा रही थी। बस जब स्टेट हाइवे किनारे स्थित गांव पत्थरकुटी के पास पहुंची तो सामने से आ रही बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार पुष्पेंद्र पुत्र तेजराम निवासी ग्राम पत्थर कुटी गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को निजी अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने रोडवेज बस को थाने भिजवा दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# रूकमणि क्लब ने एक विकेट से जीता मैच

## मैन आफ दि मैच बने कप्तान मौहम्मद कैफ

**नासिर अली, ब्यूरो**

**अमरोहा**। कप्तान मौहम्मद कैफ के आलराउंडर प्रदर्शन की बदौलत रूकमणि क्रिकेट एकेडमी ने मैच जीत लिया।

रूकमणि क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट में आज रूकमणि व स्प्रिंग फिल्ट के बीच मैच हुआ। टॉस जीतकर स्प्रिंग फिल्ट ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में सात विकेट खोकर 213 रन बनाये। टीम की ओर से आरिज आलम ने 68, नितिन ने 38 अयान ने 34 रन की पारी खेली। रूकमणि की ओर से कश्यप अरीब ने तीन-तीन, अरबाज खान व मोहम्मद कैफ ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रूकमणि क्रिकेट एकेडमी ने 39.5 ओवर में आठ



विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की ओर से कप्तान मौहम्मद कैफ ने 83, अरीब ने 40 व हर्ष ने 27 रन का स्कोर किया। स्पिंग्र फिल्अ की ओर से अक्ष्य ने चार, देव आर्य, नितिन सिंह व कृष्णा यादव ने 1-1 विकेट लिया। रूकमणि ने यह मुकाबला दो विकेट से जीत लिया। कप्तान मौहम्मद कैफ कैफ को मेन आफ दि मैच चुना गया। इस मौके पर सिद्धार्थ मलिक, कोच बदरूद्दीन सिद्दीकी, मोहम्मद हसीन, सोनू मलिक, तरूण चीमा, मोहम्मद हसीब आदि मौजूद रहे।



















## एक नजर

### तुर्क बिरादरी के होनहार छात्रों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। तुर्क फाउंडेशन की ओर से बिरादरी के होनहार छात्रों को सम्मानित किया गया। नगर के मेजबाजन बैंकेट हाल में तुर्क फाउंडेशन की ओर से कार्यक्रम हुआ। जिसमें हाल ही में रेडियोलोजिस्ट की डिग्री हासिल करने वाले डा. मुनीस आदिल, एमसीआई का टेस्ट उत्तीर्ण करने वाले डा. फखरूल हसन, एमएस आर्थोपेडिस्ट में चयनित तथा पुलिस कांस्टेबिल के पद पर चयनित मोहम्मद जमाल व मोहम्मद ताज व उनके परि. जनों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी अबुल कलाम, शिक्षक रूकने आलम, नजमुल हसन आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने जमीने से अवैध कब्जा हटवाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। डिडौली क्षेत्र में बरखेड़ा राजपूत क्षेत्र के हल्का लेखपाल मयंक चौधरी का आरोप है कि सोमवार को साजिद नाम के एक व्यक्ति ने रास्ते और कूड़ी की जमीन पर दीवार की चिनाई कराकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया। शिकायत के आधार पर लेखपाल ने पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर दीवार गिरवा दी। मामले में लेखपाल की ओर से गांव मुबारकपुर नूरी के रहने वाले साजिद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है

# प्राचीन ललिता देवी मंदिर पर श्रद्धालुओं ने माथा टेका



मंडी धनौरा। ललिता देवी मन्दिर पर उमड़े श्रद्धालु।

**चेतन रामकिशन,**

**गजरौला।** चैत्र मास के पहले मंगलवार को नगर के बस्ती स्थित मां ललिता देवी मंदिर के कपाट

### चैत्र माह के प्रथम मंगलवार को खुले कपाट

खुल गए। भक्तों ने यहां पर चुनरी, नारियल और प्रसाद चढ़ाकर मां से खुशहाली की कामना की। चैत्र माह के पहले मंगलवार को मां ललिता देवी मंदिर के कपाट खुलने के बाद श्रद्धालुओं ने नारियल, चुनरी, अनाज व फूल प्रसाद चढ़ा कर मां से सुखमय जीवन की कामना की। मंदिर परिसर में नन्हें मुन्ने बच्चों के मुंडन भी कराए गए। वहीं नव दंपति ने मां के दरबार में हाजरी लगा वैवाहिक जीवन के सुख समृद्धि की मन्नत की। यहां लगे मेले में से महिलाओं घर के लिये आवश्यक सामान व बच्चों के लिये खेल खिलौने खरीदे तो वहीं चांट पकौड़ी, गोलगप्पे और जलेबी का भी आनंद लिया। मंदिर के महंत ने बताया कि मां ललिता देवी का यह मंदिर बहुत प्राचीन है। यहां पर न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि सात राज्यों के श्रद्धालु मां की पूजा अर्चना करते आते हैं। यहां पर सच्चे दिल से मुराद मांगने वाले श्रद्धालुओं की झोलियां भर जाती हैं।

### सुरक्षा के लिहाज से मुस्तैद रही पुलिस

मां ललिता देवी मंदिर पर लगे मेले में पुलिस मुस्तैद रही, साथ ही सीसीटीवी के द्वारा भी मेले में नजर रखी गई। महिला पुलिस की जवान भी मुस्तैद रहीं।

# रिश्तेदार के साढ़े पांच लाख रुपये हड़पे

## कोर्ट के आदेश पर दम्पति समेत तीन पर रिपोर्ट

**नासिर अली, ब्यूरो**

**अमरोहा।** हरिद्वार में रहने वाले रिश्तेदार दंपति ने शहर निवासी चिकित्सक की पत्नी को जरूरत बताकर 5.60 लाख रुपये उधार ले लिए। वादे के मुताबिक तकादा करने पर आरोपियों ने रुपये लौटाने से मना कर दिया। इतना ही नहीं मिलना-जुलना और बातचीत करना भी बंद कर दिया। मामले में अदालत के आदेश पर पुलिस ने आरोपी दंपति समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

शहर कोतवाली क्षेत्र में पुराने रोडवेज (जयओम नगर) में बाबूराम गर्ग का परिवार रहता है। वह पेशे से चिकित्सक हैं। उनकी पत्नी गीता गर्ग का आरोप है कि हरिद्वार की आक. ाशदीप एनक्लेव ओम डिपार्टमेंट रुड़की रोड के रहने वाली रिश्तेदार रीता तायल और उसके पति रमन कुमार तायल से उनके अच्छे पारिवा. रिक संबंध थे। परेशानी बताते हुए दोनों ने रुपयों की जरूरत होने की बात कही। कुछ दिन में लौटाने का वादा किया। लिहाजा, पारिवारिक रिश्ते होने के कारण गीता गर्ग ने छह लाख रुपये 12 मार्च 2019 को रीता के खाते में ट्रांसफर कर दिए जबकि चार लाख रुपये रमन कुमार और रीता घर से नकद ले गए। दोनों ने तीन महीने में रुपये वापस करने की बात कही थी लेकिन बाद में आनाकानी शुरू कर दी। ज्यादा तकादा करने पर दोनों ने 4.40 लख रुपये वापस कर दिए लेकिन बकाया रुपया आज तक भी वापस नहीं किया। रुपये मांगने पर अभद्र व्यवहार किया। जान से मारने की धमकी तक दे दी। पीड़ित गीता गर्ग ने मामले की शिकायत पुलिस से की तो उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। लिहाजा उन्होंने अदालत की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में सीजेएम कोर्ट के आदेश पर रमन कुमार, उसकी पत्नी रीता तायल और दीप कमल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले में जांच पूरी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## घर में बैठे युवक को धुना

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** घर पर बैठे युवकों के साथ मारपीट हो गई शोर होने पर आरोपी युवक मोटरसाइकिल छोड़कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करायी हैं। गांव इब्राहिमपुर निवासी अमित कुमार का आरोप है कि वह अपने तेरे भाई सुनील के साथ घर पर बैठा था। तभी अचानक पट्टी खादर निवासी उदल सिंह, महिपाल सिंह, पुष्पेंद्र व सावेन्द्र अपने हाथों में लाठी डंडे तथा सरिया लेकर आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट में अमित और सुनील चोटिल हो गए। शोर होने पर आसपास के लोग आए और उन्होंने वमुश्किल बचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# रोड रोलर से टकराई ई-रिक्शा, चालक सहित तीन घायल

**चेनत रामकिशन,**

**गजरौला।** फौंदापुर मार्ग पर ई-रिक्शा सड़क पर खड़े रोड रोलर से टकरा गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक व सवार शिक्षिका व सीएचओ घायल हो गए। स्थानीय सीएचसी से दो घायलों को बेहतर उपचार के लिये हॉयर सेंटर रेफर किया गया है। बता दें कि जनपद बागपत निवासी शिक्षिका अंतिम रतनपुर गांव स्थित स्कूल से ई-रिक्शा से लौट रही थी। ई-रिक्शा में स्वास्थ्य विभाग की सीएचओ पूनम सिंह भी बैठीं थीं। बताते हैं कि जब ई-रिक्शा फौंदापुर गांव के पास पहुंची तभी किसी वाहन को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर एक रोड रोलर से टकरा गई। हादसे में



### घायलों में एक शिक्षिका व सीएचओ भी शामिल

ई-रिक्शा चालक उमेश निवासी गांव गंदू पाल थाना बछरायूं व शिक्षिका अंतिम व सीएचो पूनम सिंह घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिये नगर के साम. ुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। यहां से चिकित्सक ने फर्स्ट एड के बाद शिक्षिका व ई-रिक्शा चालक को हॉयर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर ई-रिक्शा चालक, सीएचओ व शिक्षिका के परिजन भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंच गए थे। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है, वहीं तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की बात कह रही है।

## खरीदारी को आए युवक की बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के गांव लिसड़ी खुर्द निवासी राजकुमार का आरोप है कि वह गांव कैसरा में बाजार से सामान खरीदने आया था वह अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर बाजार में सामान खरीदने चला गया तभी कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी मोटरसाइकिल को चुरा कर ले गया। जब वह बाजार से सामान लेकर वापस लौटा तो उसे मोटरसाइकिल नहीं मिली मोटरसाइकिल गायब देख उसके होश उड़ गए। राजकुमार ने आसपास मोटरसाइकिल की काफी तलाश की लेकिन मोटरसाइकिल नहीं मिली। राजकुमार ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया की राजकुमार की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### पुष्कर का कृषि मंत्रालय में हुआ चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** ब्लू वर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल से इंटरमीडिएट की परीक्षा पास करने वाले पुष्कर गिल का कृषि मंत्रालय में ऑडिटर के पद पर चयन हुआ है। पुष्कर गिल की इस सफलता से गांव में खुशी का माहौल है। उनके घर पर बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है। क्षेत्र के गांव कुआंखेड़ा निवासी पुष्कर गिल ने एसएससी की परीक्षा पास कर ली हैं। उनका चयन कृषि मंत्रालय में ऑडिटर के पद पर हुआ हैं। पुष्कर की सफलता पर परिजनों में खुशी का माहौल है। पुष्कर गिल के पिता संजीव कुमार शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल स्कूल हलपुरा के निदेशक हैं। जबकि माता रेखा देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री हैं। पुष्कर ने हाई स्कूल की परीक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय से वह इंटरमीडिएट की परीक्षा ब्लू वर्ष इंटरनेशनल स्कूल से पास की है स्नातक की पढ़ाई वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी से की।

### ट्युबवैल से पानी चलाने को मारापीट

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के गांव नांदनौर माफी में खेत में सरकारी ट्यूबेल से पानी चलाने को लेकर मारपीट हो गई। गांव निवासी राजकुमार का आरोप है कि मंगलवार की सुबह वह अपने खेत में सरकारी ट्यूवेल से पानी चला रहा था तभी पड़ोस के खेत में लगी ट्यूबवेल के मालिक नेपाली चलने को मना कर दिया और सरकारी ट्यूबवेल बंद कर दिया। राजकुमार ने इसका विरोध किया तो गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। बीच बाजार में आई राजकुमार की भाभी बबीता के साथ भी मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। राजकुमार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### युवक को घर से ले जाकर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** युवक को घर से ले जाकर मारपीट करने वह जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव सैरकपुर निवासी ओमकार का आरोप है कि उनके 21 वर्षीय पुत्र पुनीत को बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव इंदरपुर निवासी लोकेश, मोनू व इनके बहनोई हप्पू घर से बुलाकर ले गए। मलकपुर पुल के पास मारपीट करके गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। ओमकार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

### पिता-पुत्र से मारपीट में रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** पिता पुत्र के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। थाना क्षेत्र के गांव वासी मुस्तकाम निवासी गजेंद्र पुत्र नानक का आरोप है वह अपने घर की तरफ जा रहा था तभी रास्ते में गांव के ही धाम पुत्र सुरेश बनते पुत्र कलवा ने शराब के नशे में गाली गलौज की गजेंद्र ने उसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट कर दी बीच बाजार में आया गजेंद्र का पुत्र सत्यम भी चोटिल हो गया। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### बाजार जा रहे युवक से मारपीट में मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** होली के दिन घर से बाजार जा रहे युवक से मारपीट हो गयी मारपीट में घायल युवक ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करायी हैं। नगर के मोहल्ला शिवपुरी निवासी अन्नू पुत्र अनिल का आरोपी हैं कि होली के दिन वह घर से बाजार जा रहा था इस दौरान मोहल्ले के ही रहने वाले भोले पुत्र हरकेश, अंशुल पुत्र अमरजीत रास्ते में रोक कर गालियां देने लगे गाली गलौज का विरोध किया तो लाठी डंडों से मारपीट कर दी जिसमें वह चोटिल हो गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### गाली गलौच का विरोध करने पर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** गाली गलौज का विरोध करना युवक को भारी पड़ गया विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट हो गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी हैं। नगर के मोहल्ला अट्टा निवासी प्रदीप कुमार का आरोप है कि अंकित पुत्र चेतराम निवासी मोहल्ला अट्टा, संजीव, कविंद्र व अजय निवासी मोहल्ला सुभाष नगर ने शराब के नशे में उसके साथ गाली गलौज की प्रदीप ने विरोध किया तो उन्होंने लाठी डंडों से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि प्रदीप की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### युवक पर बरसाए लाठी-डंडे

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** सड़क किनारे खड़े युवक के साथ लाठी डंडों से मारपीट करने में जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज हुई है। नगर के मोहल्ला चामुंडा निवासी चंद्रपाल सिंह पुत्र कैलाश सिंह का आरोप है कि वह कलाली चुंगी के पास खड़ा था तभी थाना रजबपुर के गांव राजजेपुर की मंढिया निवासी हेमराज अपने दो अज्ञात साथियों के साथ वहां आया और उसके साथ लाठी डंडों व बेल्टों से मारपीट कर दी, गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### युवक की बाइक चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** रेलवे फाटक के पास खड़ी बाइक चोरी कर ली गई है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव वाजिदपुर निवासी राजीव कुमार बीती दस मार्च को गांव चक्कालीलेट के पास से शराब लेने गए थे। इस दौरान उन्होंने अपनी बाइक रेलवे फाटक बंद होने के कारण ट्रैक के दक्षिण दिशा में खड़ी की थी। कुछ देर में वह वापस लौटे तो बाइक गायब थी। काफी तलाश करने पर भी कुछ पता नहीं चला। लिहाजा, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

# भात लेकर आए ग्रामीणों को पीटा, रिपोर्ट

## कार में तोड़फोड़ का भी आरोप

**सुमित अग्रवाल, संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के गांव मिठनपुर में भात लेकर पहुंचे ग्रामीणों के साथ मारपीट हो गयी। विवाद गाड़ी हटाने को लेकर शुरू हुआ जो गालीगलौज से मारपीट तक पहुंच गया। इतना ही नही जान से मारने की धमकी देते हुए गाड़ी में तोड़फोड़ करने का भी आरोप हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की हैं।

थाना नौगांव सादात के गांव भागलपुर इमा निवासी राहुल पुत्र थान सिंह का आरोप है कि सोमवार को वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ गांव मिथुनपुर में ओमप्रकाश सैनी के घर भारत लेकर आए थे इस दौरान गाड़ी हटाने को लेकर गांव के अमित के साथ मारपीट और कहासुनी हो गई। इस बात को लेकर अमित ने अपने अज्ञात साथियों के साथ राहुल के परिवार के अरविंद, अमन, सोमपाल, बालवीरी, मोनू के साथ भी मारपीट कर दी। जान से मारने की धमकी देते हुए गाड़ी का शीशा भी तोड़ दिया। राहुल ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। खाना बनवाने निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि भारत लेकर पहुंचे ग्रामीणों के साथ मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही हैं।

# शिक्षिका के साथ हुई लूट का खुलासा नहीं

**आरिफ खान, संवाददाता**

**हसनपुर।** भाजपा नेता की शिक्षिका पत्नी के साथ हुई लूट का पुलिस 9 दिन बीत जाने के बाद भी खुलासा नहीं कर पाई है।

नगर के मुहल्ला होली वाला निवासी भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुरमित गुप्ता एडवोकेट की पत्नी के साथ 9 मार्च की शाम को गाजुला हसनपुर मार्ग पर एक वाहन में बदमाशों ने लूट कर ली थी भाजपा नेता की शिक्षिका पत्नी रेशु गुप्ता दो बेटियों के साथ अपनी दो बेटियों के साथ गजरौला जाने के लिए ब्लॉक तिराहे पर खड़ी थी। इको सवारों ने लिफ्ट देकर दीपपुर गेट के समीप 18000 रुपए की नगदी सोने चांदी के आभूषणों को लूट लिया था। उसके बाद बदमाश भाजपा नेता की पत्नी व उनकी दोनों बेटियों को उतार कर फरार हो गये थे। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस को अज्ञात के खिलाफ तहसील दे दी गई थी। पुलिस ने वारदात को चोरी में दर्ज कर लिया था। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सीओ को ज्ञापन देकर लूट का जल्द खुलासा करने की मांग की थी। लेकिन 9 दिन भी जाने के बाद भी अभी पुलिस लूट का खुलासा करना तो दूर अभी ठीक से बदमाशों का क्लू भी नहीं लगा पाई है।

# पिता को लगाया गुलाल तो लाठी-डंडों से पीटा

## भाई व भाभी पर लगाया आरोप

**सुमित अग्रवाल, संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** होली के त्योहार पर परिवार के साथ होली मिलने पहुंचे युवक ने अपने पिता को गुलाल लगाया तो उसके भाई वह भाभी ने उसके साथ मारपीट कर दी। मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

थाना क्षेत्र के गांव मोहसिनपुर उर्फ देवीपुरा निवासी अजीत उर्फ भूरे पुत्र संतराम हाल में गजरौला में रहकर मजदूरी का काम करता है। होली के दिन वह अपने गांव मौसनपुर में परिवार से होली मिलने गया था। आप है कि जब उसने अपने पिता के गुलाल लगाया तो इस बात पर उसके भाई मेहर सिंह, सत्य प्रकाश, भाभी सविता व पिता संतराम ने लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। जिसमें अजीत चोटिल हो गया। शोर सुनकर गांव के लोग आ गए जिन्होंने अजीत को बचाया। अजीत ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# गोली लगने से युवक की दो उंगलियां उड़ीं

## अंटी से तमंचा निकालते हुआ फायर

**नारि अली, ब्यूरो**

**अमरोहा।** अंटी से तमंचा निक. ालते अचानक गोली चल गयी। गोली युवक के दूसरे हाथ में लगी। जिससे उसकी दो उंगलियां वहीं जमीन पर गिर गयीं। घायल युवक अपनी बाइक से मौके से भागने में सफल रहा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायल युवक की सुरागरशी शुरू कर दी है।

मामला नौगावां सादात थाना क्षेत्र में खेड़ा अपरौला अड्डे का है। बताया जा रहा है कि मंगलवार दोपहर करीब दो बजे अड्डे पर रोजाना की तरह लोगों की चहल-पहल थी। उसी दौरान एक बाइक सवार युवक वहां पहुंचता है। काले रंग का कुर्ता पायजामा पहने युवक ने अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी। बाइक से उतर कर वह पास में ही स्थित एक दुकान की तरफ तीन चार कदम आगे बढ़ा और अचानक उसने अपनी अंटी से तमंचा निकाला तो ट्रिगर दब गया। फायर हुआ तो गोली युवक के ही दूसरे हाथ में लगी। उसके जख्मी हाथ की दो उंगलियां वहीं जमीन पर गिर गई। साथ ही कुछ छर्रे पास ही स्थित मकान के फाटक पर लगे। अचानक फायर हुआ तो लोग सकपका गए। दुकानदार बाहर निकले तो देखा तो एक युवक का हाथ खून से लथपथ था। इससे पहले लोग उसे रोक कर पूछताछ करते वह बाइक स्टार्ट कर वहां से चला गया। थोडी ही देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। सारी घटना एक दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मामले में गांव के ही अहसान की तहरीर पर अज्ञात युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपी का जल्दी ही पता लगा लिया जाएगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लगी जंगल में आग

**नासिर अली, ब्यूरो**

**अमरोहा।** संदिग्ध परिस्थितियों में जंगल में आग लग गई। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने के कारण पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घटना नौगावां सादात मार्ग स्थित किसान इंटर कॉलेज बादशाहपुर के पास गांव बिजरा तारापुर के जंगल की है। जमीन में बड़ी संख्या में पेड़ पौधे और घनी झाड़ियां खड़ी हैं। सोमवार देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में जंगल में अचानक आग लग गई। थोड़ी देर में ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची। जंगल में पेड़ होने के कारण गाड़ी भीतर नहीं जा सकी। लिहाजा, पुलिस और ग्रामीणों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस आग लगने का कारण पता लगा रही है।

## न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

# फैक्ट्री स्वामी व चार बेटों पर चोरी की रिपोर्ट

**नासिर अली, ब्यूरो**

**अमरोहा।** घर से सोने-चांदी के जेवरात व अन्य कीमती सामान चोरी करने के मामले में फैक्ट्री स्वामी के अलावा उनके चार बेटों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई के बाद पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। मामला भाईयों के बीच फैक्ट्री की संपति को लेकर विवाद का है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के कस्बा चौधरपुर में कारोबारी अब्दुल बासित का परिवार रहता है। उनका आरोप है कि 24 दिसंबर 2024 को वह अपने भाई अब्दुल वसीम और परिवार के सदस्यों के साथ फैक्ट्री परिसर में बने मकान में ताला लगाकर कुछ दिन के लिए दिल्ली चले गए थे। दो जनवरी को वह घर आए तो सुरक्षा गार्ड ने उन्हें अंदर घुसने नहीं दिया। अगले दिन भाई अब्दुल वसीम और परिवार के सदस्यों के साथ घर पहुंचे तो पता चला कि उनके तीसरे भाई अब्दुल अजीम ने अपने चार बेटों के साथ मिलकर घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात, रिवाल्वर, हीरे की ज्वैलरी, 25 लाख रुपये और बैंक लॉकर की चाबी व अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। दोनों भाइयों के घर में रखे सामान की कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक है। इस दौरान पुलिस की मौजूदगी में परिवार के लोग घरों के भीतर पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। मामले में पीड़ित अब्दुल बासित ने कोर्ट की शरण ली थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में अब्दुल अजीम, अब्दुल हादी, अब्दुल हई, अब्दुल रब तथा अब्दुल सबूर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। पूर्व में भी इसी संबंध में एक और मुकदमा दर्ज कराया था। जांच के बाद ही मामले ने अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## कम्पोजिट विद्यालय में लगवाया फ्रिज



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** आईडीबीआई बैंक की ओर से कम्पोजिट विद्यालय में फ्रिज लगाया गया। कैलास मार्ग स्थित गांव पचोकरा के कम्पोजिट विद्यालय में बैंक के शाखा प्रबंधक प्रकाशचंद पांडेय व फील्ड आफिसर गगन यादव व अनूप सिंह ने यहां वोल्टास कम्पनी का फ्रिज लगाया ताकि छोटे बच्चों को गर्मी के मौसम में शीतल जल मिल सके। इस अवसर पर विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वैलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष शाहनवाज अली सैफी, खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचंद, शीशपाल सिंह, मुसर्रत जहां, इकबाल जहां, चंचल पाल, नूर अफशा सैफी, सीमा रानी, रजनी देवी, गजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रधान पर गोली चलाने का आरोप

## तहरीर देकर कार्रवाई की मांग

**नासिर अली, ब्यूरो**

**अमरोहा।** ग्राम प्रधान पर किसी ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। हमले में वह बाल-बाल बच गए। पीड़ित ग्राम प्रधान ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव नाजरपुर कलां निवासी राकेश कुमार वर्तमान में ग्राम प्रधान है। सोमवार को वह कताई मील से गांव अव्वलपुर के रास्ते घर वापस लौट रहे थे। आरोप है कि जैसे ही वह अव्वलपुर और नाजरपुर कलां के बीच तालाब के पास पहुंचे तभी किसी ने उन पर फायरिंग कर दी। गोली उनकी कार में लगी। हमले में वह बाल-बाल बच गए। थोड़ी देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसके बाद पीड़ित ग्राम प्रधान ग्रामीणों के साथ थाने पहुंचे और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले में जांच के बाद कार्रवाई की बात कही।

# मेले में झूले, मौत का कुआं व लजीज व्यंजनों का लिया आनन्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** क्षेत्र के गांव पूरनपुर में लगे मेले में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। तरह-तरह के झूले, मौत का कुंआ व लजीज व्यंजनों का आनंद लिया। पूरा मेला परिसर लोगों से भरा रहा। झूले, सर्कस, जादू व लगभग जरूरी सामान की दुकानों पर लोगों की भीड़ रही। मेले में सजी दुकानों में लोगों की जरूरत का लगभग हर सामान उपलब्ध था। गौरतलब है कि गांव में मेला हर साल होली पर्व के बाद आने वाले पहले मंगलवार से लगता है। जिसका आज जिपं सदस्य पति अब्दुल सत्तार व ग्राम प्रधान सतवीर सिंह ने शुभारंभ किया। यहां हिन्दू-मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्रित होकर प्रसाद चढ़ाते हैं और मन्नत मांगते हैं। मेले में सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए हैं। इस अवसर पर लोकेश, सुशील, राजेन्द्र, कामेंद्र, राहुल, राजवीर, नरेंद्र सिंह, विजेन्द्र, बुद्ध सिंह, पतराम सिंह आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की हुई मौत





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं ।** मेरठ हाईवे पर गांव खन्दक के पास एक दुर्घटना में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान राजकुमार के रूप में हुई है, जो सिलहरी कलान तहसील जलालाबाद का रहने वाला है। घटना रात करीब 11:00 की है। राजकुमार सहसवान से बदायूं की ओर बाइक से जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे थे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही फरार वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी है ।

# मारुति वैन ने डग्गामार वाहन को मारी टक्कर ,तीन लोग हुए घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बिसौली क्षेत्र के गांव रानेट के पास बने पुल क्षतिग्रस्त होने से लगातार घटनाएं सामने आ रही है इससे पूर्व भी गांव निजरा में यात्रियों से भरी बस पलट गई थी ।

जिसमें भारी संख्या में लोग घायल हुए थे और आज भी एक हादसे का मामला सामने आया है जिसमें मारुति वैन ने डग्गामार वाहन टैम्पू को मारी जोरदार टक्कर जिसमें टेंपो में बैठी लगभग दर्जन भर सवारी जिसमें तीन लोग गंभीर रूप सा घायल हो गए हादसे की सूचना पर जमा हुए लोगों ने बैन चालक को पकडकर पुलिस को सोपा,हम आपको बता दें ।

कि उघैती थाना क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी शाहिद पुत्र छोटे इस्लामनगर से बिसौली के लिए सवारी वाला टेंपो चलाता है जोकि हर दिन के भांति आज भी इस्लामनगर से सवारी भरकर बिसौली जा रहा था तभी साहनपुर गांव में सामने से आ रहे बैन सवार ने टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी टेंपो में बैठी लगभग 9 सवारी जिसमें गौरव पुत्र प्रमोद निवासी करनपुर थाना उघैती , किशनवीर, रामअवतार निवासी ग्राम रानेट थाना बिसौली गंभीर रूप से घायल हो गए व अन्य लोगों को मामूली चोट आई है सूचना पर दौड़े आसपास के लोगों ने बचाव राहत कार्य के शुरू कर दिया तभी बिसौली थाना पुलिस को सूचना दी गई सूचना पर पहुंची थाना पुलिस व एंबुलेंस 108 ने घायलों को बिसौली साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया जहाँ घायलों का प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया तथा घायल गौरव पुत्र प्रमोद की गंभीर अवस्था को देखते हुए बदायूं जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया ।

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा हटवाने को एसडीएम को दिया ज्ञापन

**आतिफ निसार ,शाह टाइम्स**

**सहसवान।** सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा हटवाए जाने की मांग को लेकर सैकड़ों लोगों ने एसडीएम प्रेमपाल सिंह को दिया।



शिकायती पत्र नगर के मुहल्ला अकबराबाद के सैकड़ों लोगों के हस्ताक्षरित पत्र में कहा कि उनके मुहल्ले के पास गाटा संख्या 415 ग्राम समाज की भूमि है ये भूमि चकबंदी प्रक्रिया के दौरान छोड़ी गई थी समाज के लोग इस स्थान पर पूर्व से दसवां संस्कार का कार्य करते चले आ रहे हैं इस भूमि को कुछ लोगों ने अपने खेत में मिला कर अवैध कब्जा कर लिया है मुहल्ले के लोगों ने इसका विरोध किया तो उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है शिकायतकर्ताओं ने भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने और कब्जेदारों के विरुद्ध कार्रवाई कराए जाने की मांग की है इस मौके पर श्यामबाबू सक्सेना, अनेकपाल सिंह, सुरेश चन्द्र सक्सेना, बंटी प्रजापति, पिंटू ठाकुर, संदीप सक्सेना, महेन्द्र कुमार, योगेश कुमार, सन्नी सक्सेना, प्रशांत जौहरी, शिवम कश्यप, आदि लोग मौजूद रहे।

# ग्राम प्रधान एवं सचिवों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** पंचायत विकास सूचकांक के विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन विकास खंड बिसौली के सभागार में संपन्न किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ ए ० डी० ओ० पंचायत धनंजय सक्सेना एवं राज्य प्रशिक्षक रूपेंद्र पटेल तथा कृष्णा चौहान के द्वारा किया गया ।

इस मौके पर ग्राम प्रधान, सचिव गण के लिए सतत विकास लक्ष्य तथा पी०डी० आई० ( पंचायत विकास सूचकांक )के बारे में विस्तार से बताया गया । इस मौके पर मास्टर ट्रेनर अमरीश पटेल , विकास सिंह ,राजेश कुमार सक्सेना एवं अंजली सिंह के द्वारा जानकारी दी गई । गरीबी मुक्त पंचायत पर कृष्णा चौहान द्वारा विस्तार से चर्चा की गई ।यह प्रशिक्षण पंचायती राज विभाग बरेली मंडल के आदरणीय उपनिदेशक महोदय के निर्देशन में कराया जा रहा है । इस मौके पर ग्राम प्रधानों में वीरपाल ,सीमा देवी , भूरेलाल, विनीता देवी, रीता रानी , जितेंद्र प्रताप, प्रिया पाल ,पूजा पाल ,प्रशांत कुमार आदि प्रतिभागी मौजूद रहे ।

# शिक्षक द्वारा छात्रों की मारपीट के मामले में हुई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला डल्लू स्थित एक निजी स्कूल के शिक्षक द्वारा बीती 12 मार्च को दो छात्रों के साथ बेरहमी से की गई पिटाई के मामले में पुलिस ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। ज्ञात रहे कि क्षेत्र के गांव खैरी निवासी नसतइन पत्नी शाहिद ने आरोप लगाते हुए बताया क्षेत्र के नगला डल्लू स्थित स्कूल में उनके दो पुत्र जीशान और मेहरबान पढ़ते हैं। बीती 12 मार्च को उक्त विद्यालय के एक शिक्षक ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए बेहरमी से मारपीट कर दी। जिससे उनके शरीर पर चोट आई। जिसके बाद पीड़िता ने इसको लेकर तहरीर कोतवाली पुलिस को दी, परंतु पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके बाद पीड़िता ने इसका प्रार्थना सीओ बिल्सी को दिया। जिसके बाद उनके आदेश पर पुलिस ने इसकी रिपोर्ट दर्ज कर उक्त प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

कोतवाल राजेंद्र सिंह पुंडीर ने बताया नगला डल्लू स्थित एक निजी स्कूल के शिक्षक के खिलाफ मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# एक ही गांव के दो पक्षों में हुआ झगड़ा छह लोग हुए घायल ,जिला अस्पताल रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** मंगलवार को बिसौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दो पक्षों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया जिसमें एक ही पक्ष के 6 लोग हुए घायल बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को बदायूं जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया । हम आपको बता दें कि जनपद बदायूं के बिसौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम



पाठकपुर गांव के रहने वाले धर्मपाल ने बताया कि गांव के कुछ लोगों ने रविवार को झगड़ा किया गया था जिसमें एक युवक घायल भी हुआ था जिसे देखने गोवरा गॉव के रिस्तेदार आये हुए थे तभी आज उन्हीं आरो. पियों ने रिस्तेदारों सहित 6 लोगों को मारकर घायल कर दिया । जहाँ घायलों को एम्बूलेश द्वारा बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है ।

डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया है । पीडिता नेमवती पत्नि नरवेश निवासी पाठक पुर ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है । पुलिस मामले की जॉच में जुटी है।

# दो बाकीदार किसानों की भूमि कुर्क



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** तहसील की राजस्व टीम ने मंगलवार को चलाए गए अभियान में क्षेत्र के दो बाकीदारों द्वारा बैंक की बकाया अदा न करने पर उनकी जमीन को कुर्क करने की कार्रवाई की गई। टीम की इस कार्रवाई से बाकीदारों में खासा हड़कंप मच गया है। नायब तहसीलदार बदन सिंह यादव ने बताया कि इन दिनों राजस्व वसूली को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक बकाया राशि की वसूली हो सके। नायब तहस. ीलदार बदन सिंह ने बताया मंगलवार को क्षेत्र के गांव मुजरिया निवासी किसान मोहर सिंह एवं वसावनपुर के गंगाराम पर बैंक ऑफ बडौध्दा की करीब 10-10 लाख रुपए बकाया धनराशि निकल रही है। जिसको लेकर कई बार बैंक द्वारा नोटिस भी दिए गए। मगर दोनों किसानों ने बकाया राशि को अदा नहीं किया। जिसपर आज दोनों बकायदारों की जमीन कुर्क की गई। इसके अलावा मुजरिया चौराहे पर स्थित जिला पंचायत की दुकानों के किराएदार हरवीर सिंह पर 60 हजार, सत्यराम पर एक लाख 11 हजार, सुरेंद्र सिंह पर 94 हजार और राधेश्याम पर एक लाख पांच हजार किराया जमा नहीं किए जाने पर एक सप्ताह का नोटिस दिया है। उसके बाद कार्रवाई की जाएगी। टीम में इस दौरान अमीन अशोक कुमार, आयेंद्र कुमार सिंह, हरपाल और बैंक के अधिकारी मौजूद रहे।

# भेड़ व बकरी पालन हेतु सरकार दे रही अनुदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उ0प्र0 सरकार प्रदेश में रोजगार वृद्धि करने के लिये बकरी/भेड पालन को बढ़ावा दे रही है। इसके लिये सरकार लोगों को बकरी/भेड़ पालन के लिये सब्सिडी देते हुए प्रोत्साहित कर रही है। भेड़ बकरी पालन योजनान्तर्गत कोई भी व्यक्ति लाभ ले सकता है। किसानों द्वारा पशुपालन कर अपनी आय दो गुनी की जा सकती है। विशेष कर कम लागत और कम श्रम से बकरी/भेड़ पालन लाभकारी है। भारत में बकरे की मांस की काफी मांग है। घरेलू बाजार में भी इसकी बहुत माँग है। अधिक आर्थिक लाभ के कारण बकरी/भेड़ पालन एक अच्छा व्यवसाय है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पशुपालन को बढ़ावा देते हुये पशुपालकों को अनुदान सहित कई सुविधायें दे रही है। प्रदेश के जनपद इटावा में भेड़ एवं बकरी पालन प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की गयी है। यह प्रशिक्षण केन्द्र प्रदेश में प्रथम स्थापित किया गया है। जनपद इटावा में राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत रू0425 लाख की लागत से यह केन्द्र निर्मित किया गया है। इस केन्द्र में 1200 बकरी/भेड़ पालकों/इच्छुक व्यक्तियों को वैज्ञानिक तरीकों से व्यावसायिक भेड़ एवं बकरी पालन का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसमें 30 आवासीय एवं 10 अनावसीय प्रशिक्षणार्थियों को एक बार में 5 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण दिये जाने की सुविधा है। इस वर्ष दिसम्बर 2024 तक लगभग 700 लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया है। भेड़ एवं बकरी पालन प्रशिक्षण केन्द्र इटावा में भेड़ बकरी पालकों/पालन हेतु इच्छुक व्यक्तियों को नवीनतम तकनीक एवं आर्गेनिक विधि (इन्सेक्टीसाइड एवं एन्टीबायोटिक मुक्त) से भेड़ एवं बकरी पालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षणार्थियों को बकरियों में कृत्रिम गर्भाधान की उपयोगिता की जानकारी देकर दुग्ध एवं मांस उत्पादकता में सुधार कर भेड़ एवं बकरी पालकों की आय में वृद्धि किया जा रहा है। प्रशिक्षणार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप दुग्ध एवं मांस के उत्पादन एवं सुव्यवस्थित विपणन की जानकारी दी जाती है। भेड़ एवं बकरी पालन के क्षेत्र में रोजगार सृजन कर भेड़ एवं बकरी पालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार किया जा रहा है। उद्यमिता विकास एवं कृषक संगठनों की महव्ा को दृष्टिगत रखते हुए भेड़ एवं बकरी पालकों/पालन हेतु इच्छुक व्यक्तियों को व्यावसयिक स्तर पर भेड़ एवं बकरी पालन हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। बकरी पालन योजनान्तर्गत प्रति बकरी इकाई (01 नर, 05 मादा बकरियां) उपलब्ध करायी जाती हैं। प्रति इकाई लागत रू045000/- है। जिसमें 90 प्रतिशत अनुदान स्वरूप रू0 40,500/- एवं 10 प्रतिशत रू04,500/- लाभार्थी द्वारा वहन किया जाता है। विव्ीय वर्ष 2024-25 में 739 बकरी पालन इकाइयों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो पूर्ण किया जा रहा है। बकरियों में कृत्रिम गर्भाधान के प्रथम चरण 2023-24 में 35 जनपदों में 490 केन्द्रों के माध्यम से बकरियों में कृत्रिम गर्भाधान किये जाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। अद्यतन माह नवम्बर, 2024 तक 11,025 लक्ष्य के सापेक्ष 4,148 कृत्रिम गर्भाधान किया जा चुका है। उक्त कार्य हेतु अद्यतन 714 प0चि0अ0/प0प्र0अ0/पैरावेट को प्रशिक्षित किये जा चुके है। भेड़ पालन योजनान्तर्गत प्रति भेड़ इकाई (01 नर, 20 मादा भेड़) उपलब्ध करायी जाती हैं। प्रति इकाई लागत रू0 1,70,000/- है। जिसमें 90 प्रतिशत अनुदान स्वरूप रू0 1,53,000/- एवं 10 प्रतिशत रू017,000 लाभार्थी द्वारा वहन किया जायेगा। भेड़ पालन के क्षत्र में 38 जनपदों में वर्ष 2023-24 में 221 भेड़ इकाईयों की स्थापना कर रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। वर्ष 2024-25 हेतु 225 भेड़ पालन इकाईयों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो प्रगति पर है।

प्रदेश के भेड़ पालकों को उव्ाराखण्ड राज्य से 250 रेमबुले नस्ल के उन्नत मेढ़े पूर्व चयनित 11 जनपदों में उपलब्ध कराया जा रहा है। चयनित जिलों में से 09 जनपदों में 190 मेढ़ों को उव्ाराखंड राज्य से प्राप्त कर चयनित लाभार्थियों को वितरित किया गया है। जनपद इटावा में भेड़ एवं बकरी पालकोंको 05 दिवसीय भेड़ एवं बकरी पालन प्रशिक्षण नि:शुल्क प्रदान किया जाता है। वर्ष 2024-25 हेतु 1200 भेड़ एवं बकरी पालन प्रशिक्षण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसमें लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त कर लाभार्थी उच्च गुणवत्ता की नस्ल सुधार कर ऊन उत्पादन को बढ़ा सकते है जिससे पालकों को ऊन का उचित मूल्य मिल सकें। पशुपालकों से खादी एवं ग्राम्य उद्योग द्वारा पशुपालन विभाग के सहयोग से ऊन क्रय किये जाने की व्यवस्था है।

# अपने कर्तव्यों के प्रति छात्राएं हों जागरूक :एडीजे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं ।** जनपद में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारम्भ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं शिव कुमारी की अध्यक्षता में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर मार्त्यापण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी , महिला अधिकारों व संबंधित अधिनियमों की जानकारी के साथ-साथ आगामी 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में भी जागरूक किया गया। कार्यकम के प्रारम्भ में एल०ए०डी०सी०एस०/जि०वि० से०प्रा०, बदायूं, की असिस्टेन्ट, सुश्री कशिश सक्सेना, द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं के विधिक अधिकारों से सम्बन्धित एवं 3 नये कानूनों के वारे में एवं भारतीय संबिधान में वर्णित अनुच्छेद-14 व 15 पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया इसके अतिरिक्त धारा-12 के वारे में महिलाओं को घरेलू हिंसा से सम्बन्धित व एस०सी०/एस०टी० एवं किसी भी जाति की महिला एवं बच्चों आदि कैटागिरी जो पात्रता की श्रेणी में आते हैं उनको नि:शुल्क अधिवक्ता भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूं से दिये जाते हैं साथ ही नालसा स्कीम व महिलाओं के साथ हो रहे विभिन्न प्रकार के



अत्याचार से सम्बन्धित भी विस्तार पूर्वक जानकरी प्रदान की गयी। केन्द्र प्रबन्धक वन स्टॉप सेन्टर, बदायूं, प्रतीक्षा मिश्रा, द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्राओं को जिला महिला चिकित्सालय बदायूं में संचालित वन स्टॉप सेन्टर के कियान्वयन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन), न्यायालय संख्या-2, बदायूँ, सुश्री सदफ इमरान द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्राओं को जागरूक करते हुए इन्टरनेट का सही उपयोग करना चाहिए, इसके अतिरिक्त गुड टच, बैड टच के वारे में भी बालिक. ाओं को जागरूक किया। एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न प्रकार की स्कीमों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। उक्त शिविर में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं, श्रीमती शिव कुमारी द्वारा अपने वक्तव्य में बताया कि छात्राओं को शिक्षित होना चाहिये व अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना चाहिये। इसके अतिरिक्त लड़कियां एक घर को ही नहीं अपितु दो-दो घरों को रोशन करती है तथा उन्हें अच्छी शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये साथ ही लड़कों को भी अच्छी सोच और पढ़ाई पर अधिक ध्यान देना चाहिए एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों आदि तथा नि:शुल्क विधिक सहायता हेतु विधिक जानकारी दी गयी इसके अतिरिक्त उनके द्वारा स्त्री-पुरुष सामानता सम्बन्धित प्रावधानों एवं महिलाओं की सुरक्षा एवं कल्याण सम्बन्धित विधिक प्रावधानों को विस्तृत रूप में बताया गया। एवं दिनांक 10. 05.2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलह समझौते के आधार पर अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं। इसके उपरान्त शिविर के अध्यक्ष की अनुमति से उक्त शिविर का समापन किया गया।

## एक नजर

### ई-लॉटरी के माध्यम से व्यवस्थापन की प्रक्रिया निर्धारित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** कलेक्टर/लाइसेंस प्राधिकारी निधि श्रीवास्तव ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की आबकारी नीति विषयक शासनादेश एवं आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के अर्द्धशासकीय पत्र के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया है कि जनपद बदायूँ में वर्ष 2025-26 हेतु प्रथम चरण वी ई-लॉटरी के पश्चात् अवशेष अव्यवस्थित देशी मदिरा दुकान अर्सिस (शॉप आईडी0-13390) कुल 01 दुकान का ई-लॉटरी के माध्यम से व्यवस्थापन की प्रक्रिया निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि ई-लॉटरी हेतु ऑन लाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत करने, आवेदन करने एवं प्रोसेंसिग फीस का भुगतान 17 मार्च 2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे से 23 मार्च 2025 को सायं 05:00 बजे तक किया जाएगा।

द्वितीय चरण की ई-लॉटरी 27 मार्च 2025 समय पूर्वान्ह 11:00 बजे से समाप्ति तक कलेक्ट्रेट सभागार में होगी तथा 02 अप्रैल 2025 को सांय 06:00 बजे तक द्वितीय चरण के आवंटियों द्वारा देयताओं को जमा किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि ई-लाटरी हेतु आवेदन पत्र ई-लॉटरी पोर्टल https%@@eñciseelotteryup-upsdc-gov-पद पर ऑनलाइन आमंत्रित किये जाते हैं। जनपद बदायूँ में देशी मदिरा की फुटकर बिकी की दुकान अर्सिस (शॉप आई0डी0-13390) का आवंटन ई-लाटरी के माध्यम से प्राप्त करने के इच्छुक एवं अर्ह आवेदक जनपद की उक्त दुकान का आवश्यक विवरण एवं शर्ते जनपद की वेबसाइट www-budaun-nic-पद तथा ई-लाटरी पोर्टल https% @@eñciseelotteryup-upsdc-gov-पद पर देखी जा सकती है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

### 19 मार्च को होगा किसान दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उप कृषि निदेशक ने जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किसान दिवस पूर्व की भांति विकास भवन सभागार में माह के तृतीय बुधवार 19 मार्च 2025 को पूर्वान्ह 12:00 बजे से आयोजित किया जायेगा, जिसमें जनपद के समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु उपस्थित रहेगें।

# 31 मार्च तक ही मान्य होगा भौतिक गैर-न्यायिक स्टाम्प पत्रों का प्रयोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** वरिष्ठ कोषाधिकारी विकास चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा प्रदेश के कोषागारों में उपलब्ध रू0 10000 से रू0 25000 तक मूल्यवर्ग के भौतिक गैर न्यायिक स्टाम्प पत्रों को निष्प्रयोज्य व चलन से बाहर घोषित किये ।

जाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि इसके अनुपालन में अधिसूचना 11 मार्च 2025 से पूर्व कोषागार बदायूं से क्रय व खरीदे गये रू0 10000 से रू0 25000 तक के मूल्यवर्ग के भौतिक गैर-न्यायिक स्टाम्प पत्रों का प्रयोग तथा वापसी 31 मार्च 2025 तक ही विधिमान्य होगा

# योग टीम संस्था के योगाचार्य गिरधारी लाल व उनके सदस्यों ने 20 टीबी के मरीजों को लिया गोद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं ।** योग टीम संस्था के योगाचार्य गिरधारी लाल एवं उनके सदस्यों द्वारा 20 टी बी के मरीजों को गोद लिया गया ।

गोद लिए गए सभी टी बी के मरीजों को दूसरी पोषण पोटली उपलब्ध कराई गयी एवं उनका टी बी का इलाज पूर्ण होने तक उनके स्वास्थ्य की पूर्ण जिम्मेदारी भी ली गयी स जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा बताया गया की टी बी के मरीज समय से पूर्ण 6 माह इलाज लेने पर पूरी तरह से स्वस्थ हो जायेंगे और साथ ही उन्हें निश्चय पोषण योजना के अंतर्गत 1000 रुपये प्रतिमाह डी.बी.टी के माध्यम से उनके खातों मे दिए जाएंगे इसलिए कोई भी मरीज बीच में इलाज ना छोड़ें नहीं तो टी बी और खतरनाक हो सकती है एवं जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा यह भी बताया गया की 24 मार्च 2025 तक 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम चल रहा है जिसमें ऐसे लोगों को चिन्हित करना है जिसमें टी बी होने की सम्भावना अधिक होती है उन सभी की टी बी की जाँच एवं एक्स रे कराना है जिस से कोई टी बी का मरीज इलाज से छूट ना जाये स कार्यक्रम में योग टीम संस्था के योगाचार्य गिरधारी सिंह राठौर,एवं उनके सदस्य गण, भीम सेन सागर, योगेंद्र पाल सिंह, एम पी सिंह, वीरेंद्र कुमार, चंद्र प्रकाश, सुरेंद्र पाल सिंह, नवल किशोर, नरेश कुमार सिंह राठौर, पी के शर्मा, के सी लाल,संदीप राजपूत, सूरज पाल सिंह यादव, सुद. ेश सक्सेना, शाहिद हुसैन, उमाशंकर उपस्थित रहे स जिला क्षय रोग अधिकारी ने योग संस्था के योगाचार्य एवं उनके सदस्यों का धन्यवाद दिया एवं अपील की कि इसी तरह से और समाजसेवी संस्थाएं आगे आकर बढ़ चढ़कर टी बी के मरीजों को गोद लें जिस से उनके जीवन को बचाया जा सके यह बहुत ही पुण्य का कार्य हैं । जिला क्षय रोग अधिकारी बदायूं।

# 19 मार्च को समस्याओं का निस्तारण कराने आएंगी महिला आयोग की सदस्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने जानकारी देते हुए। बताया कि 19 मार्च 2025 को पूर्वान्हन 11:00 बजे जनपद बदायूँ में संगीता जैन, मा० सदस्य, उ०प्र०, राज्य महिला आयोग लखनऊ द्वारा महिला जनसुनवाई लोक निर्माण विभाग, बदायूँ के गेस्ट हाउस में तथा जिला कारागार बदायूँ मे महिला बन्दी गृह व जनपद स्तर पर चिन्हित आंगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारीगण जनसुनवाई, महिला बन्दी गृह निरीक्षण, आगनबाडी केन्द्र निरीक्षण तथा सम्बन्धित अधिकारीगण से समस्त सूचनाओं सहित ससमय प्रतिभाग करने के लिए कहा है।

## 19 मार्च को होगा ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वैभव शर्मा ने समस्त राष्ट्रीय व राज्यीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्षों व सचिवों को जानकारी देते हुए बताया कि ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस की त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण माह-मार्च, 2025 के अंतिम तिथि तक पूर्ण निर्धारित फार्मेट एनेक्जर-।। में ई-मेल`o3ceo&up@gov-in पर उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। तत्क्रम में इस जनपद में उपलब्ध वेयर हाउस एवं स्ट्रांग रूम का मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की उपस्थिति में आंतरिक निरीक्षण 19 मार्च 2025 को मध्यान्ह 12.00 बजे किया जायेगा। उन्होंने समस्त राष्ट्रीय व राज्यीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से 19 मार्च 2025 को मध्यान्ह 12.00 बजे ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस के निरीक्षण के समय जिला निर्वाचन कार्यालय के समीप बने वेयर हाउस पर समय से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

## 25 मार्च तक कोषागार में बिल प्रस्तुत करें सभी डीडीओ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने शासनादेश के क्रम में जनपद के समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारियों को कहा हैं कि वित्तीय वर्ष 2013-14 से कोषागार में समस्त भुगतान ई-पेमेन्ट के माध्यम से किये जा रहे हैं एवं वर्तमान में कोषागार द्वारा किसी भी भुगतान हेतु चेक जारी नहीं किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त ऑनलाइन बिल प्रस्तुतीकरण एवं ई-कुबेर प्रणाली लागू है। उन्होंने कहा कि सभी आहरण एवं वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागार में समस्त बिल निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार विलम्बतम 25 मार्च 2025 तक अवश्य प्रस्तुत कर दिये जायें, जिससे कि प्रस्तुत बिलों की आवश्यक चौकिंग के बाद कोषागार द्वारा बिलों की पासिंग तथा ई-पेमेन्ट के माध्यम से 31 मार्च 2025 तक भुगतान हेतु ऑथराइजेशन किया जा सके, क्योंकि 31 मार्च 2025 तक पारित बिलों का भुगतान ई-पेमेन्ट द्वारा 31 मार्च 2025 को रात्रि 21:00 बजे तक ही हो पायेगा। उन्होंने समस्त आहरण वितरण अधिकारियों से कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्ति पर है। माह मार्च में कोषागार में बिल पारण हेतु देयको की संख्या अत्यधिक मात्रा में रहती है, जिस कारण माह के अन्तिम दिनों में ई-कुबेर (सेन्ट्रल सर्वर) पर अत्यधिक भार बढ़ जाने के कारण उसकी गति धीमी हो जाती है।

जिससे देयको के समयान्तर्गत भुगतान करने में बाधा उत्पन्न होती है एवं बजट के कालातीत व व्यपगत होने की सम्भावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति को नियन्त्रण में रखने हेतु जनपद के समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है, कि वे अपने विभाग से सम्बन्धित वित्तीय वर्ष 2024-25 में अद्यतन प्राप्त बजट के भुगतान हेतु देयक कोषागार में प्रत्येक दशा में 25 मार्च, 2025 तक अवश्य प्रस्तुत कर दें। 26 मार्च, 2025 से उन्हीं देयकों को कोषागार द्वारा 31 मार्च को 17:00 बजे तक स्वीकार किया जायेगा, जिनका बजट आवंटन 25 मार्च, 2025 या उसके उपरान्त प्राप्त हो। बजट लैप्स होने की दशा में सम्बन्धित आहरण वितरण अधिकारी का पूर्णरूप से उत्तरदायित्त्व होगा।

# संपत्ति के लिए भतीजा बना चाचा का हत्यारा

- सगे चाचा के मारी गोली, फिर निर्दोषों को फंसाने की रची साजिश
- हत्या की वारदात जान दंग रह गया पूरा परिवार
- पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल हथियार किया बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बरेली में बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या करने वाला कोई और नहीं, बल्कि उसका ही भतीजा निकला। चाचा की संपत्ति पर कब्जा जमाने के लालच में भतीजे ने हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दे दिया। पुलिस ने इस सनसनीखेज मामले का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या की यह वारदात जानकर पूरा परिवार दंग रह गया।

थाना कोतवाली क्षेत्र के पुराना रोडवेज स्टैंड, सिकलापुर निवासी दयाशंकर(62 साल) की 17 मार्च 2025 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमलावर ने दो राउंड फायरिंग कर वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गया। हत्या के मामले में दयाशंकर के भतीजे रितिक (27 वर्ष) पुत्र हरिशंकर ने थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी।

पुलिस ने जब मामले की जांच शुरू की, तो शक की सुई खुद रितिक की ओर घूमने लगी। गहन जांच के बाद पुलिस ने 18 मार्च को रितिक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी रितिक ने कबूल किया कि दयाशंकर का कोई वारिस नहीं था। उसे डर था कि कहीं चाचा अपनी संपत्ति किसी और को न बेच दें। इसके अलावा, रितिक ने यह भी आरोप लगाया कि चाचा उसकी पत्नी पर गलत नजर रखते थे। इन दोनों कारणों के चलते उसने अपने ही चाचा की गोली मारकर हत्या कर दी।

रितिक का कुछ लोगों से पुराना विवाद चल रहा था। उसने हत्या के बाद पांच युवकों पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें फंसाने की साजिश रची। हालांकि, पुलिस की गहन जांच में उसकी चालाकी नाकाम हो गई और सच्चाई सामने आ गई। पुलिस ने आरोपी के पास से हत्या में प्रयुक्त 1 तमंचा, 1 जिंदा कारतूस (315 बोर), 2 खाली कारतूस (315 बोर), 1 पेचकस और 1 प्लास बरामद किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## महिला ने देवरों पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक महिला ने अपने देवरों पर घर में घुसकर उसके व बच्चों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि उसके देवर आये दिन उसके साथ बदसलूकी करते हैं। पीड़िता ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

मोहल्ला सुन्नी नगर निवासी शबाना पत्नी नसीम का कहना है कि उसका पति बाहर काम करता है। आरोप है कि उसका देवर आये दिन उसे परेशान करता है, और उसके साथ बदसलूकी करता है। बीती सोमवार की रात करीब 11 बजे जब वह कमरे में अकेली थी, तब उसके दो देवर कमरे में घुस आये और उसे व उसके बच्चों को बुरी तरह मारा पीटा। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसपर दोनों लोग भाग गए। घटना के बाद महिला ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की है।

# मासूम से रेप के बाद हत्या का आरोपी मुठभेड़ में दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** 11 साल की मासूम से रेप के बाद गला घोंटकर हत्या के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से घायल हुए आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने बताया कि 36 वर्षीय रघुवीर कुमार निवासी थाना फरीदपुर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार सुबह करीब छह बजे जब मुखबिर की सूचना पर आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया गया तो उसने पुलिस पर ही फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में आरोपी घायल हो गया है। आरोपी बच्ची का पड़ोसी था, घटना वाले दिन आरोपी मां-बाप की गैरमौजूद में छत के रास्ते से घर में दाखिल हुआ और रेप के बाद दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी। बाद में वह दुपट्टा लेकर छत के रास्ते से ही फरार हो गया था।

शाहजहांपुर के पुवायां तहसील क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति दो साल पहले फरीदपुर में पत्नी, दो बेटे और एक बेटी के साथ रहता है। वह शनिवार को पत्नी के



साथ रिश्तेदारी में होली मिलने गया था। घर पर बच्चे अकेली थी। इसी दौरान उसकी 11 साल की बेटी की पड़ोसी रघुवीर ने रेप के बाद हत्या कर दी थी।

# चुनावी रंजिश के चलते जानलेवा हमला करने का आरोप

- पुलिस ने आरोपी युवक व उसके दो साथियों पर दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक युवक ने चुनावी रंजिश को लेकर उसपर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि हमला करने वाला युवक उसे कई बार जान से मारने की धमकी दे चुका है। इस मामले में पुलिस ने युवक की तहरीर पर एक युवक को नामजद करते हुए दो अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना बहेड़ी के ग्राम ग्राम मितीडांडी निवासी नवल किशोर पुत्र मूल चन्द मोर्य का कहना है कि उसी के ही गांव का विमल पुत्र महेन्द्र पाल उससे व उसके परिवार से प्रधानी के इलेक्शन को लेकर रंजिश मानता है। इसी के चलते उक्त विमल उसे कई बार जान से मारने की धमकी दे चुका है। युवक का कहना है कि दिनांक 4 मार्च को उसके गांव से ग्राम कमालपुर बारात गई थी, और उक्त विमल भी बारात में गया था। आरोप है कि विमल ने उसे धमकी दी थी कि अगर वह बारात में आया तो उसे जान से मार दूंगा। जब वह समय रात 10 बजे अपनी कार से कमालपुर बारात पहुंचा तो पहले से घात लगाये बैठे विमल व अन्य दो लोगों ने उसके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर आसपास के कुछ लोगों ने उसे किसी तरह बचाया। लोगों के आने पर वह उसे जान से मारने की धमकी देकर चला गया। युवक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विमल व उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मकान पर कब्जा करने की नियत से घर में घुसकर पीटा

- पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक महिला ने कुछ लोगों पर उसके माता पिता के मकान पर कब्जा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि इसी के चलते उक्त लोगों ने उसके माता पिता के घर में अददे पत्थर बरसाए, जिससे उसे व उसके माता पिता को खुली व गुम चोटें आई हैं। शिकायत पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम मुरारपुर थाना बहेड़ी निवासी कमलेश पत्नी चन्द्रपाल का कहना है कि वह 6 बहने हैं और भाई कोई नहीं है। उसकी व उसकी बहनों की शादी हो चुकी है और पति के बाहर रहने के कारण वह अपने माता पिता के मकान में रहती है। गांव के ही प्रेम, विशेष, शीतल पुत्रगण शिवचरन व शिवचरन पुत्र बिक्की कब्जा करने के इरादे से आये दिन लड़ाई झगड़ा करते हैं, और उसकी बहनें व बहनोई घर आते हैं तो उनको घर में आने नहीं देते हैं। आरोप है कि उक्त लोगों ने घर पर कब्जा करने की नियत से बीती 14 मार्च को घर में ईंट पत्थर बरसाये और दीवार कूदकर घर में घुस गए। उक्त लोगों ने उसके व उसके माता पिता के साथ मारपीट की, जिससे उसके सीने में गुम चोटें व माता पिता के भी खुली व गुम चोटें आयी हैं। महिला की तहरीर पर पुलिस ने प्रेम, विशेष, शीतल पुत्रगण शिवचरन व शिवचरन पुत्र बिक्की निवासी ग्राम मुरारपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# शिकायत पर तहसीलदार ने कर्मियों को थमाए नोटिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सरकारी आवासों में जमे सरकारी कर्मियों पर तहसील प्रशासन ने अपनी आंखें तरेरनी शुरू कर दी हैं। तहसीलदार ने इन्हें एक सप्ताह के नोटिस थमाते हुए आवास खाली करने की चेतावनी दी है।

मालूम हो तहसील नवाबगंज के सेवानिवृत कर्मी अमीर सरवर द्वारा नगर में अपने अपने आवास होने के बावजूद भी लेखपाल ट्रेनिंग सेन्टर में बने सरकारी आवासों पर तहसील के संग्रह अमीन महेंद्र सिंह और फरीदपुर में तैनात राजस्व निरीक्षक कालीचरन द्वारा कब्जा करने की शिकायत कर इनसे आवास खाली कराए जाने की तहसील प्रशासन के साथ आला अधिकारियों से करते हुए कार्यवाही की मांग की थी। इस शिकायत पर तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए आरोपी कर्मियों को एक सप्ताह के अन्दर आवास खाली करने के नोटिस जारी किए हैं। समय पर आवास खाली न किए जाने पर इनसे बल पूर्वक आवास खाली कराए जाएंगे। आरोप है कि दोनों कर्मियों के नगर में आवास हैं लेकिन दोनों ही कर्मी सांठ गांठ कर सरकारी आवासों पर कब्जा जमाए हुए हैं, और सरकारी बिजली पानी हीटर का इस्तेमाल कर रहे हैं।

इस बारे में तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दोनों ही कर्मियों को एक सप्ताह में आवास खाली करने के नोटिस दिए गए हैं, अगर समय पर आवास खाली नहीं किए जाते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नए थाना भवन की प्रक्रिया हुई शुरू, लम्बे समय से हो रही थी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** लंबे समय से थाना स्थानांतरण मांग की प्रक्रिया शुरू हो गई है। भाजपा और युवा व्यापारी नेता आशीष अग्रवाल के द्वारा मुख्यमंत्री को दिए मांगपत्र पर शासन के निर्देश पर मंगलवार को एसपी उत्तरीय मुकेश मिश्रा ने थाना निर्माण के लिए प्रस्तावित कस्बा फतेहगंज पश्चिमी के शाही रोड खाली पढ़ी भूमि का निरीक्षण किया। राजस्व टीम को बुलाकर नापजोक कराकर जानकारी ली।

मिली जानकारी के अनुसार थाना कस्बा की आबादी से करीब एक किलोमीटर दूरी पर बंद पढ़ी रबर फैक्ट्री के सुनसान में है, जिससे फरयादियों को आने जाने में दिक्कत होती है। इतना ही नहीं आवास की व्यवस्था नहीं होने के कारण पुलिस कर्मियों को भी थाना से दूर किराए पर रहना पड़ता है। जिसके चलते तीन



माह पहले भाजपा और कस्बा के युवा व्यापारी नेता आशीष अग्रवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मिलकर शाही रोड पर कस्बा में खाली पड़ी सिंचाई विभाग की आधी जमीन पर थाना निर्माण कराने की मांग की थी। समस्या को मुख्यमंत्री के द्वारा गंभीरता से लेने पर शासन से सिंचाई विभाग की भूमि को थाना निर्माण के लिए प्रस्तावित करने के निर्देश दिए गए है, जिसके चलते मंगलवार को एसपी ग्रामीण उत्तरी मुकेश मिश्रा ने थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी के साथ सिंचाई विभाग की जमीन का औचक निरीक्षण किया।

एसडीएम के निर्देश पर पहुंची राजस्व टीम के कानूनगो हरद्वारी लाल गंगवार एवं लेखपाल आदित्य गंगवार ने अधिकारीओं पाइप की जमीन और सिंचाई विभाग की जमीन लगभग पांच हजार वर्ग मीटर होने की जानकारी दी।

राजस्व टीम बुधवार को रिपोर्ट तैयार करके एसपी ग्रामीण मुकेश मिश्रा को सौंपेगी, जिसे शासन को भेजकर थाना निर्माण की सभी बाधाओं को खत्म करके अनुमति देने की मांग की जाएगी। सिंचाई विभाग की आधी जमीन पर पहले ही रोडवेज का निर्माण किया जा चुका है। एसपी ग्रामीण उत्तरी मुकेश मिश्रा ने बताया शासन के निर्देश पर वह थाना निर्माण के लिए प्रस्तावित जगह का निरीक्षण करने पहुंचे हैं। राजस्व टीम ने उनके सामने नापजोक करके जानकारी दी है। यह सिंचाई विभाग की जगह है। राजस्व टीम उनको बुधवार को पूरी रिपोर्ट तैयार करके देगी, जिसको वह शासन को भेजेंगे।

## एक नजर

### मायके आई पत्नी का गला दबाकर हत्या करने का प्रयास, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम गिरधरपुर निवासी महिला सुषमा पुत्री रामबहादुर ने पुलिस को बताया कि दस वर्ष पूर्व उनकी शादी बहेड़ी थाने के ग्राम टांडा मीरनगर निवासी जितेंद्र के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से पति सहित सास, ससुर, देवर मिलकर उन्हें आए दिन घरेलू बातों पर प्रताड़ित करते हैं। पंद्रह दिन पूर्व में विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया था। महिला तब से अपने मायके में रह रही है। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि तीन दिन पूर्व उनके पति ने उनके मायके में आकर पिटाई करना शुरू कर दी व उनके गले में पड़े दुपट्टे से उनका गला घोंट कर मारने का प्रयास किया। समय रहते महिला के पिता के आ जाने से पति भाग गया। महिला ने पति से अपनी जान - माल का खतरा बताया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर उपरोक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

### अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शीशगढ़।** वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया।

उपनिरीक्षक कृपाल सिंह ने बताया कि वह बंजरिया में मजार को जाने बाले रास्ते पर हमराह सिपाहियों के साथ संदिग्ध वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी एक व्यक्ति सामने से सफेद कैन लटकाए आ रहा था, जो पुलिस को देखकर 40 कदम की दूरी से पीछे मुड़कर तेज-तेज चलने लगा। आवाज देकर रोका और कैन को सूंघकर देखा तो उसमें तीव्र बदबू आ रही थी। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम राजाराम जाटव निवासी परशुराम पुर का निवासी बताया। बदबूदार पदार्थ के बारे में पूछने पर बताया कि साहब कच्ची शराब है, जिसे वह उत्तराखंड से खरीद कर लाया है और गांव में बेचकर अपनी जीविका चलाता है।

### टुकटुक चोर को चाकू में जेल भेजे जाने की कप्तान से शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के एक युवक का टुकटुक चोरी किए जाने की रिपोर्ट दर्ज न करने के साथ ही चोर को टुकटुक के साथ ही पुलिस के सुपर्द किए जाने के बाद भी पुलिस ने उसे चोरी में जेल न भेजकर मात्र चाकू में जेल भेजे जाने की मंगलवार को इसकी शिकायत एसएसपी से करते हुए पीड़ित ने कार्यवाही की गुहार लगाई है।

कस्बा व थाना नवाबगंज के याकूबपुर मोहल्ले के रामबहादुर राठौर का टुकटुक कस्बे के वाईपास स्थित पुलिस के पिंक बूथ से 12 मार्च की रात में चोरी कर लिया गया था, इसकी तहरीर रामबहादुर राठौर ने पुलिस को दी थी, लेकिन पुलिस ने न तो उसका टुकटुक ही बरामद किया और न ही उसकी रिपोर्ट दर्ज की गई थी।पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने से परेशान रामबहादुर राठौर खुद ही अपने टुकटुक की तलाश में जुट गया था, जिसमें उसे सफलता भी मिल गई थी। 16 मार्च को उसने नजदीकी ग्राम इंधजागीर के महेश पुत्र वेनीराम को टुकटुक के साथ रंगे हाथों पकड़कर पुलिस को सौंप दिया था। आरोप है कि पुलिस ने चोर को चोरी में जेल भेजने की जगह मात्र चाकू में जेल भेजकर खाना पूरी कर डाली।

सोमवार को इस मामले की शिकायत पीड़ित रामबहादुर राठौर ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में किए जाने के साथ ही आज इसकी शिकायत एसएसपी से करते हुए इस मामले की जांच कर कार्यवाही की मांग की है। वर्तमान समय में रामबहादुर राठौर का टुकटुक अभी भी कोतवाली में खड़ा है।

### बिथरी क्षेत्र में युवक की हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बिथरी चैनपुर में पुलिस ने होली से एक दिन पहले हुई युवक की हत्या का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी ग्रामीण मुकेश प्रताप सिंह ने बताया कि बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के गांव मगनापुर में एक ही जाति के दो पक्षों में विवाद हुआ था। इस दौरान दो युवकों ने धर्मवीर (जमुना प्रसाद के पुत्र) पर नल के हत्थे से हमला कर दिया। हमले में धर्मवीर की मौके पर ही मौत हो गई थी।

पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने प्रेमशंकर और सलिग राम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त नल का हत्था भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करेगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पुराना बस अड्डे पर देर रात उमड़ा हुजूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** पुराना रोडवेज बस अड्डे पर सोमवार देर रात अचानक यात्रियों की भीड़ बढ़ गई। देहरादून, हरिद्वार के साथ मुरादाबाद, अलीगढ़, बदायूं-आगरा रूट की बसें नहीं मिलने पर यात्रियों ने नाराजगी जताई। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे यात्रियों ने पूछताछ केंद्र पर जानकारी लेनी चाही, लेकिन उन्हें बसों के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिली। इस पर यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया। काफी देर बाद देर रात करीब 11 बजे एक बस देहरादून की आई तो बड़ी संख्या में यात्री उसमें सवार हो गए। अन्य जगहों की बसें न होने से बुजुर्ग, बच्चे और महिलाएं परेशान होते रहे। होली मनाकर ज्यादातर मजदूर वर्ग से जुड़े लोग अपने कार्यस्थल की ओर रवाना हो रहे हैं। ज्यादा लोग देहरादून और हरिद्वार जाने वाले हैं। परिसर में देहरादून के लिए एसी बस खड़ी थी लेकिन यात्रियों का कहना था कि इस बस का महंगा किराया वे लोग देने की स्थिति में नहीं हैं। रोडवेज के वरिष्ठ अधिकारियों तक बसें न होने का मामला पहुंचा है।

# जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

- दुर्घटनाएं रोकने की दृष्टि से एनएच हाईवे पर जहां भी डिवाडर या टर्न हो वहां रिफ्लेक्टर अवश्य लगवाने, रोड पर अतिक्रमण रोकने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मंगलवार को अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग की जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में नेशनल हाइवे पर दुर्घटनाओं को रोकने हेतु चिन्हित ब्लैक स्पाट्स को समाप्त करने की दृष्टि से सुधारात्मक कार्य कराये जाने की समीक्षा की गयी, जिसपर अवगत कराया गया कि सुधारात्मक कार्य कराये गए हैं। एनएच हाईवे बिल्वा मोड़ पर स्थायी निवारण की दृष्टि से एप्रोच रोड बनाने हेतु प्रस्ताव भेजा गया है। बैठक में अवगत कराया गया कि रोडवेज बस में यात्रा करने वाले यात्रियों को यदि दुर्घटना के कारण कोई शारीरिक नुकसान होता है तो अनुदान दिए जाने का प्राविधान है। उक्त से सम्बंधित कुछ प्रकरणों की मजिस्ट्रेटी जांच लंबित है उनकी यथाशीघ्र जांच कराने हेतु सम्बंधित उप जिलाधिकारीगण को निर्देश दिए गए।

बैठक में निर्देश दिए गए कि एनएच हाइवे पर जहां भी डिवाडर या टर्न हो वहां रिफ्लेक्टर अवश्य लगवायें जाएं, और साइनेज का कार्य किया जाए तथा रोड पर अतिक्रमण को भी रोका जाए। विगत बैठक में निर्देश दिए गए थे कि विद्यालयों के मालिकों, प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों को नोटिस दें कि विद्यालय के अलावा प्राइवेट वाहनों से एक साथ कई बच्चे विद्यालय न आए-जाएं यह सुनिश्चित किया जाए अन्यथा की दशा में यदि कोई अप्रिय घटना होती है तो विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इसकी समीक्षा की गयी जिसपर बताया गया कि विद्यालयों को नोटिस भेजा गया है। एआरटीओ द्वारा जारी नोटिस की प्रति भी प्रस्तुत की गई। बैठक में निर्देश दिए गए कि ट्रकों को हाइवे पर जहां-तहां खड़े करने पर रोक लगायी जाए, इसके लिये निर्धारित स्थानों पर खड़ा करने हेतु निर्देशित किया जाए। मार्गों पर मदिरा पान करके वाहन न चलाये सम्बंधी जागरूकता वाले स्लोगनों को बड़े आकार में प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में नगर मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला, एसपी ट्रैफिक अकमल खान, एआरएम रोडवेज, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, नेशनल हाइवे के अधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से दो सगे भाईयों में एक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** पंजाब से अपने घर जनपद बहराइच लौट रहे दो सगे भाईयों को हाईवे 24 पर मीरगंज क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक भाई की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का बरेली के एक निजी अस्पताल में इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार, बहराइच जनपद के थाना केसरगंज क्षेत्र के गांव रम्पापुर निवासी रिंकू (22) और उसका भाई संजय सोमवार को पंजाब से एक ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वे हाईवे 24 के नल नगरिया अड्डे के पास पहुंचे, तभी किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मीरगंज कोतवाली पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने रिंकू को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल संजय को बरेली के एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर घटना के संबंध में अवगत करा दिया है। वहीं, हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** मीरगंज के नल चौराहे एक्सीडेंट जोन पर मंगलवार सुबह हुए एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, बरेली की ओर से आ रहे बाइक सवार अचानक सड़क पर आए एक कुत्ते से टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कुत्ते की मौके पर ही मौत हो गई। इसी दौरान असंतुलित होकर गिरे बाइक सवार को पीछे से आ रही बस ने कुचल दिया, जिससे युवक रुद्र प्रताप सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा व्यक्ति विनय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत जाफरा विकासखण्ड दमखोदा (बरेली)

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जाफरा विकासखण्ड दमखोदा (बरेली) वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा/15वां वित्त आयोग (अनटाइड/टाइड फण्ड) की धनराशि से ग्राम पंचायत में समुदाय के लिए खाद्यान्न भण्डारण निर्माण कराये जाने के लिए सामग्री क्रय हेतु सीमेंट, बजरफुट, ईंट की रोड़ी, बजरी, बारीक रेता, प्रथम श्रेणी की ईंट, मिट्टी, पन्नी, बोर्ड आदि के लिए सीलबन्द निविदाएं टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक-21.03.2025 को समय 4:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक-22.03.2025 को समय दोपहर 2:00 बजे ग्राम पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में खोली जाएंगी। निविदा से संबंधित सभी शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | ग्राम पंचायत में समुदाय के लिए खाद्यान्न भण्डारण भवन निर्माण | 8,81,500.00 |

**मो0 जुबैर** (प्रधान) **सुनील कुमार** (सचिव)

## कार्यालय ग्राम पंचायत मोहनपुर विकासखण्ड दमखोदा (बरेली)

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मोहनपुर विकासखण्ड दमखोदा (बरेली) वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा/15वां वित्त आयोग (अनटाइड/टाइड फण्ड) की धनराशि से सीसी रोड व नाली निर्माण एवं ग्राम पंचायत में समुदाय के लिए खाद्यान्न भण्डारण निर्माण कराये जाने के लिए सामग्री क्रय हेतु सीमेंट, बजरफुट, ईंट की रोड़ी, बजरी, बारीक रेता, प्रथम श्रेणी की ईंट, मिट्टी, पन्नी, बोर्ड आदि के लिए सीलबन्द निविदाएं टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक-21.03.2025 को समय 4:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक-22.03.2025 को समय दोपहर 2:00 बजे ग्राम पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में खोली जाएंगी। निविदा से संबंधित सभी शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | इकवाल के घर से गुड्डू के घर तक सीसी रोड व नीली निर्माण | 9,28,060.00 |
| 02. | ग्राम पंचायत में समुदाय के लिए खाद्यान्न भण्डारण भवन निर्माण | 8,81,500.00 |

**शाजिया** (प्रधान) **संजय कुमार** (सचिव)

# वसूली, राजस्व वादों को गंभीरता से लें अधिकारी: डीएम

- कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक में दिए दिशा-निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मंगलवार को डीएम रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें मानक के अनुरूप वसूली, राजस्व वादों का समय से निस्तारण करने, विरासत, डिजिटल क्रॉप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्री, सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग, स्वामित्व, घरौनी, निर्विवाद उत्तराधिकार, पट्टा आवंटन आदि की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए, तथा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की समीक्षा कर लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में आरसी वसूली की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि पुरानी आरसी की वसूली शून्य नहीं रहनी



चाहिए, अच्छे अमीनों को लगाकर अतिशीघ्र वसूली करायी जाए। बैठक में कम वसूली करने वाले संग्रह अमीनों की तहसीलदार समीक्षा करते हुए फरीदपुर के दो और एक बहेड़ी के अमीन को कम वसूली किये जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में वन विभाग, रुहेलखण्ड नहर, विद्युत आदि विभागों की विगत वर्ष के सापेक्ष वसूली की समीक्षा की गयी और राजस्व बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर ने मस्जिट्रेरियल जांचों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पुराने मात्र 09 जांच अवशेष हैं, जिसपर बिसरा की रिपोर्ट हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में समस्त उपजिलाधिकारी को निर्देश दिए गए कि गेहूं खरीद के क्रय केन्द्रों का निरीक्षण समय-समय पर करते रहें, और केन्द्र प्रभारियों को गेहूं क्रय केन्द्रों पर किसानों से बेहतर व्यवहार रखने के निर्देशित करें, साथ ही अवगत कराएं कि अप्रैल माह में बैठक की जाएगी, जिन केन्द्र प्रभारियों की शिकायत आएगी उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। तहसील फरीदपुर तथा तहसील मीरगंज में डीसीएस और फार्मर रजिस्ट्री की स्थिति खराब होने पर सुधार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीएम डैशबोर्ड के अन्तर्गत डी व सी रैंक वाले बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी, जिसके अन्तर्गत निर्विवाद उत्तराधिकार, आईजीआरएस, जनसुनवाई व धारा-24, धारा-67, धारा-34 के निरस्त आवेदनों को क्रॉस चेक करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही मत्स्य, तालाब, आवास, पट्टा आवंटन की समीक्षा की गयी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। खराब प्रदर्शन करने वाले नायाब तहसीलदारों का स्पष्टीकरण लेने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में 50 आयु वर्ग के लेखपालों की डीसीएस, फार्मर आईडी व विभिन्न योजनाओं के आधार पर समीक्षा कर रिपोर्ट देने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में निर्देश दिए गए कि वित्तीय वर्ष का अंतिम माह है अत: 25 मार्च तक समस्त बिल ट्रेजरी को समस्त कार्यालयाध्यक्ष उपलब्ध करा दें। इसके अतिरिक्त आधार व पैन कार्ड लिंक होने का सहित ट्रेजरी में बिल दें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला, समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने छजारसी टोल पर किया धरना-प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़/ पिलखुवा।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने छजारसी टोल पर धरना प्रदर्शन किया है

भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने टोल कर्मियों पर अभद्रता कर रुपये लेने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। वहीं टोल प्रबंधन व मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी उन्हें समझा बुझाकर मामला शांत कराया। संगठन जिलाध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने बताया कि संगठन के कार्यकर्ता मतलूब का पुत्र अनस कार द्वारा हापुड़ से गाजियाबाद की ओर जा रहा था। जब वह टोल पर पहुंचा तो, उन्होंने टोल शुल्क मांगा, जिसके बाद टोल कर्मी ने कार नंबर का मैसेज न होने की बात कहकर अभद्रता करनी शुरू कर दी। बाद में अनस डाई सौ रुपये टोल देकर वहां से निकला और संगठन को जानक. री दी। जिसके बाद संगठन ने टोल पर पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। टोल प्लाजा के सहायक प्रबंधक नितिन राठी ने बताया कि गलतफहमी के कारण यह मामला हुआ है। संगठन को समझाकर मामला शांत कराया गया है। इस अवसर पर नौशाद, ललित शर्मा, नदीम, अंकित त्यागी, इमामुद्दीन, रविंद्र, मनोज, मदन पाल, रोहित, विकास आदि उपस्थित रहे।



# ट्रक में सवार युवकों ने किशोरी से की छेड़छाड़

## शोर मचाने पर दौड़े, परिजनों को देख आरोपी हुए रफूचक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** जंगल में शौच को जा रही किशोरी को ट्रक में सवार युवकों ने रास्ते में दबोचकर छेड़खानी कर दी, परंतु गनीमत रही कि किशोरी के शोर मचाने पर दौड़े परिजनों को देख आरोपी रफूचक्कर हो गए।

बहादुरगढ़ क्षेत्र के एक गांव के जंगल में गन्ना कोल्हू पर कामकाज करने वाले व्यक्ति की नाबालिग बेटी मंगलवार की सुबह को पास के जंगल में शौच को जा रही थी। रास्ते में चीनी मिल के गन्ना केंद्र के पास खड़े ट्रक में सवार युवकों ने उसे जबरन पकड़ लिया। जिसके बाद वे बदनियती से किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करते हुए किशोरी ने शोर मचा दिया, जिसे सुनते ही कोल्हू में कामकाज कर रहे परिजनों समेत अन्य मजदूर उस तरफ दौड़ पड़े। जिन्हें आता देख आरोपियों के होश उड़ गए, जो आनन फानन में ट्रक पर सवार होकर मौके से रफूचक्कर होने में सफल हो गए। किशोरी के साथ सरेराह छेड़खानी की घटना होने का पता लगते ही गांव में हड़कंप मचने के साथ ही ग्रामीणों में रोष फैल गया। इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह का कहना है कि इस तरह की किसी भी घटना को लेकर देर शाम तक कोई तहरीर अथवा सूचना नहीं आ पाई है। अगर कोई तहरीर आती है तो उसके आधार पर जांच कराकर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### गंगा एक्सप्रेसवे पर अज्ञात चोरों ने किया सामान चोरी

**गढ़मुक्तेश्वर।** निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे से सेटिंग जैक चोरी होने की घटना का पता लगते ही सिक्योरिटी सुपरवाइजर ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई सिंभावली क्षेत्र से होकर निकल रहे गंगा एक्सप्रेसवे में पिछले काफी समय से निर्माण का कार्य चल रहा है, जिसको लेकर सुरक्षा की दृष्टि से सिक्योरिटी भी तैनात की हुई है। परंतु इसके बाद भी शातिर चोरों ने वारदात को अंजाम देते हुए पांच मार्च की देर रात को गांव पीरनगर मंढैया के जंगल में छह सेटिंग जैक चोरी कर लिए।

# ओवर हॉलिंग का कार्य होने के कारण दो दिन बंद रहेगा अल्लाबख्शपुर रेलवे फाटक

**गढ़मुक्तेश्वर।** रेलवे लाइन में ओवर हॉलिंग का कार्य होने के कारण दो दिनों तक अल्लाबख्शपुर फाटक बंद रहने से राहगीरों को वैकल्पिक रास्तों से होकर आवागमन करना पड़ेगा। गढ़ के मीरा रेती से होकर गांव अल्लाबख्शपुर के सामने दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे को जाने वाले महमाई रोड पर स्थित रेलवे फाटक संख्या 50 सी आज सुबह से दो दिनों तक आवागमन के लिए पूरी तरह बंद रहेगा। फाटक बंद रखने का निर्णय रेलवे लाइन में मशीनों द्वारा ओवरहॉलिंग का कार्य करने के मद्देनजर लिया गया है। जनपद अमरोहा के सेक्शन इंजीनियर ने एसडीएम समेत इंस्पेक्टर को इस दौरान कार्यस्थल पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने की अपेक्षा की है, ताकि रेलवे कर्मचारी अपने कार्य को शांति पूर्वक ढंग में संपन्न कर सकें। इसके अलावा गढ़ से ब्रजघाट आने जाने वालों समेत क्षेत्रीय लोगों को भी नसीहत दी गई है कि वे अल्लाबख्शपुर फाटक की बजाए अन्य वैकल्पिक रास्तों से होकर आवागमन करें।

## डीएम स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर के अभ्यर्थीयों ने मारी बाजी

**गढ़मुक्तेश्वर।** डीएम स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर के पांच अभ्यर्थियों ने यूपी पुलिस की भर्ती में सिलेक्शन कराते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया, जिनका जोरदार ढंग में अभिदनंदन करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी गई। गढ़ में शाहपुर रोड पर संचालित हो रहे डीएम स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर के खिलाडियों ने अपनी प्रतिभा के बल पर क्षेत्र समेत अपने परिवारों का नाम रोशन किया है। हाल ही में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा घोषित आरक्षी भर्ती परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया गया है, जिसमें सेंटर के पांच प्रशिक्षुओं ने सफलता का परचम फहराते हुए यूपी पुलिस में अपना चयन कराया है। सेंटर के निदेशक सिद्धार्थ चौधरी ने यूपी पुलिस में चयनित हुए अभ्यर्थियों को पुरस्कृत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। निदेशक ने कहा कि सभी चयनित अभ्यर्थियों ने मुख्य प्रशिक्षक नवीन चौधरी के दिशा निर्देशन में कड़ा अभ्यास करते हुए शारीरिक दक्षता परीक्षा में भी उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया है। डीएम पब्लिक स्कूल के प्रबंधक राजेंद्र सिंह ने चयनित अभ्यर्थियों में शिवम, अमित कुमार, अमर शर्मा, गुरप्रीत सिंह और भारती चौहान से सीख लेकर क्षेत्रीय युवाओं को शिक्षा और खेल में अपना नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। इस दौरान सुरेश चौहान, लोकेश कुमार, संजय चौहान, सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे।

## कूड़ाघर में घठिया सामग्री लगाने पर एडीओ पंचायत ने किया नोटिस जारी

**गढ़मुक्तेश्वर।** घटिया सामग्री लगाने पर निर्माणदाई संस्था को कारण बताओं नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा। एडीओ पंचायत शिवम पांडेय ने बताया है कि सिंभावली ब्लॉक क्षेत्र के गाँव शरीकपुर में स्थित
स्वछ भारत मिशन ग्रामीण योजना के अंतर्गत कूड़ाघर बनाया जा रहा है। जिसके बनने से ग्रामवासियों को कूड़ा डालने की सुविधा मिलना सम्भव है। जिसके निर्माण कार्य के दौरान घटिया सामग्री लगाने की लगातार ग्रामीणों द्वारा होती आ रही थी शिकायत जिसके आधार पर ठेकेदार व सचिव को नोटिस जारी कर दिया गया है। जिसके आधार पर स्पष्टीकरण मांगा गया है। स्पष्टीकरण मिलने के आधार उक्त दोनों के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट करने वाले युवकों पर हुई रिपोर्ट दर्ज

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव बक्सर निवासी नाजिम की पत्नी अमीना ने थाने में तहरीर दी थी, जिसमें उल्लेख किया था कि उसकी ननद फरीन जंगल में बकरी चराने गई हुई थी। जब वह उसे बुलाने गई, तो वहां पहले से ही समीर, निशाद और ताज लाठी डंडे लेकर खड़े हुए थे। शोर मचाने पर पति नाजिम, ससुर इमामुद्दीन और देवर आसिफ भी मौके पर पहुंच गए, परंतु इसके बाद भी आरोपी रुक नहीं पाए और उन्होंने उक्त सभी पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। सभी हमलावरों पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

थाना प्रभारी सुमित तोमर ने बताया है कि पीड़ित महिला द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर जांच कर लाठी डंडों से हमला करने वाले युवकों पर जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर दी गई है जिन्हें जल्दी हिरासत में लिया जाएगा।

## फरार चल रहा शातिर गौकश गिरफ्तार

**सिंभावली।** गौकसी की संगीन घटना में काफी दिनों से चकमा देता आ रहा शातिर गोकश आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। सिंभावली पुलिस ने गश्त और चौकिंग के दौरान क्षेत्र के गांव नवादा की नहर पटरी पर संदिग्ध दशा में घूम रहा एक शातिर गोकश को गिरफ्तार कर लिया। एसओ सुमित तोमर ने बताया कि फरार गोकश क्षेत्र में हुई गो. कशी की संगीन घटना करने में करीब छह माह से फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि गोकश अजीम उर्फ आजम निवासी गांव ढक्का उझारी का रहने वाला है, जिसे जेल भेजते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## मारपीट करते हुए डेढ़ हजार रुपये छीनने का आरोप

**गढ़मुक्तेश्वर।** पालिका के पंप पर कार्यरत चालक से मारपीट करते हुए चार लोगों ने जेब में रखी डेढ़ हजार की रकम छीनते हुए चुप न बैठने पर भविष्य में जान से मारने की धमकी दे डाली। पालिका क्षेत्र के गांव चौटावाली मंढैया में संचालित हो रहे पालिका के ट्यूबवैल पर चालक के रूप में ड्यूटी कर रहे गोपाल ने कोतवाली में तहरीर दी है, जिसमें उल्लेख किया है कि वह अपनी ड्यूटी पर तैनात था, तो इसी दौरान तब चार लोग वहां आ गए। जिन्होंने गाली गलौज करते हुए उसके साथ बेरहमी से मारपीट करते हुए सरकारी संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। पीडिघ्त का कहना है कि इसके बाद पालिका क्षेत्र से जुड़े चारों आरोपियों ने उसकी जेब में रखी डेढ़ हजार की रकम जबरन छीन ली और मुंह बंद न रखने पर भविष्य में जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीडिघ्त ने आरोपियों को नामजद करते हुए उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कराए जाने की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर नीरज कुमार का कहना है कि तहरीर पर मामले की जांच कराई जा रही है, जिसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात वाहन ने कार को मारी टक्कर

**ब्रजघाट।** दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से कार छतिग्रस्त हो गई। इस दौरान घटना में कार सवार दो लोग घायल हो गए। इस दौरान वाहनों की रफ्तार थम गई। पुलिस ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा। नोएडा के सेक्टर चार निवासी कौशल सिंह अपने साथी संतोष के साथ कार से सवार होकर मुरादाबाद के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह गढ़ के गांव अल्लाबख्शपुर पहुंचे तो दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर बने कट पर अज्ञात वाहन से उनकी कार की टक्कर हो गई। टक्कर होने पर छति छतिग्रस्त हो गई जिसके कारण वहां से गुजर रहे वाहनों के पहिए थम गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजकर कार को हाईवे से हटाया।

## परीक्षा देने गई तेरह वर्षीय छात्रा लापता हुई

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र के एक गांव में परीक्षा देने के लिए गई छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। छात्रा को परिजन ने काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। परिजन ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी 13 वर्ष की बेटी कक्षा आठ में पढ़ती है। सोमवार को वह परीक्षा देने के लिए स्कूल गई थी। द्रोपहर को जब वह स्कूल से घर नहीं आई तो परिजन को उसकी चिंता हुई। परिजन ने उसको काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिजन ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की।

# गले मिलकर दूरियों को मिटाने का सबक देता है रमजान: मोहम्मद अली

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रोबिन शर्मा**

**गढ़मुक्तेश्वर।** इस्लाम धर्म में रमजान का खास महत्व है। यह महीना बेहद ही पवित्र होता है। इस महीने में मुस्लिम धर्म के अनुयायी प्रतिदिन रोजा रखते हैं। रमजान के दौरान रोजाना पांच वक्त का नमाज पढ़ा जाता है। इस महीने में दान करना अन्य महीनों की तुलना में अधिक नेकी का काम माना जाता है। इसके लिए लोग अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार अन्न, पानी, धन और वस्त्र का दान करते हैं। रमजान का महीना नेकी और इबादत का होता है। इसके लिए सलाह दी जाती है कि माहे-ए-रमजान में कोई कंजूसी नहीं करना चाहिए और ज्यादा से ज्यादा लोगों की मदद करनी चाहिए। देश और दुनिया में रमजान का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। रमजान महीने की शुरुआत चांद देखकर होती है। वहीं, रमजान का समापन भी चांद देखकर किया जाता है। इसके अगले दिन ईद मनाया जाता है।




**इबादत ही नहीं, इंसानियत के लिए भी बहुत खास है रमजान।** मौलाना मोहम्मद अली बताते हैं,कि भारत केवल एक देश नहीं, बल्कि संस्कृतियों, परंपराओं और आस्थाओं का वह पावन संगम है, जहां हर त्योहार किसी एक समुदाय का नहीं, बल्कि पूरे समाज का उत्सव बन जाता है। यही वह भूमि है जहां दीपावली की रोशनी में ईद की मिठास घुलती है, जहां होली के रंगों में क्रिसमस की कैंडल की चमक शामिल होती है, और जहां गुरुबाणी की मिठास भजन और अजान के सुरों में गूंजती है, इन दिनों रमजान की पाकीजगी में इबादतें चरम पर हैं,कुछ ही दिनों में ईद आएगी, जो गले मिलकर दूरियों को मिटाने का सबक देती है। **बेहद महत्वपूर्ण है रमजान का महीना।** हमारा इतिहास भी इसकी गवाही देता है। कबीर ने हिंदू-मुस्लिम एकता का अलख जगाया, तुलसीदास जी ने परहित सरिस धरम नहीं भाई का संदेश देकर प्रेम और सेवा की सीख दी। मुंशी प्रेमचंद की कहानियां भी इसी गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल है। जहां हामिद अपनी नानी के लिए चिमटा खरीदता है, और जहां होरी किसान हर धर्म के व्यक्ति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खेतों में काम करता है। यहां एकता की भावना हर दिल में बसती है।

# मरीज को लगाया एक्सपायर इंजेक्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिला अस्पताल में एक मरीज को एक्सपायर इंजेक्शन लगाने का मामला प्रकाश में आया है। सदर विधायक प्रदीप चौधरी ने अस्पताल का औचक निरीक्षण करते हुए दवाइयों की जांच की। प्राप्त जानकारी के अनुसार अहमदगढ़ क्षेत्र के गांव खेलिया की 20 वर्षीय मुस्कान को पेटदर्द, सांस लेने में तकलीफ और उल्टी की शिकायत पर 12 मार्च को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार की सुबह ड्यूटी पर तैनात स्टाफ ने मरीज को कुछ इंजेक्शन दिए। मरीज के पिता रियाजुद्दीन ने जब इंजेक्शन की जांच की तो पेटदर्द का इंजेक्शन एक्सपायर पाया गया। परिजनों की शिकायत पर स्टाफ ने इंजेक्शन वापस ले लिया। आरोप है कि एक महिला स्टाफ और एक बाहरी युवक ने परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार भी किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य ने चार सदस्यीय जांच टीम गठित की है। 48 घंटे में मांगी गई जांच रिपोर्ट टीम में मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक, अस्पताल के सीएमएस, एक वरिष्ठ चिकित्सक और मैट्रन को शामिल किया गया है। टीम को 48 घंटे में जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने की बात कही है।

# विधायक ने की निर्माणाधीन सड़क की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल की शिकायत के बाद सदर विधायक प्रदीप चौधरी ने तत्काल मौके का निरीक्षण किया। विधायक जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इसी दौरान कुछ ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल किए जाने की सूचना विधायक दी। शिकायत मिलते ही विधायक तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए अधिकारियों को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। विधायक प्रदीप चौधरी ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में विकास कार्यों में किसी भी तरह का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच करें। दोषी पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### महिला सभासद को चरखा मांगने पर दी धमकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** खानपुर नगर पंचायत में स्वच्छता अभियान में शानदार कार्य करने के महिला सभासद को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित करते हुए एक चरखा दिया था। जिस चरखे पर पालिका चेयरमैन का दिल आ गया। महिला सभासद की गैरमौजूदगी में चेयरमैन उनके घर से सम्मान स्वरूप दिए गए चरखे को ही ले गए। वापस मांगने पर आरोपी चेयरमैन महिला सभासद पर तेजाब डालने और शहर से भगाने की धमकी दे रहे हैं। महिला सभासद की तहरीर पर आरोपी चेयरमैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। खानपुर कस्बा निवासी सभासद रूही खान पत्नी महाराज खान को वर्ष 2018 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छ वार्ड प्रतिस्पर्धा अभियान के तहत लखनऊ में सम्मानित कर चरखा भेंट किया था। उनकी गैर मौजूदगी में तत्कालीन नगर पालिका चेयरमैन मुस्तफा कमाल पुत्र शौकत अली ने वह चरखा इदरीश पुत्र शफीक अंसारी के द्वारा यह कहकर मंगवा लिया कि उनके कुछ दोस्त आए हुए हैं, उन्हें यह चरखा दिखाना है। महिला सभासद का आरोप है कि तब से लेकर आज तक चेयरमैन से अपना चरखा मांगती रहीं लेकिन वह चरखा देने में आनाकानी करते रहे। 14 मार्च को जब सभासद ने वापस चरखा मांगने के लिए चेयरमैन को फोन किया तो चेयरमैन मुस्तफा कमाल ने उन्हें गाली देनी शुरू कर दीं। धमकी देते हुए कहा कि तेरे चेहरे पर तेजाब डाल दूंगा। तुझे मारकर खानपुर में दफना दूंगा। महिला सभासद की तहरीर पर आरोपी नगर पालि. का चेयरमैन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 351/3 के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसएसपी श्लोक कुमार का कहना है कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# नकदी और जेवर ले जाने का आरोप

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने ससुराल पक्ष के लोगों पर घर से नकदी और जेवर चोरी कर ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मोहल्ला निवासी एक युवक ने बताया कि पिछले दिनों उस पर दुष्कर्म के मामले की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। उस मामले में वह जेल चला गया। अब वह जेल से घर आया तो देखा कि उसकी पत्नी घर पर नहीं थी। पीड़ित ने घर के अंदर जाकर देखा तो उसके घर से उसके ससुराल पक्ष के लोग हजारों की नकदी समेत सभी जेवर ले गए है। पीड़ित ने मामले की जानकारी की तो आरोपियों ने उसको अंजाम भुगतने की धमकी दी है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पति और देवर पर मारपीट करने का आरोप

**ब्रजघाट।** क्षेत्र के गांव अल्लाबख्शपुर निवासी तब्बसुम ने बताया कि उसका पति आए दिन उसके साथ अभद्रता करता है। इसको लेकर कई बार विवाद हो गया है। पीड़िता ने बताया कि मंगलवार की सुबह को उसघ्के पति ने अपने भाई के साथ मिलकर उसको पीटकर घायल कर दिया। इस दौरान उसने पुलिस को सूचना दी तो पुलिस को देखकर आरोपी फरार हो गया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की

### खेत में काम कर रहे किसान के साथ की मारपीट

**गढ़मुक्तेश्वर।** फसल में कामक. ाज कर रहे किसान से महिला समेत पांच लोगों ने मारपीट करते हुए नाक पर तमंचे की बट से वार कर दिया। पीडित ने हमलावरों को नामजद कर तहरीर दी। सिंभावली क्षेत्र के गांव वैठ के जंगल में किसान शफायत अपने खेत में मटर तोड़ रहा था, जिस पर गांव के ही कई लोगों समेत महिला ने हमला कर दिया।

# यश मित्तल हत्याकांड की सीबीसीआईडी जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के इलैक्ट्रोनिक्स सामान के व्यापारी के पुत्र के हत्याकांड में सीबीसीआईडी के अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए छात्र के परिजनों के भी बयान दर्ज किए हैं। इसी के साथ ही सीबीसीआईडी द्वारा घटनाक्रम से जुड़े सभी साक्ष्यों को एकत्र किया जा रहा है। बता दें कि नगर के मोहल्ला टीचर्स कॉलोनी निवासी कारोबारी प्रदीप मित्तल के पुत्र यश मित्तल (19) की हत्या उसी के दोस्तों ने की थी। यश मित्तल नोएडा के दादरी के बेनेट यूनिवर्सिटी में बीबीए का छात्र था। वह होस्टल में रहता था। वर्ष 2024 में 25 फरवरी को उसके

**■ 25 फरवरी 2024 को दोस्तों ने दिया था घटना को अंजाम**

दोस्तों ने फोन करके उसे बाहर बुलाया था और उसके बाद वे यश को अपने साथ ले आए। इतना ही नहीं दोस्तों ने यश के परिजनों से छह करोड़ रूपये की फिरौती भी मांगी। पिता प्रदीप मित्तल ने दादरी थाने में प्रकरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए मोबाइल की लोकेशन व अन्य बिंदुओं पर जांच की और नगर के मोहल्ला तिगरिया भूड़ निवासी रचित नागर नामक युवक को हिरासत में लिया। जिसके बाद पुलिस ने पूछताछ की तो पता चला कि उसने अन्य दोस्तों के साथ



मिलकर यश मित्तल की पीट पीटकर हत्या कर दी और नगर के धनौरा रोड स्थित तेवा एपीआई फैक्ट्री के सामने स्थित एक तालाब नुमे गड्ढ़े में यश का शव दबा दिया। यह जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने यश के शव को गड्ढ़े से बाहर निकलवाया। पुलिस ने इस मामले में रचित नागर, सुमित, शिवम उर्फ मोंटी, शशिकांत, शिवम चौधरी आदि के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया। पीड़ित परिवार ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर शासन प्रशासन के मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट की थी। जिसके बाद इस प्रकरण में सीबीसीआईडी ने अपनी जांच शुरू कर दी है। सीबीसीआईडी के अधिकारियों ने पीड़ित परिवार के सदस्यों के साथ साथ घटनाक्रम से जुड़े अन्य व्यक्तियों से भी प.ूछताछ की है। घटनास्थल का मुआयना भी किया है और नक्शा आदि भी बनाया है। इतना ही नहीं स्थानीय पुलिस से भी घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की है।

## एक नजर...

# केंद्रीय विद्यालय में क्षयरोग कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चल रहे 100 दिवसीय संघन टीबी रोगी खोजी अभियान के अंतर्गत उप जिला क्षयरोग अधिकारी डॉक्टर पारुल मित्तल और उनकी टीम के द्वारा पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पीलीभीत में टीबी की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बोलते हुए डॉक्टर पारुल मित्तल ने बच्चों को और सभी शिक्षकों को बताया कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 2025 में भारत को टीबी मुक्त घोषित करने का वचन लिया है, इसी क्रम में यह जागरूकता कैंप लगाया जा रहा है जिसके द्वारा बच्चों में जागरूकता आए और वह किसी ऐसे व्यक्ति को देखें जिसे हफ्ते भर से ज्यादा खांसी या बुखार या वजन कम हो रहा हो तो उसको अपने नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र पर भेज कर जांच करवाई और टीबी का सरकार के द्वारा दिया जा रहा मुफ्त इलाज दिलवाएं, जिससे इस बीमारी पर जल्द से जल्द विजय प्राप्त की जा सके। छह रोग केंद्र के सीनियर सुपरवाइजर राजेश कुमार गंगवार ने बच्चों को टीबी से बचाव और टीबी के बारे में विस्तृत जानकारी दी और सारे बच्चों से जो भी समझाया गया उसके बारे में प्रश्न किया गए, जिन बच्चों ने उनके प्रश्नों का सही-सही आंसर दिया उनको उनकी तरफ से एक-एक पेन गिफ्ट किया गए ऐसे 10 बच्चों को क्षय रोग की टीम के द्वारा पुरस्कार स्वरूप पैन गिफ्ट किये गये।

# कीटनाशक छिड़काव के दौरान युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिलगवां निवासी 23 वर्षीय दयाशंकर पुत्र परशुराम सोमवार को गांव के निकट स्थित अपने आम के बाग में कीटनाशक दावों का छिड़काव करने के लिए गए थे। उनके साथ में परिवार के अन्य सदस्य भी थे। दवा का छिड़काव करते समय अचानक दयाशंकर की हालत बिगड़ गई। इस पर साथ में मौजूद परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे चिकित्सकों ने भरती करने के बाद उसका उपचार शुरू किया शाम के समय उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया दयाशंकर पांच भाई और एक बहनों में चौथे नंबर का था परिजनों की ओर से किसी प्रकार का कोई आरोप नहीं लगाया गया है। प्रभारी निरीक्षक सदर कोतवाली राजीव कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मौत का स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची बरखेड़ा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका पिछले तीन साल से अपने मायके में ही रह रही थी। थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम नवादा महेश निवासी सुमन (28) पत्नी संदीप कुमार की ससुराल बरेली जिले के मलूकपुर में है। वह पिछले तीन साल से अपने मायक में ही रह रही थी। उसका पति महाराष्ट्र के मुंबई में चाट का ठेला लगाता है। सोमवार रात उसने अपने घर पर ही रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पुत्री यासिका ने कमरे की खिड़की से अपनी मां को रस्सी के फंदे पर लटका देखा तो शोर मचा दिया। शोर शराबा होने पर आसपास के तमाम लोग एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक थाना बरखेड़ा प्रदीप कुमार विश्नोई फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को उतरवाकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# विकास रत्न शाखा एनसीआर का क्षेत्रीय महासचिव नियुक्त किया

**पिलखुवा।** नगर के जवाहर बाजार निवासी राजीव गोयल को प्रांतीय अध्यक्ष ने भारत विकास परिषद विकास रत्न शाखा एनसीआर का क्षेत्रीय महासचिव नियुक्त किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने बधाई दी।
प्रांतीय अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने कहा कि मोहल्ला बीचपट्टी निवासी राजीव गायेल को एनसीआर का क्षेत्रीय महासचिव नियुक्त किया गया हैं। उन्होंने कहा कि राजीव गोयल संस्था के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर कार्यक्रमों को सफल बनाएंगे।

# भक्ति सेवा समिति द्वारा किया सुन्दर काण्ड का आयोजन

**पिलखुवा।** भक्ति सेवा समिति द्वारा सुन्दर काण्ड घ्कराया गया, एवं 21 कन्याओ का भी पूजन किया गया गया, हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य पर संस्था द्वारा बेटियों को भी सुंदरकांड का पाठ के लिए प्रेरित किया गया। कड़ी चावल, एवं टीफिन बेटियों को बांटे गये, इस उपलक्ष्य पर भक्ति सेवा समिति की सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे, संरक्षिका-कमला बहन जी, अध्यक्ष - लविता बंसल, , सचिव - सुरभि अत्रिश, संयोजिका - प्रीति मित्तल, नीरा कंसल, मिनाक्षी गोयल, कुसुमलता गुप्ता, बिरजेश गुप्ता, रानी बंसल, नीलम गर्ग, आदि 50 महिलाओ की सहभागिता रही।

**डा.मीनाक्षी भराला अब करेंगी 21 मार्च को समीक्षा बैठक**

**हापुड़।** डा; मीनाक्षी भराला का 19 मार्च 2025 को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में परिवर्तन हुआ है यह कार्यक्रम अब 19 मार्च 2025 को न होकर अब दिनांक 21 मार्च 2025 को आयोजित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लोक कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के सम्बंध में सम्बंधित विभाग के अधिकारियों के साथ दिनांक 21 मार्च 2025 को प्रात: 11:00 बजे मेरठ रोड स्थित सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस हापुड़ में बैठक आहूत होनी प्रस्तावित है, इसके उपरान्त अपराह्न 11:00 बजे जनसुनवाई की जानी प्रस्तावित है। विभाग द्वारा निवेदन किया गया है कि महिला सम्बंधित प्रकरणों की जनसुनवाई हेतु अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।

## हार्टफुलनेस एकात्म अभियान के अन्तर्गत हुआ प्राणाहूतिक प्रणायाम योग

# रिलेक्सेशन एवं ध्यान सत्र कार्यक्रम का सीएमओ ने फीता काटकर किया शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पटवाई/रामपुर।** पटवाई स्थित गांव सोहना के कंपोजिट विधालय में हार्टफुलनेस एकात्म अभियान का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि सीएमओ डा.एस.पी. सिंह ने कहा कि ध्यान निश्चित रूप से प्राकृतिक जीवन जीने की ओर ले जा सकता है। यह मन को शांत करता है, तनाव कम करता है, और हमें प्रकृति के साथ बेहतर संबंध स्थापित करने में मदद करता है। प्रतिदिन ध्यान का अभ्यास करते हुए हम अपने मन और तन दोनों को स्वस्थ बनाए रख सकते है। ध्यान तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है, जिससे हम अधिक सहज और खुश महसूस करते हैं। उन्होंने अभिभावकों को मोबाइल के दुष्प्रभाव के बारे में



समझाते हुए बच्चों को मोबाइल से दूर रखने की अपील की। हार्टफुलनेस एकात्म अभियान कार्यक्रम समन्वयक एवं मनोवेदा डा. कुलदीप चौहान ने कहा कि हार्टफुलनेस ध्यान रिलेक्सेशन गाइडेड क्लीलिंग अभ्यास हमारे प्रतिदिन के तनावों को सहज ही रिमूव करते हुए मन को हृदय से कनेक्ट रखता है। यह एक आध्यात्मिक विज्ञान की स्वाभाविक रिसर्च है। आप स्वयं से इस अभ्यास को हार्टफुलनेस प्रशिक्षकों की नि:शुल्क सहायता से अपनाते हुए अनुभव कर सकते है। ध्यान की गहराई तक न पहुंच पाने का सबसे बड़ा कारण यही है कि कोई भी व्यक्ति बिना तन-मन की तैयारी के सीधे ध्यान करने की कोशिस करता है। इसे प्रशिक्षकों की मदद से सहज बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम ती दिनों तक चलेगा जिसमें प्रणाहूतिक प्रणायाम योगासन, उन्नत कृषि के अंतर्गत ड्रिप सिंचाई, सक्रिय जैव चारकोल, हाईड्रोपेनिक खेती का अभ्यास, व्यसन नियंत्रण अभ्यास, हार्टफुलनेस कम्युनिकेशन, ब्राईटर माइंड, आयुर्वेद नाडी द्वारा प्रकुति परीक्षण एवं स्वास्थ्य परामर्श आदि नि:शुल्क गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में हार्टफलनेस की वालेंटियर सीता देवी, वीर सिंह, एस के जौहरी, डा. ओम, सुखलाल, डा. कुलदीप चौहान एवं एनएचएम प्रतिनिधि प्रीति चौधरी एवं कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाध्यापक ऋचा शर्मा, डॉ. वसीम अहमद, संजय कुमार, अमित सक्सेना, सुषमा सिंह, लाल सिंह, प्रदीप कुमार, पृथी सिंह, नीलम शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वसीम अहमद ने किया।

# नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत, कार्यकर्ताओं ने पहनाई फूलमाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार अपने पैतृक आवास, ग्राम धनेली उत्तरी, नर्मदेश्वर मन्दिर पर उपस्थित रहे। जहां पर पूरे जनपद के कार्यकर्ता और पदाधिकारी नवयुक्त जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार से मिलने पहुंचे। इस मौके पर हरीश गंगवार ने सभी को नमन करते हुए कहा, आप सब लोग पूरे जिले के कोने-कोने से इतनी दूर चल के मुझे आशीर्वाद देने आए हैं, मैं आप सब कार्यकर्ताओं को कोटि-कोटि प्रणाम करता हूं और आपका सम्मान को सदैव अपने शीश पर बैठने का वादा करता हूं आप सब लोगों से, आप सब लोगों के उत्साह को देखते हुए मुझे यकीन है कि मेरा कार्यकाल अभी से सफल हो गया और आने वाले पंचायत चुनाव में हम ज्यादा से ज्यादा जिला पंचायत की सभी सीट जीतकर अपने दोबारा जिला पंचायतअध्यक्ष, सभी ब्लॉक प्रमुख, दोबारा अपने बनाएंगे, और




मुझे यकीन है आप सब लोगों के स्नेह प्रेम और आशीर्वाद के दम पर अबकी बार पंचायत चुनाव में प्रदेश में रामपुर अपना पश्चिम अलग ही लहराएगा। उत्साहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं, जनता द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस स्वागत के लिए अभिभूत हू। इस पर पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश गंगवार, वीरेश शर्मा, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, अनुज भारद्वाज, मदन चौहान, शिवम कुक्कू अरोड़ा, चेतन स्वरूप मौर्य, संजय कश्यप, राजेश यादव, सुरेश चेयरमैन, दुर्गेश गंग. वार, सुशील गंगवार, देवराज गंग. वार, योगेंद्र गंगवार, आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रामपुर की मासूमों में गजब की हॉकी प्रतिभा

# आर्थिक और मोरल सपोर्ट से लगेंगे प्रतिभा को पंख, देश का नाम रोशन करने का मासूमों में जज्बा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद की मासूम बच्चियों में गजब की हॉकी सलाहियत देखने को मिलती है।आर्थिक और मोरल सपोर्ट से यकीनन इनकी हॉकी प्रतिभा को तरक्की के पंख लग सकते हैं। माली हालात से कमजोर मासूम बच्चियां में देश का नाम रोशन करने का बेपनाह जज्बा भरा है। जिले के शहीद ए आजम स्पोर्ट स्टेडियम में एक तरफ खिलाड़ी बेहतरीन सुविधाओं, किट्स के साथ प्रैक्टिस करते दिखाई देंगे, तो इसी ग्राउंड पर एक अलग ही दूसरा नजारा भी देखने को मिलना आम है। यह नजारा है मासूम बच्चियां औसतन कपड़ों और फटे जूतों या चप्पलों में हॉकी का बेहतरीन मुजा. हिरा करती दिखाई दे जाएंगी। इनके लिबास पर अगर नजर डाली जाए तो यह सभी बच्चियां किसी झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाली हैं, लेकिन इनके हॉकी के हुनर को देखा जाए तो यह सभी मासूम बच्चियां 14 साल से कम उम्र होने के बावजूद किसी प्रोफेशनल, एक्सपर्टाइज का प्रदर्शन करती हैं। रोशनी राजपूत, आंचल, मशीयत फातिमा, माही, निविता, खुशी, शीतल, सिमरन, किरन, संध्या, हसनत फातिमा,



परी, अंशिका, संजना, निशा सभी अंडर 12 हैं। ग्राउंड के कोने में बगैर गोल पोस्ट के अपनी साथियों के साथ कोलैबोरेशन के लिए तेज आवाजें निकालते हुए हैरतअंगेज खेल का मुजाहिरा करती हैं। ऐसे में उनके खेल को ध्यान से देखने वाला दंग रह जाता है। आर्थिक स्थिति से कमजोर ऐसा जज्बा रखने वाली मासूम बच्चियां खेलो इंडिया के तहत आगे बढ़ने की मुस्तहक हैं। अगर इन्हें थोड़ा सपोर्ट मिल जाए, तो यकीनन इनको देश का परचम बुलंद करने में कोई आड़े नहीं आ सकता। ज्यादातर मासूम लड़कियां करीब के बमनपुरी मोहल्ले के एक ही परिवार से हैं।

गरीबी स्तर से नीचे गुजर बसर करती हैं। इन्हें सुविधाओं के साथ अगर इनके जीवन पोषण का सरकार द्वारा या किसी अन्य संस्था के द्वारा फायदा मिल जाए, तो इनकी प्रतिभा को यकीनन पंख लगेंगे। मासूम बच्चियों के साथ पसीना बहाते कोच फरहत अली खान कहते हैं की सिर्फ 2 साल के अंदर अगर जज्बा रखने वाली इन मासूमों पर मेहनत की जाए तो भारत को सब जूनियर अंडर 14 स्तर के खिलाड़ी मिल सकते हैं।

## अधिवक्ताओं की हिमायत में उतरे रामपुर के सांसद

# अधिवक्ताओं के चैम्बर नहीं तोड़े जाने को लेकर डीएम को भेजा पत्र



मोहिबुल्लाह नदवी सांसद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने अधिवक्ताओं के चैम्बर तोड़ने के विरोधा प्रदर्शन एवं धरने के समर्थन में जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट रामपुर को पत्र लिखा। जिसमें उनके द्वारा कहा गया कि जनपद रामपुर की जिला कचहरी में अधिवक्तागण के चैम्बर काफी समय पहले से स्थापित हैं। जिसपर बैठकर अधिवक्तागण अपने विधि व्यवसाय करते हैं तथा अधिवक्तागण का विधि व्यवसाय के अतिरिक्त अन्य कोई आय का स्त्रेत नहीं है। जिस कारण समस्त अधिवक्तागण अत्याधिक मानसिक व आर्थिक प्रताडना से गुजर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला कचहरी जनपद रामपुर के अधिावक्तागण द्वारा पूर्ण रूप से हड़ताल की जा रही है जिस कारण आम जनता को भी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। राज्य सरकार/जिला प्रशासन अधिवक्तागणों के चैम्बरों को तोड़कर न्यायालय कक्षा बनाना चाहती है जबकि कोर्ट कैम्पस में काफी जगह खाली पड़ी हुई है जिस पर सुविधापूर्वक न्यायालय के कक्षों का निर्माण किया जा सकता है। उक्त जानकारी सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी के मीडिया प्रभारी/लीगल एडवाइजर महबूब अली पाशा एडवोकेट द्वारा दी गयी।

# मजदूरी के रुपये मांगने पर युवक के ऊपर फायर झोंकने वाला तमंचे सहित गिरफ्तार

**( मोहम्मद फारूख )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** शनिवार की रात युवक को मजदूरी के पैसे मांगना भारी पड़ गया युवक ने मजदूरी के पैसे मांगे तो युवक के ऊपर फायर झोक दिया जिसमे युवक बाल बाल बच गया। पुलिस ने सोमवार की शाम उसे गिरफ्तार कर तमंचा भी बरामद किया है। चौकी क्षेत्र के गांव किशनपुर आरपी निवासी शिव कुमार पुत्र कान्ता प्रसाद ने बेलबाड़ा निवासी युवक गुरप्रीत के यहां पर काम किया था उसके मजदूरी के पैसे गुरप्रीत नही दे रहा था शिव कुमार ने गुरप्रीत से अपने पैसे मांगे तब गुरप्रीत ने गाली-गलौच करना शुरू कर दी।

जब शिव कुमार ने इसका विरोध किया तो उसने फायर झोक दिया ।



जिससे वह बाल बाल बचा फायर की आवाज सुन कर गांव मे अफरा तफरी मच गई थी । लोग मौके पर पहुंचे तब तक फायर झोंकने वाले युवक फरार हो गये। गांव मे फायर होने की सूचना पुलिस को लगी तो पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई शिव कुमार ने गुरप्रीत व अज्ञात व के खिलाफ चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की । उधर पुलिस ने सोमवार की देर शाम सीतारामपुर मार्ग से गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने उसकी निशानदेही पर तमंचा भी बरामद कर लिया मंगलवार को उसे न्यायालय में पेश किया यहां से जेल भेज दिया गया है।

# शिक्षक संकुल की मासिक बैठक हुई आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को शासन के निर्देशानुसार सैदनगर ब्लॉक की सरावा न्याय पंचायत की शिक्षक संकुल मासिक बैठक का आयोजन कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में किया गया। बैठक का प्रारंभ कंपोजिट स्कूल घाटमपुर के द्वारा प्रस्तुत प्रेरणा गीत से हुआ।

इसके पश्चात पूर्व निर्धारित एजेंडा के अनुसार शिक्षक सुरेंद्र सिंह एवं चिरंजीव कुमार के द्वारा शिक्षण अधिगम सामग्री का प्रस्तुतीकरण किया गया। नोडल शिक्षक संकुल अमरपाल सिंह के द्वारा बैठक के एजेंडा के प्रमुख बिंदुओं पर उपस्थित शिक्षकों के साथ चर्चा की गई। ताकि वह अपने विद्यालय को बेहतर बना सकें। शिक्षक संकुल




रामपु। बैठक में शिक्षण अधिगम सामग्री प्रस्तुत करते शिक्षक।

मासिक बैठक में आगामी 24 मार्च से होने वाली वार्षिक परीक्षा की तैयारी पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वाधिक उपस्थिति वाले विद्यालय के शिक्षकों तथा शिक्षण में नवाचार के लिए शिक्षकों की सराहना की गई। बैठक में उत्कृष्ट शैक्षिक प्रथाओं, नई तकनीक के उपयोग और छात्र केंद्रित दृष्टिकोण, इको क्लब फॉर मिशन लाइफ, स्पोर्ट्स क्लब, गणित क्लब, विज्ञान क्लब, व अन्य क्लब के गठन, आगामी माह की गतिविधियों पर चर्चा की गई। बैठक में आगामी शैक्षिक सत्र के लिए नामांकन वृद्धि के लिए कार्य योजना बनाई गई।

बैठक में प्रशिक्षण हैंड आउट्स, प्रिंट रिच सामग्री, किट्स एवं तालि. का आदि शैक्षणिक सामग्री का कक्षा शिक्षण में किस तरह प्रयोग किया जाए इस पर चर्चा की गई। बैठक में शिक्षक संकुल मोनिका, हिमांजलि, शिल्पी अग्रवाल, सबा नूर, शिक्षक चिरंजीव कुमार, मुजा. हिद खान, मलखान सिंह, नाजिम अली, सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, वीर सिंह, चीनू, डिंपी, रूप किशोर, अकबर अली, शबनम बी, नुजहत फात्मा, नीरू अग्रवाल, रजिया बेगम, संगीता यादव, सीमा गौहर, नेहा कश्यप, पूजा, गुंजन शर्मा, सतेंद्र रावत, आशा यादव, सुधांशु भारद्वाज, इफ्तेखार जैदी, किशन सिंह, जसवीर सिंह, बबलू, संजय, गुलरेज शम्सी, अहमद अली, भगवती, पंपी राना, अमर वर्मा आदि उपस्थित रहे। बैठक में सरावा न्याय पंचायत में आने वाले सभी विद्यालयों के शिक्षक और शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

# नगर पालिका रामपुर में हाउस टैक्स और वाटर टैक्स की बड़ी दरों पर भड़के सभासद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** आम आदेमी पार्टी के जिला महासचिव व सभासद वार्ड 36 मोहम्मद जफर नें नगर पालिका चेयरमैन पर आरोप लगाते हुए कहा है कि आम आदमी पार्टी की नगर पालिका परिषद रामपुर चेयरपर्सन ने निकाय चुनाव में अपने मेनिफेस्टो में आवाम से वादा किया था कि यदि हम पालिका का चुनाव जीत ते हैं तो रामपुर की आवाम को हाउस टैक्स हाफ और वॉटर टैक्स माफ के रूप में एक तोहफा देंगे परन्तु जितने के बाद पालिका अध्यक्ष ने अपने वादों पर कोई काम नहीं किया उलटा गरीब आवाम को लूटने की तैयारी में लगी हैं। अपने जारी बयान में आम आदमी पार्टी के जिला महासचिव व वार्ड नंबर 36 के



मोहम्मद जफर सभासद

सभासद डॉ. जफर ने कहा कि रामपुर की आवाम ने मुंह दिखाई में दुल्हन को नगर पालिका परिषद रामपुर की कुर्सी तो दे दी लेकिन बदले में दुल्हन ने रामपुर की आवाम को धोखे पर धोखे और साथ ही साथ एक नई बड़ी मुश्किल में डाल दिया जिससे अवाम के साथ-साथ सभासद मोहम्मद जफर भी काफी नाराज हैं उनका कहना है कि रामपुर की आवाम पहले से ही गरीबी की मार झेल रही है और कारोबार न होने के कारण दो वक्त की रोटी मयस्सर करना भी मुश्किल हो चुका है। ऐसे में पालिका द्वारा हाउस टैक्स को 10 गुना बढ़ाया व 2019 से लागु किया जाना कहीं ना कहीं शहर की आवाम के साथ यह एक बड़ी नाइंसाफी है प्रेस से बात करते हुए सभासद ने बताया कि पूर्व में भी बोर्ड की मीटिंग में इस मुद्दे पर बहस हुई और कुछ सभासदों से डॉक्टर जफर की नोंक झोंक भी हुई थी के हाउस टैक्स और वॉटर टैक्स रामपुर की आवाम पर ना लगाया जाए। परंतु बिना बोर्ड की सहमति के पालिका अध्यक्ष अपनी मनमानी करते हुए रामपुर में बिना दरवाजों के गरीबों के मकानों पर लगातार हाउस टैक्स और वॉटर टैक्स के नोटिस भेज रही हैं ऐसे में सवाल बनता है कि क्या पालिका अध्यक्ष अपने किए हुए सारे वादे भूल चुकी हैं। उन्होंने कहा कि रामपुर की आवाम ने तो आपको तोहफे में पालिका की चेयर दे दी परंतु आपका भी दायित्व बनता है कि आप भी पालिका के द्वारा हाउस टैक्स और वॉटर टैक्स न लगाया जाए। उन्होंने कहा कि वह किसी भी कीमत पर शहर वासियों के ऊपर हाउस टैक्स और वॉटर टैक्स नहीं लगने देंगे यदि उन्हें जरूरत पड़ी तो धरने पर भी बैठने को तैयार हैं। परन्तु यह किसी कीमत पर बर्दाश नहीं किया जाएगा।

# ईओ ने प्रतिबन्धित पॉलीथीन के सामान से लदी ई-रिक्शा पकड़कर की जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** नगर पंचायत ईओ मनोज कुमार मिश्रा ने छापामार कार्रवाई कर नगर मे बेचने के लिए लाई जारही ई-रिक्शा मे भरकर प्रती बन्धित पॉलीथीन से बने गिलास थर्मकोल से बनी खाने वाली प्लेटे पकड़कर की कार्रवाई प्लास्टिक के समान के बर्तनो से भरी ई-रिक्शा के पकड़कर ईओ के कार्रवाई करने से दुकानदारो मे हड़कंप मच गया। नगर पंचायत ईओ मनोज कुमार मिश्रा को सूचना लगी कि नगर पंचायत मे एक रिक्शा बिक्री के लिए प्रतिबन्धित प्लास्टिक का सामन बेचने के लिए भर कर लाया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी ने सूचना के आधार पर एक ई-रिक्शा को पकड़कर नगर पंचायत कार्यालय ले गए ई रिक्शा मे 19 नग भरे हुए थे जिसमे 17 बॉक्स और दो बोरे जब उनको खोल कर देखा गया तो उनमे सारे का सारा प्रतिबन्धित पॉलीथीन का समान भरा था जिसका बजन लगभग पचास किलो ग्राम के करीब है।



जिसको नगर पंचायत प्रशासन ने अपने कब्जे मे ले लिया है वहीं अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रती बन्धित पॉलीथीन के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। ईओ की इस कार्रवाई से दुकानदारो मे हड़कंप मचा हुआ है इस दौरान वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार चन्द्रा, राहुल कुमार, नवनीत, नरेश ,भूकन, सोमपाल आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# बहन मायावती की सरकार में कानून व्यवस्था रहती थी चाक चौबंद: रण विजय सिंह

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** बुधवार को बहुजन समाज पार्टी का एक कार्यक्रम मिलक विधानसभा क्षेत्र के नगर मिलक में विधानसभा प्रभारी नवनीत यदुवंशी एडवोकेट के प्रतिष्ठान पर हुआ। जिससे मुख्य अतिथि के रूप में रण विजय सिंह एडवोकेट मंडल प्रभारी मंडप मुरादाबाद ने अपने संबोधन में कहा कि बहन कुमारी मायावती के आदेश पर सेक्टर कमेटियों का गठन चल रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा को 4 सेक्टर में वाटकर विधानसभा प्रभारियों की ड्यूटी लगाई है बे गांव गांव जाकर सेक्टर कमेटिया तैयार करेंगे तथा निष्क्रिय सदस्यों के स्थान पर मजबूत और सक्रिय कार्यकर्ता को कमेटी में स्थान देंगे। आगे कहा की बहन मायावती की सरकार में कानून व्यवस्था एकदम चाक चौबंद रहती थी।

अधिकारी समय पर ऑफिस आते और जनता की समस्याओं का समाधान करते थे आज अधिकारी बेलगाम है कानून व्यवस्था चौपट है। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद सागर एडवोकेट ने अपने संबोधन में कहा ,की जनता बसपा के सुशासन को याद कर रही है। जितना विकास बसपा के शासन में हुआ उतना किसी सरकार में नहीं हुआ। बहन मायावती की प्रदेश में जब-जब सरकार आई अधिक से अधिक भर्तियां निकली उन्होंने अपने चौथे शासनकाल में सवा लाख सफाई कर्मचारियों की भारतीकर कमजोर वर्ग को नौकरी देने का काम किया। कहां बसपा की सरकार में किसानों का गन्ने का मूल सबसे अधिक बढ़ाया गया मुस्लिम समाज के उत्थान के लिए अरबी फारसी विश्वविद्यालय लखनऊ में खोल इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश बौद्ध ने भी अपने संबोधन में पार्टी संगठन के मजबूती पर विस्तार से चर्चा की कहां आने वाला समय बहुजन समाज पार्टी का है और आने वाले 2027 के चुनाव में प्रदेश में बसपा का परचम लहराएगा। कार्यक्रम में राजेश प्रकाश सैनी जिला प्रभारी, ऋषिपाल सिंह प्रधान तिलक राज बौद्ध, जिला महासचिव रमेश श्रीवास्तव, अर्जुन सिंह सागर, नवनीत यदुवंशी विधानसभा प्रभारी, ओंकार सिंह विधानसभा, प्रभारी हरनंदन सागर विधानसभा अध्यक्ष, नजमी खान विधानसभा उपाध्यक्ष , परमानंद श्रीवास्तव विधानसभा महासचिव, अमित रामपुरी विधानसभा कोषाध्यक्ष, मुर्तजा हसन खान मियां, इसरार अली, राकेश सागर, खूब सिंह भाटी, शाकिर पहलवान, एडवोकेट , नेमचंद, माखन लाल सागर, रमेश सागर, बांदूराम ठेकेदार, विजेंद्र सागर, रघुवीर सिंह दरोगा, दिलीप सिंह बी.बी.एफ, रामवीर सिंह मुस्तफा हुसैन, नन्हे भाई, कामिल भाई, राजाराम, रमेश सागर, अवनीश श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, मदनलाल श्रीवास्तव, रामअवतार श्रीवास्तव, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# पुलिस ने शांति भंग में चार को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** अलग-अलग हुई मारपीट की घटनाओं में कोतवाली पुलिस चार लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया। पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मिलक रामपुर के नेतृत्व में थाना मिलक पुलिस द्वारा मारपीट पर आमदा चार नफर अभियुक्तगण कपिल पुत्र नुक्ताप्रसाद निवासी ग्राम रठोण्डा थाना मिलक जनपद रामपुर उम्र 25 वर्ष, अमन पुत्र मनोज कुमार,सोनू पुत्र मनोज कुमार निवासीगण ग्राम लाड़पुर थाना मिलक जनपद रामपुर और सो. हनलाल पुत्र हेतराम निवासी ग्राम पुरैनिया कला थाना मिलक रामपुर को अन्तर्गत धारा 170/126/135 भा.ना.सु.सं के गिरफ्तार कर एसडीएम कोर्ट मिलक भेजा गया।

# गृह क्लेश के चलते विवाहिता ने पिया तेजाब, हालत गंभीर-रेफर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**शाहबाद/रामपुर।** गृह क्लेश के चलते महिला ने टॉयलेट में इस्तेमाल करने वाला तेजाब पी लिया जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई आनंन फानन में परिजन महिला को समुदाय स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। यहां पर चिकित्सक कौन है प्राथमिक उपचार देकर हार्दिक गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

मंगलवार को शाहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नवाबपुरा निवासी भानु की शादी लगभग दो वर्ष पूर्व मुरादाबाद की रहने वाली 23 वर्षीय आरती से हुई थी ।

शादी के कुछ दिनों बाद ही पति-पत्नी में विवाद होने लगा । बताया जा रहा है कि दो दिन पहले भी पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिसके बाद भानु काम के सिलसिले में बाहर चला गया। आज भी फोन पर पति-पत्नी के बीच कहां सुनी हो गई इसके बाद आरती ने टॉयलेट सफाई में इस्तेमाल करने वाला तेजाब पी लिया तेजाब पीने के बाद आरती की हालत बिगड़ने लगी हालात बिगड़ते देख परिजन आरती को आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टर ने आर्टिबक इलाज शुरू किया लेकिन हालत में सुधार न होने पर आरती को जिला अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन बताया जा रहा है कि परिजन उसको किसी निजी चिकित्सक के हैं इलाज के लिए ले गए हैं।



# प्रेमी युवक से शादी करने के लिए मसवासी पहुंची प्रेमिका, मचा हड़कंप

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** उत्तराखंड के आईटीआई थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती प्रेमी के घर मसवासी पहुंच गई और शादी की जिद पर अड़ गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और प्रेमी युगल को समझने की कोशिश की। उत्तराखंड के आईटीआई थाना क्षेत्र की एक युवती का मसवासी के एक मोहल्ले के युवक के साथ फोन पर प्रेम प्रसंग हो गया। जिसमें दोनों ने एक दूसरे के साथ जीने मरने की कसम खाई थी जिसके तहत युवती सोमवार की देर शाम प्रेमी के घर मसवासी के मोहल्ला चाउपुरा पहुंच गई और उससे शादी की जिद करने लगी प्रेमी के परिजनों में हड़कंप मच गया और उन्होंने युवती को काफी समझाने की कोशिश की। इसी दौरान सूचना पाकर मसवासी पुलिस भी प्रेमी के घर पहुंच गई प्रेमी और प्रेमिका नाबा. लिग बताई जा रहे हैं जिसको लेकर परिजनों में भी हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने युवक और युवती को अपनी अभिरक्षा में ले लिया है। युवती के परिजनों को भी सूचना देकर मसवासी बुलाया गया है समाचार भेजे जाने तक दोनों पक्ष पुलिस चौकी में जमा है युवती युवक के साथ शादी की जिद पर अड़ी हुई है।परीवार वाले युवती को समझाने के प्रयास मे लगे है।

# अधेड़ पर टूटकर गिरा पेड़, बाइक भी टकराई, दो घायल, रेफर

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** चंदौसी रोड स्थित शिव मंदिर के पास अचानक पेड़ टूटकर अधेड़ पर गिर गया सामने से आ रहे बाइक सवार टूटे हुए पेड़ से टकरा गए जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद लाया गया जहां घायलों की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मंगलवार को शाहाबाद थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर देव के रहने वाले 60 वर्षीय बादशाह सिंह शाहाबाद से अपने गांव की ओर जा रहे थे।

चंदौसी रोड शिव मंदिर के पास अचानक आम के पेड़ की कुछ मोटी शाखे टूटकर अधेड़ बादशाह पर गिर गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया इसी दौरान सामने से आ रहे शाहाबाद के मोहल्ला मंगोली निवासी 30 वर्षीय राम बहादुर अपने दोस्त दीपक के साथ बाइक से कोठी पर घूमने जा रहा था कि अचानक गिरी शाख से उसकी बाइक भी टकरा गई जिससे राम बहादुर भी गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों ने घायलों को उठाया।सूचना पर पहुँची एम्बुलेंस यूपी 32 ईजी 4871 ई एम टी प्रमोद कुमार व पायलट सचिन यादव घायलों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचे। चिकित्सकों ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया और हालात को नाजुक होने और बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर घरेलू परिजन की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचे और घायलों के साथ जिला अस्पताल पहुंचे।



# श्याम संकीर्तन महोत्सव 22 मार्च को रामलीला मैदान में होगा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** नगर में श्याम प्रेमियों की तरफ से श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन 22 मार्च को रामलीला मैदान में होगा। इससे पूर्व श्याम ध्वजा भी निकाला जाएगा नगर में श्री श्याम सरकार सेवा ट्रस्ट कि आज हुई विशेष बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 21 मार्च को दोपहर 3:00 बजे से श्री श्याम ध्वजा प्राचीन शिव मंदिर से प्रारंभ की जाएगी। जो होली रोड, वाल्मिकी बस्ती,पटवाई रोड, नगर पालिका के सामने होते हुए तीन बत्ती चौराहे से रामलीला मैदान पहुंचेगी अगले दिन 22 मार्च को रात्रि 8:00 बजे से श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव शुरू होगा जिसमें बाहर से आए कलाकारों द्वारा श्री श्याम सरकार का गुणगान किया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है इस अवसर पर अभिषेक अग्रवाल, डॉ डी.के अग्रवाल, सुरेंद्र गिरि,पुरुषोत्तम पांडे, विकास अग्रवाल, राजू शर्मा, वीरेंदर पटवा, नितिन शर्मा अजय गंगवार आदि उपस्थित थे संचालन सुरेंद्र शर्मा ने किया।

# मारपीट के मामले में अधिवक्ता ने एसपी से की शिकायत

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहाबाद/रामपुर।**बार एसोसिएशन तहसील शाहाबाद के सदस्य अधिवक्ता घनेंद्र यादव ने संपूर्ण समाधान दिवस में एसपी रामपुर विद्यासागर मिश्र को मारपीट के मामले में अवगत कराते हुए एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था जिसमें अधिवक्ता का आरोप है कि कि वह बीते 11 मार्च को कचहरी जाने के लिए अपने घर से निकले थे कि रास्ते में वीरपाल व महिपाल निवासी ग्राम ठिरिया जदीद जो कि नशे के हालात में थे और अधिवक्ता को रोक लिया और बात करने लगे प्रार्थी ने बात करने से मना किया तो गाली गलौज करने लगे प्रार्थी ने गाली देने को विरोध किया तो उपरोक्त दोनों लोग अधिवक्ता के साथ मारपीट करने लगे प्रार्थी के शोर मचाने पर प्रार्थी चचेरा भाई पिंटू आ गया दोनों लोगों ने बिना कुछ सोचे समझे पिंटू के सर पर लोहे की राड से वार कर दिया।

जिससे पिंटू लहान हो गया उसके बाद प्रार्थी अपने भाई पिंटू को लेकर कोतवाली शाहबाद पहुंच शिकायती प्रार्थना पत्र दिया उसके पश्चात पिंटू का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद में मेडिकल कराया गया पिंटू के सिर में गंभीर चोट आई है। प्रार्थी अधिवक्ता का यह भी आरोप है कि उपरोक्त दोनों लोग आए दिन गांव में नाजायज हत्यार लेकर घूमते हैं और कहते हैं कि वकीलों की लाश नाले, रेलवे फाटक तथा कहीं जंगल में पड़ी मिलती है अब तेरा भी समय नजदीक आ गया है अब जल्दी ही तुझे भी मौत के घाट उतारगे।

प्रार्थी पेशे से अधिवक्ता है और देर सवेर आता जाता है उपरोक्त व्यक्तियों से प्रार्थियों को अपनी जान कमल का खतरा बना हुआ है प्रार्थी के प्रार्थना पत्र संज्ञान लेते हुए उपरोक्त के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करे।

# ईओ ने किया प्रदूषण फैला रही आटा चक्की को सीज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** ध्वनि प्रदूषण फैल रही आटा चक्की को अधिशासी अधिकारी ने पुलिस वल के साथ पहुंचकर सीज कर दिया नगर के फाटक पार स्थित आटा चक्की की तेज आवाज से आस पड़ोस के लोगों को ध्वनि प्रदूषण का सामना करना पड़ा था जिसकी शिकायत काफी समय से स्थानीय नागरिकों द्वारा अधिकारियों से की जा रही थी।

इसी शिकायत के आधार पर अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने आटा चक्की पर पहुंच कर मिल रही शिकायत के आधार पर आसपास के लोगों से बात की प्रदूषण बोर्ड मुरादाबाद शिकायत पर अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने पाया कि आटा चक्की की बड़ी मशीन की आवाज बहुत तेज है और लोगों को परेशानी हो रही है इसी संबंध में प्रदूषण बोर्ड मुरादाबाद के संज्ञान लिया गया जिसमें शिकायत सही पाई गई । जिसमें आटा चक्की की बड़ी मशीन की आवाज लगभग नियमानुसार 50 डेसिमल होना चाहिए जांच में आटा चक्की की बड़ी मशीन की आवाज 70 डेसिमल आवाज पाई गई जिसको आज क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह परिहार के साथ अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद के द्वारा आटा चक्की बड़ी मशीन सीज की गई।

# पुलिस ने की 9 पर शांति भंग की कार्यवाही

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहाबाद/रामपुर।** कोतवाली पुलिस शाहाबाद ने मंगलवार को अलग-अलग मामलों में शांति भंग की आशंका पर उपनिरीक्षक मनोज कुमार चौधरी, उपनिरीक्षक विष्णु कुमार वर्मा, हेड कांस्टेबल गिरिन्द सिंह, हेड कांस्टेबल अंकित कुमार हेड कांस्टेबल राहुल कुमार , कांस्टेबल मुकुल चौधरी के सहयोग से ओमवीर उर्फ मंत्री पुत्र किशनलाल उम्र 40 वर्ष, इंद्रपाल पुत्र भगवान दास उम्र 20 वर्ष, भगवान दास पुत्र लटूरी निवासी भरतपुर थाना शाहबाद जिला रामपुर, धर्मपाल पुत्र डालचंद उम्र 50 वर्ष, सतपाल पुत्र कल उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम नादरगंज थाना शाहबाद जिला रामपुर, संजू पुत्र मुन्नालाल उम्र 30 वर्ष, गौतम पुत्र मिलाल उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम अहमदनगर थाना शाहाबाद जिला रामपुर व ओमवीर पुत्र निकट पाल उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम ढकिया थाना शाहाबाद जिला रामपुर। मेशर पुत्र साबिर उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम ओसी थाना शाहबाद को गिरफ्तार कर शांति भंग की कार्यवाही करते हुए जिलाधिकारी शाहाबाद के न्यायालय में पेश किया है।



# चोरी के माल व तमंचे के साथ पांच गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार/रामपुर।** चोरी के अभियोग का सफल अनावरण कर चोरी किये माल एवं नाजायज तमंचे व चाकू के साथ 5 अभियुक्तगण गिरफ्तार किया गया।

27 फरवरी को वादिनी की तहरीर पर अज्ञात अभियुक्तगण द्वारा वादिनी के घर में घुस कर 1जोड़ी कुण्डल, कानो की बाली,पैरो की पायल, कान की दूरिया व 25000 रुपये चोरी कर ले जाने के सम्बंध में चोरी कर ले जाने का मुकदमा पंजीकृत किया गया।विवेचना के क्रम में संकलन के आधार पर अभियुक्त अब्दुल सलाम पुत्र गोहर अली, कमरुद्दीन पुत्र शमशाद, रिहान पुत्र मेहंदी हसन निवासी रसूलपुर नई बस्ती स्वार, यूनुस पुत्र यूसुफ निवासी भोला कालोनी उर्फ लखनऊ कालोनी थाना गदरपुर उधमसिंह नगर, लियाकत पुत्र अकबर अली निवासी नेवाद थाना भोट को गांव इमरताराय जाने वाले रास्ते पर खण्डर के पास चोरी किये माल तमंचे व चाकू के साथ गिरफ्तार किया व पाचों अभियुक्तों पर विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ.नि. अमर पाल सिंह,रामबाबू, जितेंद्र सिंह, वीरेश शुक्ला, हे.का.कपिल देव, नवाब शरीफ, टिंकू चौधरी, नितेश कुमार, नीरज कुमार आदि मौजूद रहे।



# कोतवाली पुलिस ने तमंचे व कारतूस के साथ एक को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे के निर्देशन में व कोतवाली प्रभारी कुलदीप सिंह के नेर्तत्व में मंगलवार को नफर अभियुक्त गुरुविंदर उर्फ गोपी पुत्र परमजीत सिंह उर्फ पप्पू निवासी जमुना जमनी को मुंशीगंज तेराहे खण्डर के पास से एक अदद नाजायज12 बोर का तमंचा 1 अदद जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मनोज कुमार हैड कांस्टेबल विकास कुमार, नितिन कुमार आदि मौजूद रहे।



# सैफनी पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी/रामपुर।** थाना पुलिस ने मंगलवार को अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत एक वारंटी अनवार पुत्र छोटे उम्र 58 वर्ष निवासी मोहल्ला प्राइमरी स्कूल के पास भजनपुर कस्बा व थाना सैफनी जनपद रामपुर को उसके मकान से गिरफ्तार कर कार्यवाही कर न्यायालय रामपुर के समक्ष पेश किया गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जोर सिंह, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, होमगार्ड सुरजीत सिंह शामिल रहे।

# सिंचाई विभाग की भूमि से हटा अतिक्रमण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**टांडा/रामपुर।** नहर विभाग की टांडा खास में स्थित जमीन गाटा 351 तथा 223 की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया गया था। इसे लेकर उप राजस्व नहर खंड ने उप जिलाधिकारी टांडा को पत्र लिखकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए सहयोग मांगा था। नहर विभाग ने सोमवार को मुनादी कराई गई थी कि जिन लोगों ने नहर विभाग की भूमि पर अतिक्रमण कर रखा था वह स्वयं अपना कब्जा हटा लें, अन्यथा 18 मार्च को बेदखली एवं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस बल तथा सिंचाई विभाग की टीम मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उप जिलाधिकारी टांडा कुमार गौरव बताया कि सिंचाई विभाग की भूमि पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया जिसे मंगलवार को हटवाने की कार्रवाई की गई।



# संगठन की बैठक को लेकर हुई चर्चा



शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोक दल जिला कार्यालय पर कल होने वाली महिला प्रकोष्ट की बैठक को लेकर मंडल अध्यक्ष तराना बेगम एवं शशि बाला सें चर्चा की गई।

इस दौरान बैठक को लेकर तैयारियों पर चर्चा करते हुए नगरध्यक्ष नवाब खां, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ से प्रदेश महासचिव फिरोज आलम, नगर महासचिव मोनी खान, मजहर खान बबलू, कासिम आदि दर्जनों कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# पुलिस ने एक नफर वारंटी किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर एक नफर वारंटी को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय को भेजा।

पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मिलक के नेतृत्व में थाना मिलक पुलिस द्वारा एक नफर वारण्टी अभियुक्त विदेशपाल पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी ग्राम गंगापुर शर्की घोसीपुरा थाना मिलक जनपद रामपुर मो.न. सम्बन्धित वाद संख्या 2551/08, मु.अ.सं. 1784/08 धारा 325/ 323/504/ 506 भानदवि सम्बन्धित न्यायालय अपर सिविल जज प्रवर वर्ग द्वितीय रामपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।



# केकेआर-आरसीबी के बीच होगा IPL का आगाज

## शुरुआत 22 मार्च से होगी, 12 बार होंगे डबर हेडर, फाइनल मैच ईडन गार्डंस स्टेडियम में




**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल के 18वें सीजन की शुरुआत 22 मार्च से हो रही है। पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच ईडन गार्डन्स स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से होगा। ओपनिंग सेरेमनी भी कोल. काता में ही होगी। इस सीजन में 10 ही टीमें हिस्सा ले रही हैं।

बीसीसीआई ने 2022 में टीमों को 8 से बढ़ाकर 10 कर दिया था। तब से लीग में 10 टीमें ही खेल रही हैं। 10 टीमों को 5-5 के दो ग्रुप में बांटा गया है। हर टीम अपने ग्रुप की 4 टीमों से 2-2 मैच खेलेगी, जबकि दूसरे ग्रुप की 4 टीमों से एक-एक और पांचवीं टीम से 2 मैच खेलेगी। मान लीजिए ग्रुप-ए की टीम सीएसके अपने ग्रुप में केकेआर, त्त, आरसीबी और पीबीकेएस से 2-2 मैच खेलेगी। वहीं, दूसरे ग्रुप-बी की एक टीम मुंबई के खिलाफ चेन्नई के 2 मैच होंगे, वहीं हैदराबाद, गुजरात, दिल्ली और लखनऊ के खिलाफ 1-1 मैच होगा। 13 वेन्यू पर मैच खेले जाएंगे। 10 टीमों के होम वेन्यू के अलावा, 3 टीमों ने सब्स्टिटयूट वेन्यू भी रखे हैं। गुवाहाटी राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का दूसरा होमग्राउंड है। यहां टीम के 2 मैच होंगे। धर्मशाला पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) का दूसरा होम ग्राउंड है।

यहां टीम के 3 मैच होंगे। विशाखापटनम दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का दूसरा होमग्राउंड है। यहां टीम 2 मैच खेलेगी। सबसे ज्यादा 9-9 मुकाबले कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम और हैदराबाद के राजीव गांधी उप्पल इंटरनेशनल स्टेडियम में होंगे। यहां टीम के 7 होम मैचों के अलावा प्लेऑफ के 2-2 मुकाबले भी होंगे। आईपीएल में परंपरा रही है कि टूर्नामेंट का ओपनिंग और फाइनल मैच पिछली चैंपियन के होम ग्राउंड पर खेला जाता है। इस बार भी कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में यह दोनों मैच होंगे। कोलकाता में 23 मई को क्वालिफायर-2 भी खेला जाएगा। पिछले सीजन की रनर-अप टीम सनराइजर्स हैदराबाद के होम ग्राउंड राजीव गांधी उप्पल स्टेडियम में भी 2 प्लेऑफ मैच होंगे। यहां 20 मई को क्वालिफायर-1 और 21 मई को एलिमिनेटर खेला जाएगा। मेगा ऑक्शन के बाद कुछ टीमों ने अलग-अलग कारणों से अपने खिलाड़ियों के रिप्लेसमेंट जारी किए। हैरी ब्रुक निजी कारणों की वजह से नहीं खेल रहे हैं। वहीं अल्लाह गजनफर, लिजाड विलियम्स, ब्रायडन कार्स और उमरान मलिक इंजरी के कारण बाहर हो गए हैं। लीग के दौरान शनिवार और रविवार को डबल हेडर मैच होते हैं। डबल हेडर यानी कि एक दिन में दो मुकाबले। इस बार 12 डबल हेडर होंगे। 22 मार्च से हर दिन मैच खेले जाएंगे। 18 मई को ग्रुप स्टेज खत्म होगा। प्लेऑफ के दौरान 19, 22 और 24 मई को मैच नहीं होंगे। 18वें सीजन का पहला डबल हेडर 23 मार्च को होगा। दोपहर 3.30 बजे से एसआरएस और आरआर हैदराबाद में भिड़ेंगी। वहीं शाम 7.30 बजे से मुंबई और चेन्नई के बीच मुकाबला खेला जाएगा। मार्च में इसके बाद 30 तारीख को ही डबल हेडर होगा। अप्रैल में 5, 6, 12, 13, 19, 20 और 27 तारीख को एक दिन में 2 मैच होंगे। वहीं मई में 4, 11 और 18 तारीख को डबल हेडर खेले जाएंगे। सभी डबल हेडर शनिवार या रविवार को ही होंगे। लेऑफ स्टेज 20 मई को शुरू होगा, इस दिन क्वालिफायर-1 खेला जाएगा। फिर 21 मई को एलिमिनेटर, 23 मई को क्वालिफायर-2 होगा। फिर 25 मई को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इस सीजन भी इम्पैक्ट प्लेयर्स रूल रहेगा। बीसीसीआई ने 28 सितंबर 2024 को गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद इम्पैक्ट प्लेयर्स रूल को 2025 से 2027 तक जारी रखने का फैसला किया था। इम्पैक्ट प्लेयर रूल के तहत टीमें बीच मैच में किसी एक प्लेयर को बेंच पर बैठे खिलाड़ी से रिप्लेस कर सकती हैं। हालांकि, रिप्लेस किया गया खिलाड़ी उस मैच में वापस नहीं आ सकता है। इस तरह एक मुकाबले में एक टीम से 12 खिलाड़ी खेलते हैं। किसी टीम की प्लेइंग-11 में विदेश के 4 खिलाड़ी ही खेल सकते हैं, बाकी 7 भारतीय खिलाड़ियों को मौका देना होगा। टीमें चाहें तो 11 भारतीय प्लेयर के साथ भी उतर सकती हैं। दोनों टीमें अगर अपनी-अपनी पारियों में बराबर रन बनाती हैं तो मैच टाई होता है। इसके बाद फैसले के लिए सुपर ओवर खेला जाता है। इसमें दोनों टीमें 1-1 ओवर बैटिंग करती हैं, ज्यादा रन बनाने वाली टीम विज. ेता होती है। सुपर ओवर भी टाई रहा तो अगला सुपर ओवर होगा। यह तब तक होगा, जब तक नतीजा नहीं आ जाता।



# मयंक यादव ने बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गेंदबाजी अभ्यास शुरू किया

● **मयंक को पिछले साल चोट लगी थी और तभी से वह रिहैब से गुजर रहे है**

**बंगलुरु, वार्ता।** आईपीएल 2025 सत्र की शुरुआत से पहले लखनऊ सुपरजाएंट्स के लिए राहत की खबर आई है। टीम के तेज गेंदबाज मयंक यादव ने बंगलुरू स्थिति भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गेंदबाजी अभ्यास शुरू कर दिया है।

मयंक को पिछले साल चोट लगी थी और तभी से वह रिहैब से गुजर रहे हैं। आईपीएल के आगामी सत्र की शुरुआत 22 मार्च से हो रही है, लेकिन माना जा रहा है कि मयंक शुरुआती चरण का हिस्सा नहीं होंगे। मयंक 2023 सीजन में चोट के कारण बाहर रहे थे, लेकिन उन्होंने पिछले सीजन पंजाब किंग्स के खिलाफ डेब्यू मैच में ही तीन विकेट झटके थे। इसके बाद रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अगले मैच में भी उन्होंने तीन विकेट लिए जिससे लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। हालांकि, उनका अभियान सिर्फ चार मैचों तक ही सीमित रहा क्योंकि साइड स्ट्रेन के कारण वह आगे नहीं खेल सके। पिछले सीजन ज्यादातर समय बाहर रहने के बावजूद लखनऊ फेंचाइजी ने उन पर भरोसा जताया और मेगा नीलामी से पहले मयंक को 11 करोड़ रुपये में रिटेन किया।

मयंक की स्थिति में हालांकि सुधार दिख रहा है और उन्होंने नेट्स पर गेंदबाजी भी शुरू कर दी है। मयंक ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह कोच की देखरेख में सीमित रनअप के साथ गेंदबाजी करते नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के हवाले से पता चला था कि मयंक नेट्स पर अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं और उनमें मैच की तैयारी दिख रही है। लखनऊ की टीम को अब सेंटर ऑफ एक्लीसेंस से हरी झंडी मिलने का इंतजार है जिससे मयंक टीम से जुड़ सकें। बताया जा रहा है कि मयंक अप्रैल के दूसरे सप्ताह में टीम के साथ जुड़ सकते हैं। लखनऊ फेंचाइजी को उम्मीद है कि मयंक 11 या 12 अप्रैल को टीम के साथ जुड़ेंगे।

# न्यूजीलैंड ने पाक को रौंदा



**डनेडिन (न्यूजीलैंड), वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद टिम साइफर्ट (45) और फिन ऐलन (38) की शानदार आतिशी पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने मंगलवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 11गेंदे शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पांच मैचों की सीरीज में न्यूजीलैंड ने 2-0 से बढ़त बना ली है।

पाकिस्तान के 135 रनों के स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड टिम साइफर्ट और फिन ऐलन की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 66 रन जोड़। पांचवें ओवर में मोहम्मद अली ने अर्द्धशतक की ओर बढ़ रहे टिम साइफर्ट को आउटकर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। टिम साइफर्ट ने 22 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्के लगाते हुए (45) रनों की पारी खेली। सातवें ओवर में जहानदाद खान ने फिन ऐलन को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। फिन ऐलन ने 16 गेंदों में एक चौका और पांच छक्के लगाते हुए (38) रन बनाये। इसके बाद खुशदिल शाह ने मार्क चैपमैन (एक) को आउट किया। डैरिल मिचेल (14) और जिमी नीशम (पांच) को हारिस रउफ ने आउट किया। न्यूजीलैंड ने 13-1 ओवर में पांच विकेट पर 137 रन बनाकर मुक. ाबला पांच विकेट से जीत लिया। मिचेल हे 16 गेंदों में (21) और कप्तान माइकल ब्रेसवेल (पांच) रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की ओर से हारिस रउफ ने दो और मोहम्मद अली, खुशदिल शाह और जहानदाद खान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां बारिश के कारण टॉस देर से हुआ। जिसके बाद ओवरों की संख्या घटाकर 15-15 ओवर कर दी गई। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 19 के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिये। हसन नवाज (शून्य) और मोहम्मद हारिस (11) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान आगा सलमान और इरफान खान ने पारी संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में ईश सोढ़ी ने इरफान खान (11) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर सोढ़ी ने खुशदिल शाह (शून्य) को भी आउट कर पाकिस्तान को चौथा झटका दिया। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे पाकिस्तानी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके। 10वें ओवर में बेन सीयर्स ने कप्तान आगा सलमान को आउट किया।

**खेल विशेष**

# पाक मूल के क्रिकेटर जुनैदा की ऑस्ट्रेलिया में मौत

**ऑस्ट्रेलियाई क्लब मैच के समय मैदान पर गिरे, 41.7 डिग्री सेल्सियस पर 40 ओवर फील्डिंग की थी**

**एडिलेड, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट मैच के दौरान पाकिस्तानी मूल के क्रिकेटर जुनैद जफर खान की मौत हो गई। एडिलेड में हुई इस घटना में ऑस्ट्रेलियाई क्लब क्रिकेटर जुनैद की उम्र 40 साल थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी मौत तेज गर्मी की वजह से हुई। शनिवार 15 मार्च को कॉनकॉर्डिया कॉलेज में प्रिंस अल्फ्रेड ओल्ड कॉलेजियंस और ओल्ड कॉनकॉर्डियंस के बीच मैच खेला जा रहा था। जुनैद ओल्ड कॉनकॉर्डियंस की तरफ से खेल रहे थे। मुकाबले के समय तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस था। बेहोश होकर मैदान पर गिरे रोजे पर रहे जुनैद ने गर्मी में करीब 40 ओवर फील्डिंग की। मैच के समय शाम 4 बजे के करीब उनकी तबीयत खराब हुई और वे बेहोश होकर मैदान पर गिर पड़े। जिसके बाद उन्हें तुरंत एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्ध्हें बचाया नहीं जा सका। जुनैद ने ओल्ड कॉनकॉर्डियंस क्रिकेट क्लब के लिए करीब 7 ओवर बल्लेबाजी भी की थी। इस दौरान वे 16 रन बनाकर नाबाद रहे थे।

जुनैद 2013 में पाकिस्तान से एडिलेड आए थे। जुनैद रमजान के दौरान रोजे रख रहे थे, लेकिन उन्होंने पूरे दिन पानी पिया। क्योंकि इस्लामिक नियमों के अनुसार अगर कोई व्यक्ति बीमार या अस्वस्थ महसूस करता है तो उसे रोजे के दौरान पानी पीने की अनुमति होती है। क्लब जुनैद के क्रिकेट क्लब ने दुख जताते हुए कहा, श्हम अपने एक स्टार सदस्य की मौत से बहुत दुखी हैं। मैच के दौरान अचानक उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्या हुई। पैरामेडिक्स की कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनके परिवार, दोस्तों और टीम के साथियों के साथ हमारी संवेदनाएं हैं।



# चोटिल फुटबॉलर लियोनेल मेसी विश्व कप क्वालीफायर से हुए बाहर

● **मेसी अंटलांटा यूनाइटेड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में हो गए थे चोटिल**

**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण आगामी फीफा विश्वकप क्वालीफायर मैचों से बाहर हो गए हैं। क्वालीफायर के लिए घोषित 25 सदस्यीय टीम में मेसी को शामिल नहीं किया गया है। 37 वर्षीय मेसी अटलांटा यूनाइटेड के खिलाफ मेजर लीग सॉकर में इंटर मियामी द्वारा जीते गए मुकाबले में रविवार को चोटिल हो गए थे। इंटर मियामी ने मेसी की मांसपेशियों में खिंचाव की पुष्टि की है। क्लब ने कहा है कि मेसी ने अटलांटा यूनाइटेड के खिलाफ मैच में दर्द की शिकायत के बाद उनका एमआरआई स्कैन कराया। जांच में मांसपेशियों में खिंचाव की पुष्टि हुई है। चिकित्सक दल ने उन्हें फिलहाल आराम करने की सलाह दी गई है। पिछले हफ्ते जमैका की टीम कैवेलियर के खिलाफ कॉनकाकफ चैंपियंस कप की जीत में बेंच से उतरने और स्कोर करने से पहले मेसी को मियामी के तीन मैचों के लिए आराम दिया गया था।

# मोदी ने विशेष ओलंपिक पदक विजेता एथलीटों से की मुलाकात

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में पदक जीतने वाले भारतीय एथलीटों से संसद भवन में मुलाकात कर उन्हें बधाई दी।



मोदी ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि मुझे अपने एथलीटों पर बहुत गर्व है जिन्होंने इटली के ट्यूरिन में आयोजित विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में 33 पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने संसद में भारतीय एथलीट दल से मुलाकात की और उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें बधाई दी। विशेष ओलंपिक शीतक. ालीन खेलों के पदक विजेता एथलीटों से मुलाकात करने की फोटो साझा करते हुए उनके शानदार प्रदर्शन की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि इटली के ट्यूरिन हुए विशेष ओलंपिक शीतकालीन खेलों में भारतीय दल ने आठ स्वर्ण, 18 रजत और सात कांस्य सहित कुल 33 पदक जीते है।

# न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच तीसरा महिला टी-20 मैच बारिश के कारण हुआ रद्द

**डुनेडिन (न्यूजीलैंड), वार्ता।** न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच मंगलवार को तीसरा महिला टी-20 मैच भारी बारिश के कारण बेनतीजा रहा। इसी के साथ दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर समाप्त हो गई। यहां यूनिवर्सिटी ओवल में श्रीलंका की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गें. दबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए सूजी बेट्स और जॉर्जिया प्लिमर की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए आठ ओवर में 60 रन जोड़े। चामरी अटापट्टू ने सूजी बेट्स को आउटकर श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई। बेट्स ने 28 गेंदों पर 31 रन बनाये। एम्मा मैकलियोड (चार) और ब्रुक हैलीडे (शून्य) पर आउट हुई। बारिश होने के कारण खेल को रोकने के समय जॉर्जिया प्लिमर 37 गेंदों में (नाबाद 46) और इजी शार्प (नाबाद 17) क्रीज पर मौजूद थी और न्यूजीलैंड ने 14-1 ओवर में तीन विकेट पर 101 रन बनाये थे। श्रीलंका की ओर से इनोशी प्रियदर्शनी, कविशा दिलहारी और चामरी अटापट्टू ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। बारिश के कारण मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका। इसके बाद मैच को रद्द घोषित कर दिया गया। श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया।

# टीम बदलाव के दौर से निपटने में सक्षम : मेहदी हसन



**छह से सात खिलाड़ी ऐसे है जिन्हे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट का अनुभव है**

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश के दाएं हाथ के बल्लेबाज मेहदी हसन मिराज का मानना है कि टीम में पर्याप्त अनुभवी खिलाड़ी है और वे प्रमुख वरिष्ठ खिलाड़ियों के हाल ही में संन्यास लेने के बाद चल रहे बदलाव के दौर से उबरने में सक्षम है। शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मेहदी ने कहा कि फिलहाल टीम में छह से सात खिलाड़ी ऐसे हैं जो सात से 10 साल से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्हें अब नया नहीं कहा जा सकता। यह एक प्रक्रिया है। हमें अभी फैसला लेना चाहिए और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहिए।

विश्वकप में अभी दो से ढाई साल का समय है, इसलिए हमें तुरंत टीम तैयार करनी होगी। उन्होंने कहा कि चयन में निरंतरता महत्वपूर्ण है। टूर्नामेंट से दो या तीन महीने पहले ही तैयारी शुरू करना बहुत मुश्किल होगा। मुशफिकुर भाई (रहमान) और पिछली पीढ़ी के अन्य खिलाड़ियों ने सात से आठ वर्ष तक टीम की सेवा की है और बंगलादेश क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। अब, हम भी लंबे समय से यहां हैं। हमारा लक्ष्य बंगलादेश क्रिकेट को अगले स्तर तक ले जाना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछली पीढ़ी ने एक अच्छी आधारशिला रखी है। अब हमारा काम टीम को और आगे ले जाना है।

## ओलंपिक 2028 में मुक्केबाजी को शामिल किया



■ **दुनियाभर के मुक्केबाज लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलेंगे**

**कोस्टा नवारिनो (यूनान), वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यकारी बोर्ड ने लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 के खेल कार्यक्रम में मुक्केबाजी को शामिल करने को मंजूरी दे दी है। निवर्तमान आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक ने कोस्टा नवारिनो के रोमानोस रिसॉर्ट में आईओसी कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में इसकी पुष्टि की। बाक ने कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद कहा कि फरवरी में विश्व मुक्केबाजी को अस्थायी मान्यता मिलने के बाद हम यह फैसला लेने की स्थिति में थे। सत्र में इसे मंजूरी के लिये रखा जायेगा और मुझे यकीन है कि इसे मंजूरी मिल जायेगी। इसके बाद दुनिया भर के मुक्केबाज लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेल सकेंगे अगर उनके राष्ट्रीय महासंघ को विश्व मुक्केबाजी से मान्यता मिली हुई है। उल्लेखनीय है कि मुक्केबाजी 1904 से ओलंपिक खेल रहा है, लेकिन शासन, संचालन और वित्तीय प्रबंधन से संबंधित मुद्दों के कारण आईओसी ने वर्ष 2019 में अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ की मान्यता को निलंबित कर दिया था।

# टोरेंट ग्रुप ने गुजरात टाइटंस में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल करने की प्रक्रिया की पूर्ण

■ **टोरेंट और इरेलिया ने समझौतों पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की थी**

**अहमदाबाद, वार्ता।** टोरेंट ग्रुप ने गुजरात टाइटन्स में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल करने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली है।

टोरेंट ग्रुप कि ओर से बताया गया है कि स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा क्षेत्रों में मजबूत उपस्थिति वाले व्यावसायिक समूह टोरेंट ग्रुप ने बीसीसीआई सहित सभी आवश्यक संस्थानों से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, इरेलिया कंपनी पी-टी-इ- लिमिटेड से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फेंच. इजी गुजरात टाइटन्स (इरेलिया स्पोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) में 67 प्रतिशत बहुलांश हिस्सेदारी हासिल करने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। इससे पहले इस वर्ष 12 फरवरी को टोरेंट और इरेलिया ने इस प्रक्रिया के लिए विशिष्ट समझौतों पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की थी, जिसमें कहा गया था कि अधिग्रहण प्रथागत संविदात्मक शर्तों और अनुमोदन के अधीन होगा। इन शर्तों की पूर्ति के साथ ही स्थानांतरण प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। करार के मुताबिक सीवीसी द्वारा फंडित संस्था इरेलिया 33 प्रतिशत अल्पसंख्यक हिस्सेदारी के साथ इस फेंचाइजी में अपनी संबद्धता बनाए रखेगी। आईपीएल के इतिहास की सबसे युवा और सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक गुजरात टाइटन्स को अब टोरेंट जैसे बड़े पैमाने पर कारोबार के निर्माण और संचालन में कार्यरत समूह की व्यापक विशेषज्ञता का लाभ मिलेगा।

# रोगों के मुहाने पर दिल्ली

लोकल सर्किल्स द्वारा हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण से पता चला है कि बुखार, गले में खराश, खांसी, सिरदर्द, पेट की परेशानी, जोड़ों में दर्द और सांस की समस्याएं स्वाइन फ्लू (एच5एन1) के लक्षणों में से हैं, जो दिल्ली के 54 प्रतिशत घरों में मौजूद हैं। सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि छोटे बच्चों और बुजुर्गों (50 से अधिक उम्र के) को इन लक्षणों के होने का सबसे अधिक खतरा है। दिल्ली-एनसीआर इलाके में मौसमी इन्फ्लुएंजा में वृद्धि की हालिया रिपोर्टों के मद्देनजर, एक बार फिर यह समय एहतियाती सूचना जारी करने और देश में व्यस्क टीकाकरण पर जोर बढ़ाने के लिए नए प्रयास करने का है। इलाज कर रहे कई फिजीशियनों और श्वास-रोग विशेषज्ञों ने बताया है कि इस मौसम से संबंधित प्रमुख स्ट्रेन इन्फ्लुएंजा ए और इन्फ्लुएंजा बी हैं। इन्फ्लुएंजा, जिसे फ्लू भी कहा जाता है, वायरस से होने वाला एक संक्रामक श्वास रोग है। इसे अक्सर आम सर्दी में शामिल कर लिया जाता है, क्योंकि मौजूद लक्षण एक जैसे होते हैं, अचानक खांसी और गले में खराश, साथ में तेज बुखार, मांसपेशियों में दर्द, बदन दर्द, सिरदर्द, थकान और भरी हुई नाक, लेकिन, दोनों कतई एक नहीं हैं। दोनों अलग-अलग वायरस की वजह से होते हैं और लक्षणों व गंभीरता में भिन्नता हो सकती है। फ्लू के कारण हल्की से लेकर गंभीर अस्वस्थता होती है जिसमें कभी-कभी अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत पड़ती है और कुछ मामलों में, ज्यादातर भर्ती में देर होने पर, मौत भी हो सकती है। भारत में मौसमी इन्फ्लुएंजा दो बार चरम पर होता है, एक बार जनवरी से मार्च के दौरान और दूसरी बार दक्षिण- पश्चिम मानसून के उत्तरार्ध में अगस्त से अक्टूबर के दौरान। भारत ने स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में सामने आने वाले इन्फ्लुएंजा जैसी अस्वस्थता (आईएलआई) और सिवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इंफेक्शन्स (एसएआरआई) के मामलों की लगभग वास्तविक समय (रियल टाइम) में निगरानी की व्यवस्था विकसित कर ली है। कोविड-19 महामारी के दौरान और उसके बाद इस कार्यक्रम को ज्यादा मजबूत बनाया गया। नैदानिक प्रयोगशालाओं (डायग्नोस्टिक लैब्स) के देशव्यापी नेटवर्क के जरिए भी रियल टाइम निगरानी की जाती है। महामारी विशेषज्ञों का कहना है कि फैल रहे स्ट्रेनों पर नजर रखने और मौसमीपन (सीजनेलिटी) को परिभाषित करने के लिए इन्फ्लुएंजा की निगरानी सबसे महत्वपूर्ण औजार है। इसके अलावा, यह फैल रहे प्रासंगिक स्ट्रेनों के साथ टीकाकरण के समन्वय में अहम भूमिका निभाता है। इन सारी सूचनाओं की मौजूदगी को देखते हुए, मामलों में कोई भी मौसमी वृद्धि स्वास्थ्य प्रबंधकों की नजर से चूकने की संभावना बहुत कम है। हालांकि, सरकारों के लिए जो काम हाथ में है वह थोड़ा ज्यादा जटिल है। यह है, पूर्वानुमान लगाकर बीमारी के प्रकोप को संभालने के लिए तैयार होना और बचाव की भावना जगाना, खासकर उच्च जोखिम वाले समूहों में, जिसमें बहुत कम और बहुत ज्यादा उम्र के लोग आते हैं। बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और सांस की पुरानी तकलीफ वाले लोगों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। अनुशंसित हस्तक्षेपों में सबसे महत्वपूर्ण है इन्फ्लुएंजा के लिए टीकाकरण पर जागरूकता बढ़ाना। वास्तव में, फ्लू का उन्नत (अपडेटेड) टीका समय-समय पर लगवाने से सभी उम्र के लोग लाभान्वित होंगे।

## सहारनपुर स्टेशन मां शाकंभरी देवी और देवबंद स्टेशन मदनी साहब के नाम पर हो



सहारनपुर रेलवे स्टेशन का नामकरण मां शाकंभरी देवी और देवबंद रेलवे स्टेशन का नाम मौलाना हुसैन अहमद मदनी साहब के नाम पर किया जाए, मां शाकंभरी देवी का इस क्षेत्र से गहरा धार्मिक संबंध है। वहीं, देवबंद की पहचान विश्वविख्यात इस्लामिक शिक्षण संस्थान दारुल उलूम देवबंद के कारण होती है, जहां मौलाना हुसैन अहमद मदनी साहब ने समाज और राष्ट्रहित में अतुलनीय योगदान दिया, इन नामकरणों से क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को सम्मान मिलेगा, सहारनपुर से प्रयागराज के लिए सीधी ट्रेन , अलीगढ़ होते हुए लखनऊ तक वंदे भारत ट्रेन की और मेरठ-दिल्ली रैपिड रेल का विस्तार सहारनपुर तक किया जाना चाहिए।

**इमरान मसूद**
**सांसद कांग्रेस**

# चिंताजनक है सरकारी अधिकारियों का दुरुपयोग

**2014 का व्हिसल ब्लोअर प्रोटेक्शन एक्ट उन लोक सेवकों के लिए सुरक्षा प्रदान करता है, जो गलत कामों की रिपोर्ट करते हैं, नागरिकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने से विश्वास बढ़ता है और शत्रुता कम होती है**



**प्रियंका सौरभ**

सरकारी अधिकारियों के साथ बढ़ता दुर्व्यवहार एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनता जा रहा है, क्योंकि वे अपने कर्तव्यों को निष्पक्ष और बिना किसी पक्षपात के निभाने का प्रयास करते हैं। कई सिविल सेवकों को अक्सर अपने विकल्पों से असंतुष्ट व्यक्तियों या समूहों से धमकियों, उत्पीड़न और अनुचित दबाव का सामना करना पड़ता है। यह परेशान करने वाली प्रवृत्ति शासन की अखंडता को नष्ट कर सकती है, नैतिक व्यवहार को बाधित कर सकती है और सार्वजनिक संस्थानों को कमजोर कर सकती है। इस समस्या से निपटने के लिए, नैतिक मानकों को बनाए रखना, कानूनी सुरक्षा प्रदान करना और यह सुनिश्चित करने के लिए संस्थागत समर्थन प्रदान करना आवश्यक है कि अधिकारी प्रतिशोध के डर के बिना अपनी भूमिका निभा सकें। सरकारों को पारदर्शिता, जवाबदेही और कानून के शासन के प्रति सम्मान की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए, साथ ही जनता को लोकतंत्र और न्याय को बनाए रखने में सिविल सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में शिक्षित करना चाहिए।

कानून प्रवर्तन, उद्योग विनियमन और चुनाव निरीक्षण के लिए ज़िम्मेदार सरकारी अधिकारियों को लगातार धमकियों, उत्पीड़न और विभिन्न प्रकार के दुरुपयोग का सामना करना पड़ रहा है। यह प्रवृत्ति चिंताजनक है क्योंकि यह लोक सेवकों को अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभाने से रोक सकती है और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास को कमजोर कर सकती है। अधिकारियों, विशेष रूप से चुनाव, न्यायपालिका और नियामक निकायों में शामिल लोगों को अक्सर अपने निर्णयों को प्रभावित करने के उद्देश्य से धमकी का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त, झूठे आरोप और बदनामी अभियान उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल कर सकते हैं और उनके अधिकार को कम कर सकते हैं। हालांकि कुछ देशों में लोक सेवकों की सुरक्षा के लिए कानून हैं, लेकिन इन कानूनों का प्रवर्तन असंगत या कमजोर हो सकता है। इस तरह के दुरुपयोग से उत्पन्न तनाव और भय के परिणामस्वरूप बर्नआउट, इस्तीफे और योग्य उम्मीदवारों को आकर्षित करने में चुनौतियां हो सकती हैं। सरकारी अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार एक बढ़ती चिंता है, क्योंकि वे निष्पक्ष रूप से अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरा करने का प्रयास करते हैं। इन अधिकारियों के प्रति दुर्व्यवहार और शत्रुता की बढ़ती घटनाएं प्रशासनिक नैतिकता और कानून के शासन के लिए एक महत्त्वपूर्ण चुनौती बन गई हैं। ऐसी घटनाएं न केवल लोक सेवकों का मनोबल गिराती हैं, बल्कि शासन में जनता का विश्वास भी कम करती हैं, जिससे अधिकारियों को इन कठिनाइयों से निपटने में मदद करने के लिए एक मज़बूत नैतिक ढांचे की आवश्यकता है। सरकारी अधिकारी-जिसमें चुनाव कार्यकर्ता, न्यायाधीश, नियामक और कानून प्रवर्तन कर्मियों को बढ़ती हुई धमकी, उत्पीड़न और यहां तक कि शारीरिक धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। यह सब राजनीतिक विभाजन, ग़लत सूचना और सोशल मीडिया के प्रभाव जैसे विभिन्न कारकों से प्रेरित है, जो आक्रामक बयानबाजी को बढ़ाता है। कुछ मामलों में, अधिकारियों को डोक्स किया गया है, उनकी व्यक्तिगत जानकारी ऑनलाइन जारी की गई है और उन्हें संगठित उत्पीड़न अभियानों या शारीरिक हमलों का लक्ष्य बनाया गया है।

शिकायतों के लिए स्पष्ट और खुले चैनल बनाने से शत्रुता को कम करने में मदद मिल सकती है। केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली पोर्टल ऑनलाइन नागरिक शिकायतों के प्रबंधन के लिए एक प्रभावी उपकरण है। संघर्ष समाधान और सार्वजनिक संपर्क में अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने से शत्रुता से निपटने की उनकी क्षमता में सुधार होता है। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी प्रशिक्षण ढांचे में संकट प्रबंधन पर केंद्रित घटक शामिल हैं। भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले अधिकारियों की सुरक्षा अनैतिक प्रथाओं को हतोत्साहित करने में महत्त्वपूर्ण है। 2014 का व्हिसल ब्लोअर प्रोटेक्शन एक्ट उन लोक सेवकों के लिए सुरक्षा प्रदान करता है जो ग़लत कामों की रिपोर्ट करते हैं। नागरिकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने से विश्वास बढ़ता है और शत्रुता कम होती है। राजस्थान में जन सुनवाई (सार्वजनिक सुनवाई) पहल ने जवाबदेही को बढ़ावा दिया है और समुदाय के भीतर विश्वास का निर्माण किया है। वरिष्ठ अधिकारियों को अपने कनिष्ठ सहयोगियों को प्रेरित करने के लिए नैतिक व्यवहार का मॉडल अपनाना चाहिए। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टी. एन. शेषन ने सख्त चुनावी मानकों को लागू करके एक मज़बूत उदाहरण पेश किया। ईमानदारी, लचीलापन और पारदर्शिता को अपनाकर, सिविल सेवक प्रभावी रूप से शत्रुता से निपट सकते हैं और साथ ही जनता का विश्वास भी बढ़ा सकते हैं।

कठिन परिस्थितियों में नैतिक शासन बनाए रखने के लिए संवैधानिक सिद्धांतों को बनाए रखना और सक्रिय उपायों को लागू करना आवश्यक है। जब सरकारी अधिकारियों को अपने कर्तव्यों को निष्पक्ष रूप से निभाने के लिए दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ता है, तो इससे संस्थाओं और न्याय प्रणाली में जनता का विश्वास ख़त्म हो सकता है। यह प्रवृत्ति प्रभावी शासन में बाधा डाल सकती है, क्योंकि अधिकारी प्रतिशोध के डर से न्यायपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से कार्य करने में संकोच कर सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप भ्रष्टाचार और अन्याय हो सकता है। ऐसे शत्रुतापूर्ण व्यवहार का सामना करते समय सिविल सेवकों का मार्गदर्शन करने वाले नैतिक मानकों का विश्लेषण करना और जवाबदेही और सार्वजनिक विश्वास बनाए रखने के तरीकों की जांच करना महत्त्वपूर्ण है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सरकारी अधिकारी अपने कार्यों के लिए जवाबदेह हैं और जो लोग अपने अधिकार का दुरुपयोग करते हैं, उन्हें उचित परिणाम भुगतने होंगे, मज़बूत जवाबदेही प्रणाली महत्त्वपूर्ण है। सरकारी गतिविधियों की पारदर्शिता और निगरानी को बढ़ावा देने से कदाचार को रोकने और सार्वजनिक विश्वास बढ़ाने में मदद मिल सकती है। सरकारी संस्थानों की अखंडता में जनता का विश्वास बनाना महत्त्वपूर्ण है, जिसे नैतिक मानकों का पालन करके और अधिकारियों को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह सुनिश्चित करके हासिल किया जा सकता है।अपने कर्तव्यों को निष्पक्ष रूप से निभाने का प्रयास करने वाले सरकारी अधिकारियों का उत्पीड़न लोकतंत्र और प्रभावी शासन के लिए एक महत्त्वपूर्ण ख़तरा है। मज़बूत सुरक्षा, कानूनी जवाबदेही और उत्पीड़न के प्रति सामाजिक प्रतिरोध के बिना, सार्वजनिक संस्थानों की अखंडता खतरे में पड़ जाती है। सरकारों, कानून प्रवर्तन, सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म और नागरिकों के लिए यह सुनिश्चित करने के लिए एक साथ काम करना आवश्यक है कि अधिकारी प्रतिशोध के डर के बिना अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरा कर सकें।



# अशांति का बिजनेस...

**हिटलर के मानस पुत्रों और अंग्रेजी हुकूमत के अप्रत्क्ष/अप्रत्यक्ष निकटतम सहयोगी रहे लोगों से यदि आप शांति सौहार्द, प्रेम, समानता सहिष्णुता की कामना/आशा/उम्मीद करते तो आप ग़लत सोचते हैं, वह आपकी लाशों को भी पचा जाएंगे और डकार तक न लेंगे, 'कोविड' से लेकर 'स्नान' तक के घटनाक्रम इसके ज्वलंत उदाहरण हैं, अशांति भी एक बहुत बड़ा बिजनेस है, जिसके भीतर तथाकथित रूप से छद्म राष्ट्रवाद, तथाकथित रूप से धर्म और पुरातनपंथी परंपरागत सड़ी हुई अव्यावहारिक व्यवस्थाओं और अतीत में ले जाकर तथाकथित रूप से गौरवान्वित होने की हवा भरी जाती है**

**1933 से 1945 के बीच नाजी जर्मनी का यहूदियों पर अत्याचार लगातार कट्टरपंथी होता गया, इस कट्टरता में 60 लाख यहूदियों की सामूहिक हत्या हुई**
**यहूदी-स्वामित्व वाले व्यवसायों का बहिष्कार करने का आह्वान हुआ, स्टॉर्म टूपर्स के सदस्य, बहिष्कार के संकेतों के साथ यहूदी-स्वामित्व वाली दुकान के प्रवेश द्वार को अवरुद्ध कर दिया करते थे**



**पवन सिंह**

पूरे विश्व में तमाम ऐसे राजनैतिक संगठन और उनके अलंबरदार हुए हैं जिनका समूचा राजनैतिक भविष्य केवल अहिंसा, अशांति, नफरत, वैमनस्य, घृणा, गुरबत और अशिक्षा को प्रश्रय देने पर ही टिका रहा है! जब-जब ऐसी 'ब्लैक स्पाट' ताकतें जहां-जहां भी हुकूमत में रही है, वहां-वहां कभी शांति और सद्भाव नहीं रहा है। हिटलर के मानस पुत्रों और अंग्रेजी हुकूमत के अप्रत्क्ष/अप्रत्यक्ष निकटतम सहयोगी रहे लोगों से यदि आप शांति, सौहार्द, प्रेम, समानता, सहिष्णुता की कामना/आशा/उम्मीद करते तो आप ग़लत सोचते हैं। वह आपकी लाशों को भी पचा जाएंगे, और डकार तक न लेंगे। 'कोविड' से लेकर 'स्नान' तक के घटनाक्रम इसके ज्वलंत उदाहरण हैं।

अशांति भी एक बहुत बड़ा बिजनेस है। जिसके भीतर तथाकथित रूप से छद्म राष्ट्रवाद, तथाकथित रूप से धर्म और पुरातनपंथी परंपरागत सड़ी हुई अव्यावहारिक व्यवस्थाओं और अतीत में ले जाकर तथाकथित रूप से गौरवान्वित होने की हवा भरी जाती है। वर्तमान में भारत में अशांति का सफलतम बिजनेस चल रहा है और दुखद यह है कि जो समाज स्वयं असमानता, अत्याचार और गरीबी व अशिक्षा का शिकार है, वही सबसे ज्यादा गौरवान्वित महसूस कर रहा है। अशांति के बिजनेस को जितना मैं समझ पाया हूं। इसे संचालित करने में लंबा वक्त लगता है लेकिन जब यह बिजनेस चल निकलता है तो बहुत ही कम समय में तमाम मानवीय मूल्यों का विध्वंस कर देता है। अशांति के बिजनेस के पूरे विश्व में आपको सैकड़ों उदाहरण और उनके भग्नावशेष मिलेंगे और कुछ ताजातरीन भी जैसे श्रीलंका, पाकिस्तान और अफगानिस्तान आदि। श्रीलंका में सिंहली गौरव को इतनी हवा दी गई कि अंततः श्रीलंका तबाह हो गया। पाकिस्तान में शियाओं व अहमदियों से नफरतों और पंजाबी मुसलमानों के भीतर सर्वश्रेष्ठता का गुमान अंततः पाक को तबाह कर गया! अफगानिस्तान के तालिबानियों को लगा कि शरिया कानून ही अल्लाह के सबसे नजदीक है। फिर अंतर्राष्ट्रीय ताकतें भी इस नफरत में हाथ साफ करने निकलीं और एक खूबसूरत देश अफगानिस्तान तबाह हो गया।

अब एके-47 हाथों में उठाए तालिबानियों की समझ में आया कि विकास और शांति राइफल की नाल में नहीं 'कलम की निब' में होती है। इतनी सी बात समझने में न जाने कितनी इंसानी जिदंगियां खाक हो गईं। भारत को भी उसी ठर्रे पर लाया जा चुका है। एक धर्म विशेष के प्रति नफरतों का उफान, उनके धर्म स्थलों पर हमले, उनके धर्म स्थलों पर जाकर कमर मटकाने के अलावा तथाकथित हिंदुओं जिन्हें आप दलित/ओबीसी कह सकते हैं के प्रति असम्मान, असहिष्णुता, अत्याचार और असमान व्यवहार उसी का हिस्सा है। इधर अनेक लोगों ने मुझसे विभिन्न नौकरियों को लेकर जारी नियुक्तियों की सूचियां साझा कीं। उन्हें देखकर साफ लगता है कि किस तरह से तथाकथित रूप से इन तथाकथित हिन्दुओं के साथ अन्याय हुआ है! लेकिन इन तथाकथित हिन्दू जातियों का भी हिन्दुत्व के लिए लहराते रहना आश्चर्यजनक ही नहीं हास्यास्पद भी है। इन जातियों को मोक्ष, पुण्य, पुनर्जन्म, स्नान, यात्रा और भवसागरों की लहरों में ऐसा फेंका गया है कि ये सब उसी में तैर रही हैं। ये जातियां अपने ही शोषण का आनंद लें रही हैं। दरअसल यही अशांति के बिजनेस की ताकत है जो आपसे आपका विवेक छीन लेती है और अपमान के भाव को गौरवपूर्ण बना देती है। हिन्दुत्व ने भारतीयता को पराजित कर दिया है और यही अशांति के बिजनेस की सफलता है।

थोड़ा सा होलोकॉस्ट यानी यहूदियों के अंत पर चर्चा कर ली जाए। जर्मनी में होलोकॉस्ट नाजियों ने 60 लाख से ज्यादा यूरोपीय यहूदियों का राज्य-प्रायोजित उत्पीड़न और हत्या की थी। होलोकॉस्ट एक उभरती हुई प्रक्रिया थी जो 1933 और 1945 के बीच पूरे यूरोप में हुई। इसके मूल में यहूदी-विरोधवाद था जैसे भारत में इस वक्त मुस्लिम विरोध को हवा दी जा रही है। यहूदियों के प्रति घृणा या पूर्वाग्रह, नाज़ी विचारधारा का मूल सिद्धांत था। वर्ष, 1933 से 1945 के बीच नाज़ी जर्मनी का यहूदियों पर अत्याचार लगातार कट्टरपंथी होता गया। इस कट्टरता में 60 लाख यहूदियों की सामूहिक हत्या हुई।

यहूदी-स्वामित्व वाले व्यवसायों का बहिष्कार करने का आह्वान हुआ। स्टॉर्म टूपर्स के सदस्य, बहिष्कार के संकेतों के साथ, यहूदी-स्वामित्व वाली दुकान के प्रवेश द्वार को अवरुद्ध कर दिया करते थे। प्रसार होता था कि-जर्मन! अपना बचाव करें! यहूदियों से सामान मत खरीदो! जैसा कि आज आप भारत में देख रहे हैं। मुसलमानों से सामान न खरीदें। मुसलमानों से दूरी बनाएं आदि। हिटलर से सबसे ज्यादा प्रभावित भारत का एक तथाकथित राष्ट्रवादी संगठन और उसका आका रहा और उसका संगठन निरंतर 70 सालों तक अपने प्रोपेगैंडा में लगा रहा और अंततः सफल रहा।

# बर्लिन से ज्यादा ऊंची नफरत की दीवारों पर खामोश हैं मोदी जी

**1989 में बर्लिन की दीवार के ध्वस्त होने के साथ मान लिया गया था कि भौगोलिक विभाजन व जमीनी साम्राज्यवाद के जमाने अब खत्म होते जाएंगे**




**श्रवण गर्ग**

यह एक अलग तरह का युद्ध है जिसकी तैयारी शायद अलग-अलग प्रयोगशालाओं में सालों से की जाती होगी! ऐसा युद्ध जिसमें हथियारों का इस्तेमाल कम से कम दिखता है पर लड़ाई निरंतर चलती रहती है। उस समय भी जारी रहती है जब लगने लगता है कि अब सबकुछ सामान्य हो गया या हो रहा है। इस तरह के युद्ध में प्रतिद्वंद्वी का शरीर नहीं बल्कि उसका अपने होने या बने रहने की ज़रूरत में यक़ीन ख़त्म कर दिया जाता है। युद्ध की खूबी यह होती है कि इसे 'प्रेम और सौहार्द' की थीम पर लड़ा जाता हैं पर अंतिम नतीजे के रूप में नफ़रत को हासिल किया जाता है।

नवम्बर 1989 में बर्लिन की दीवार के ध्वस्त होने के साथ मान लिया गया था कि भौगोलिक विभाजन और ज़मीनी साम्राज्यवाद के ज़माने अब ख़त्म होते जाएंगे। मोदी जी ने इस संदर्भ में एक टिप्पणी सिख धर्मावलम्बियों के पाकिस्तान में करतारपुर स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब में जाने के लिए पंजाब सीमा पर कॉरिडोर के निर्माण के सिलसिले में की थी। गुरु पर्व के अवसर पर उन्होंने कहा था: किसने सोचा था कि बर्लिन की दीवार गिर सकती है! शायद गुरु नानक देवजी के आशीर्वाद से करतारपुर काकॉरिडोर (भारत-पाक के) जन-जन को जोड़ने का बड़ा कारण बन सकता है।

यूक्रेन युद्ध और हाल की अन्य घटनाएं बताती हैं कि न सिर्फ़ भौगोलिक विभाजन फिर से ज़िंदा हो गया है नए युद्ध शुरू हो गए हैं। ये युद्ध समाजों को धर्म के आधार पर विभाजित करने के हैं। मोदी जी पोलैंड की राजधानी वारसा से दस घंटों की ट्रेन यात्रा करके सिर्फ़ सात घंटों के लिए यूक्रेन की राजधानी कीव इसलिए जाते हैं क्यूंकि महाशक्ति रूस के साथ उस छोटे से देश की लड़ाई ख़त्म करवा सकें पर अपने ही देश के भीतर एक बड़े धर्म और छोटे संप्रदाय के बीच उनकी ही पार्टी के तत्वों द्वारा चलाए जा रहे युद्ध के प्रति प्रधानमंत्री बहुत ही सहजता से आँखें मूंद लेते हैं। आपसी गिले-शिकवे दूर करने के त्योहार होली के अवसर पर 'सांप्रदायिक प्रेम और सोहार्द' क़ायम रखने के नाम पर उत्तर प्रदेश में जो कुछ हुआ वह दहशत पैदा करने वाला है। आबादी के मान से यूपी को एक राष्ट्र मान लिया जाए तो उसे दुनिया के कुल 234 मुल्कों में इंडोनेशिया और पाकिस्तान के बीच पांचवे क्रम पर रखना पड़ेगा। ये दोनों ही इस्लामी हुकूमतें हैं। होली को लेकर अल्पसंख्यक समुदाय में जिस तरह की दहशत पैदा हुई वह राष्ट्रीय स्तर पर दिल दहलाने वाली है।

आज़ादी के बाद (या शायद पहले भी) कभी ऐसा नहीं हुआ होगा कि मस्जिदों को तिरपालों से ढाका गया हो या नमाज़ों का वक्त बदला गया हो। मुस्लिमों से कहा गया कि वे घरों के भीतर रहते हुए चल रहे रमज़ान के महीने के दौरान अपनी शुक्रवार की नमाज़ पढ़ें। मुल्क की ज़िंदगी में इस तरह के हालत किसी विदेशी ताक़त से सामरिक युद्ध या असाधारण कर्फ़्यू के दौरान ही पैदा होते रहे हैं। जो हो रहा है वह इसलिए ख़तरनाक है कि एक भौगोलिक पाकिस्तान के निर्माण के लिए तो गांधी को गुनहगार ठहराकर उन्हें सज़ा भी दे दी गई पर मुल्क की एक बड़ी आबादी के दिलों और गांव-शहरों की बस्तियों में जिन हज़ारों-लाखों छोटे-छोटे पाकिस्तानों का निर्माण जाने-अनजाने हो रहा है उसके लिए आगे आने वाला भविष्य किस 'गांधी' को दोषी ठहराएगा? यूपी की घटनाओं के बाद सोशल मीडिया पर चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं कि मुल्क को आखिर किस दिशा में ले जाया जा रहा है? क्या कुछ ऐसा हो रहा है कि एक राज्य अलग दिशा में जा रहा है और दूसरा अलग दिशा में और राष्ट्र किसी तीसरी दिशा में जाने की तैयारी में जुटा है? राष्ट्र के भविष्य को लेकर नरेंद्र मोदी का स्वप्न क्या यूपी पर योगी के स्वप्न से भिन्न हो सकता है जबकि दोनों नेता एक ही पार्टी के घोषणापत्र और संवैधानिक निष्ठाओं से बंधे हुए हैं। अब मामला यूपी का नहीं बचा! भय यह है कि होली के अवसर पर यूपी में जो कुछ हुआ वह 'एक्सीडेंटल' था या उसे किसी 'प्रयोग' के तौर आज़माया गया था? अगर 'प्रयोग' था तो उसकी सफलता-असफलता का प्रभाव आने वाले त्योहारों और अन्य राज्यों के अमन-चैन पर कितना पड़ने वाला है।



# शादी और त्योहारों के बीच डाइट फॉलो करना नहीं होगा मुश्किल

इन दिनों शादियों और त्योहारों का सीजन चल रहा है। ऐसे में खाने-पीने का ख्याल रख पाना थोड़ा सा मुश्किल हो जाता है। खासकर तब जब आप खुद को फिट और हेल्दी रखने के लिए डायट फॉलो कर रहे हों। तो वहीं कुछ लोगों की यह भी शिकायत होती है कि अगर एक बार बाहर का खाना खा लिया जाए, तो फिर डाइट को फॉलो करना मुश्किल हो जाता है।

अगर आपके साथ भी ऐसा ही कुछ होता है, तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देने जा रहे हैं, जिनको फॉलो कर आप अपनी डाइटिंग को ज्यों का त्यों बरकरार रख सकते हैं।

### शुगर या फिजी ड्रिंक से बनाएं दूरी

मीठे ड्रिंक्स का सेवन करे से आप ढेर सारी कैलोरी को शरीर में शामिल कर सकते हैं। फिर चाहे वह फलों का रस हो, चीनी वाली चाय हो या कॉफी और फिजी ड्रिंक्स आदि में चीनी शामिल हो सकती है। ऐसे में अगर आप किसी शादी या फिर त्योहार के आयोजन में शामिल हो रहे हैं, तो आप शुगर या फिर शुगर वाली चीजों से बचकर रहना चाहिए।



### अल्कोहल से बनाएं दूरी

इसके साथ ही अल्कोहल में हाई कैलोरी होती है क्योंकि अगर आप अल्कोहोलिक ड्रिंक पीते हैं, तो आपका हेल्दी फूड और एक्टिविटी प्लानिंग पर टिके रहना मुश्किल हो सकता है। इसलिए अल्कोहल से दूरी जरूर बनाएं।

### भूख लगने पर ही खाएं

जब भी हम किसी पार्टी में शामिल होते हैं, तो तरह-तरह के फूड्स को देखकर क्रेविंग होना लाजमी है। इस बात का खास ख्याल रखें कि आप तभी खाएं, जब आपको भूख लगी हो। आप ऐसा भी तय कर सकते हैं कि आप दिन में सिर्फ तीन बार खाना खाएं। वहीं दो समय हेल्दी स्नैकिंग कर सकते हैं।

### हेल्दी खाना

शादी या फिर किसी पार्टी में शामिल होने के दौरान आप हेल्दी खाने को अपनी प्रियॉरिटी बनाएं। आप फ्रूट्स या सब्जियों का सलाद खा लें। वहीं ज्यादा भूख लगने पर आप दाल-चावल खा सकते हैं।



# सुनीता विलियम्स की 9 महीने बाद अंतरिक्ष से होगी वापसी

**फ्लोरिडा।** अंतरिक्ष में फंसे एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 9 महीने 13 दिन बाद पृथ्वी पर लौट रहे हैं। उनके साथ इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में मौजूद क्रू-9 के दो और एस्ट्रोनॉट निक हेग और अलेक्सांद्र गोरबुना. वे भी आज, 18 मार्च को स्पेस स्टेशन से रवाना हुए। चारों एस्ट्रोनॉट के ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार होने के बाद सुबह 8:35 बजे इस स्पेसक्राफ्ट का हैच यानी, दरवाजा बंद हुआ और 10:35 बजे स्पेसक्राफ्ट इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से अलग हुआ। यह 19 मार्च को सुबह लगभग 3:27 बजे फ्लोरिडा के तट पर लैंड होगा। इस सफर में करीब 17 घंटे लगेंगे। नासा की ओर से इस इवेंट का एक अनुमानित शेड्यूल जारी किया गया है। इसमें मौसम के कारण बदलाव भी हो सकता है। नासा के अनुसार 19 मार्च को सुबह 2:41 बजे डीऑर्बिट बर्न शुरू होगा। यानी, कक्षा से उल्टी दिशा में स्पेसक्राफ्ट का इंजन फायर किया जाएगा। इसके बाद स्पेसक्राफ्ट की पृथ्वी के वातावरण में एंट्री होगी और सुबह फ्लोरिडा के तट पर पानी में लैंडिंग होगी। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर भारतीय समयानुसार बुधवार तड़के 3:27 बजे धरती पर लौटेंगे। सुनीत विलियम्स समेत तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री आज सुबह आईएसएस से अनडॉक हो गए। अंतरिक्ष यात्रियों का यह सफर 17 घंटे का होने वाला है। वे फ्लोरिडा के तट पर उतरेंगे। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने पिछले साल 5 जून 2024 को नासा के मिशन के तहत बोइंग के अंतरिक्ष यान पर बैठकर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए उड़ान भरी थी। वे वहां सिर्फ एक सप्ताह रुकने वाले थे लेकिन अंतरिक्ष यान में तकनीकी खराबी आने की वजह से दोनों धरती पर वापस नहीं आ सके। दोनों के लिए 10 दिन का मिशन 9 महीने से अधिक के इंतजार में बदल गया। मिशन प्रबंधक इस बीच, सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने उनके स्थान पर पहुंचे चारों नए अंतरिक्ष यात्रियों को मिशन से संबंधित जानकारियां साझा कीं और कई प्रमुख बातें सिखाईं।

## मोदी ने लिखा सुनीता विलियम्स को लेटर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नासा की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स को पत्र लिखकर भारत आने का निमंत्रण दिया है। 1 मार्च को लिखे गए इस लेटर को नासा के पूर्व अंतरिक्ष यात्री माइक मैसिमिनो ने भेजा था। इसे केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने X पर शेयर किया है। लेटर में पीएम मोदी ने लिखा है-आपके लौटने के बाद हम आपको भारत में देखने के लिए उत्सुक हैं। भारत के लिए अपनी सबसे शानदार बेटियों में से एक की मेजबानी करना खुशी की बात होगी। सुनीता विलियम्स 5 जून 2024 को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन ISS पहुंची थीं। वे 9 महीने तक अंतरिक्ष में रहने के बाद 19 मार्च को धरती पर वापस आने वाली हैं।

## भारत-फ्रांस के बीच द्विपक्षीय नौसेनिक अभ्यास वरुण कल से

**नई दिल्ली।** भारत और फ्रांस के बीच स्थाई समुद्री साझेदारी का प्रतीक 23वां द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास वरुण का 23वां अभ्यास कल से शुरू होगा। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि 2001 में शुरुआत के बाद से, वरुण सहयोग की आधारशिला के रूप में विकसित हुआ है और नौसेना की अंतर-संचालन क्षमता तथा परिचालन तालमेल को बढ़ाने के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस वर्ष के संस्करण में समुद्री अभ्यासों, उप-सतह, सतह और वायु क्षेत्रों में जटिल युद्धाभ्यासों की एक रोमांचक श्रृंखला शामिल की गई है। अभ्यास में विमानवाहक पोत विक्रांत और चार्ल्स डी गॉल की संयुक्त भागीदारी, उनके लड़ाकू विमानों, विध्वंसक, फ्रिगेट और एक भारतीय स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बी के साथ, दोनों नौसेनाओं की सहयोगी ताकत देखने को मिलेगी। वरुण-2025 में उन्नत वायु रक्षा अभ्यास और लड़ाकू अभ्यास किए जाएंगे, जिसमें फ्रांसीसी राफेल-एम और भारतीय मिग-29के बीच कृत्रिम मुकाबला शामिल है। इसे सामरिक और परिचालन क्षमताओं को परिष्कृत करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। पनडुब्बी रोधी युद्ध अभ्यास पानी के नीचे के क्षेत्र में जागरूकता में कठोर प्रशिक्षण प्रदान करेगा, जबकि सतह पर युद्ध संचालन भारतीय और फ्रांसीसी बेड़े द्वारा समन्वित युद्धाभ्यास और जुड़ाव का प्रदर्शन करेगा। समुद्री गश्ती विमान परिस्थितिजन्य जागरूकता को बढ़ाएंगे, और समुद्र में पुनः पूर्ति अभ्यास रसद सहयोग को मजबूत करेंगे। यह सहयोग एक स्वतंत्र, खुले और सुरक्षित समुद्री वातावरण की सुरक्षा के साझा दृष्टिकोण को रेखांकित करता है। सर्वोत्तम प्रथाओं और आपसी समझ के आदान-प्रदान को बढ़ावा देकर, यह अभ्यास इन दोनों देशों की सबसे जटिल समुद्री परिदृश्यों में भी निर्बाध रूप से संचालन करने की क्षमता की पुष्टि करता है।

## आखिरी बार 2013 में भारत आई थीं सुनीता




### सुनीता और बुच विल्मोर ने ट्रम्प और एलन मस्क का जताया आभार

**फ्लोरिडा।** नासा अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रति आभार व्यक्त किया है। मस्क द्वारा एक्स पर पोस्ट एक वीडियो में सुनीता ने कहा, हम जल्द ही वापस आ रहे हैं, इसलिए मेरे बिना वे योजनाएं न बनाएं। हम जल्द ही वापस आ जाएंगे। बुच विलमोर ने कहा, हम सभी मस्क के प्रति अत्यंत सम्मान रखते हैं और जाहिर तौर पर हमारे राष्ट्रपति ट्रंप के प्रति भी सम्मान और प्रशंसा रखते हुए हम उनकी सराहना करते हैं।

**नई दिल्ली।** सुनीता विलियम्स का भारत से खास नाता रहा है। सुनीता अमेरिकी नागरिक हैं, लेकिन उनकी जड़ें भारत में हैं। सुनीता विलियम्स के पिता डॉ दीपक पंड्या गुजराती मूल के भारतीय-अमे. रिकी डॉक्टर थे। उनकी मां बोनी पंड्या यूरोप के स्लोवाकिया से थीं। सुनीता दो बार भारत के दौरे पर आ चुकी हैं। वह आखिरी बार 2013 में भारत आई थीं। सुनीता दौरे पर कोलकाता गई थीं। उनसे ईश्वर या किसी अज्ञात शक्ति के अस्तित्व के बारे में उनके विचार पूछे गए, तो उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि अंतरिक्ष में कुछ अज्ञात है। वह नई दिल्ली भी गई थीं। उन्होंने नेशनल साइंस सेंटर में छात्रों से मुलाकात की थी और अपने अनुभव साझा करने को कहा था। साथ ही सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया था। सुनीता गुजरात में मेहसाणा के झूलासन स्थित अपने पैतृक गांव भी गई थीं। उनके पिता डॉ. दीपक पंड्या इसी गांव से थे और अमेरिका जाने से पहले 1950 के दशक के अंत में अहमदाबाद के वाडीलाल साराभाई अस्पताल में डॉक्टर थे। सुनीता लोगों के साथ नोट्स का आदान-प्रदान करते हुए बहुत खुश थीं। गांव के बच्चों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया जिसे सुनीता ने गौर से देखा।

## नीदरलैंड पाक को हथियार सप्लाई न करे: राजनाथ

### नीदरलैंड के रक्षा मंत्री रूबेन ब्रेकेलमैन्स के साथ बैठक के बाद रक्षा मंत्री ने कहा: दक्षिण एशिया की शांति को खतरा



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत नीदरलैंड के साथ रक्षा साझेदारी को और अधिक बढ़ाने के लिए तत्पर है। श्री सिंह ने मंगलवार को यहां नीदरलैंड के रक्षा मंत्री रूबेन ब्रेकेलमैन्स के साथ बैठक के बाद यह बात कही। इस दौरान उन्होंने अपील की कि नीदरलैंड्स पाकिस्तान को डिफेंस इक्विपमेंट या तकनीकी सहायता न दे। राजनाथ सिंह का कहना था कि पाकिस्तान को हथियार और टेक्निकल सहायता देना दक्षिण एशिया में शांति सुरक्षा को कमजोर करता है।

नीदरलैंड्स ने पाकिस्तान कुछ समय पहले माइन-हंटर्स दिए थे। इसके अलावा नीदरलैंड्स के डेमन शिपयार्ड से पाकिस्तान 1,900 टन के मल्टीरोल वाले पाकिस्तान को अक्कफशोर पेट्रोल वेसेल की सप्लाई भी कर रहा है। कई डच कंपनियां मिलिट्री के क्षेत्र में, खासकर नौसेना के क्षेत्र में पाकिस्तान के साथ बातचीत कर रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा , नई दिल्ली में नीदरलैंड के युवा और गतिशील रक्षा मंत्री रूबेन बर्केलमैन्स से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमने भारत-नीदरलैंड रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा की। हम अपनी रक्षा साझेदारी को और भी गहरा और उन्नत करने के लिए तत्पर हैं। हमारी चर्चा के क्षेत्रों में रक्षा, साइबर सुरक्षा, इंडो-पैसिफिक और एआई जैसी उभरती हुई प्रौद्योगिकियाँ शामिल थी।

इस बीच रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों रक्षा मंत्रियों ने रक्षा, सुरक्षा, सूचना आदान-प्रदान, हिन्द प्रशांत और नई एवं उभरती प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा की। दोनों मंत्रियों ने जहाज निर्माण, उपकरण और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया जिससे दोनों देशों के कौशल, प्रौद्योगिकी और मानकों को एक दूसरे का पूरक बनाया जा सके। उन्होंने संबंधित रक्षा प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थानों और संगठनों को जोड़ने के अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और संबंधित प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने पर भी चर्चा की।

जॉब अलर्ट
NOW HIRING : YOUR FUTURE AWAITS...

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर
www.shahtimesnews.com

आवश्यकता है।
पद : एकाउन्टेंट
स्थान : मुजफ्फरनगर
नौकरी का प्रकार : पूर्ण कालिक
नौकरी का विवरण: एक कुशल एवं अनुभवी एकाउन्टेंट की आवश्यकता है जिसे जी0एस0टी0 का पूर्ण ज्ञान हो, तथा कम से कम दो वर्षों का अनुभव हो।
योग्यता : कॉमर्स क्षेत्र में स्नातक की डिग्री
कैसे आवेदन करें:
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
शाह आलम : 80772 43100
Email:- shahtimes0105@gmail.com

आवश्यकता है।
पद : कम्प्यूटर ऑपरेटर/सब-एडिटर
स्थान : मुजफ्फरनगर
नौकरी का प्रकार : पूर्ण कालिक
नौकरी का विवरण: एक कुशल एवं अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर/ सब-एडिटर की आवश्यकता है जिसे कम्प्यूटर का पूर्ण ज्ञान हो, तथा कम से कम दो वर्षों का अनुभव हो।
योग्यता : कम्प्यूटर में डिप्लोमा / डिग्री
कैसे आवेदन करें:
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
मौ0 आसिफ : 9837515048
Email:- shahtimes0105@gmail.com

आवश्यकता है।
पद : महिला रसोइया
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
नौकरी का विवरण: हम एक कुशल और स्वच्छ महिला रसोइया की तलाश कर रहे हैं, जो विभिन्न प्रकार के व्यंजन, जैसे मुगलाई, कॉन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन डिशेज तैयार कर सके। आदर्श उम्मीदवार को खाना बनाने का जुनून होना चाहिए और एक साफ-सुथरे और व्यवस्थित रसोईघर को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।
प्रमुख जिम्मेदारियाँ:
- मुगलाई, कश्वन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन व्यंजनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न डिशेज तैयार करना।
- स्वच्छता मानकों के अनुसार खाद्य पदार्थों की तैयारी।
- रसोई को साफ और अच्छी तरह से बनाए रखना।
- दैनिक खाना पकाने के लिए मेनू की योजना बनाना।
- खाना पकाने के समय का प्रबंधन करना।
योग्यताएँ:
- रसोइया के रूप में सिद्ध अनुभव, विशेष रूप से मुगलाई और कॉन्टिनेंटल व्यंजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए।
- खाद्य स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का मजबूत ज्ञान।
- स्वतंत्र रूप से और कुशलता से काम करने की क्षमता।
कार्य समय:
- समय: सुबह 9:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक

सहायक प्रबंधक : प्रिंट मीडिया
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
नौकरी का विवरण: सहायक प्रबंधक के रूप में, आप प्रबंधन टीम का समर्थन करेंगे और क्षेत्रीय संचालन की देखरेख करेंगे।
प्रमुख जिम्मेदारियाँ:
- क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ दैनिक गतिविधियों में सहायता करना।
- स्टाफ की देखरेख और मार्गदर्शन करना, सकारात्मक कार्य वातावरण को बढ़ावा देना।
- टीम के प्रदर्शन की निगरानी करना और सुधार के लिए रणनीतियाँ लागू करना।
योग्यताएँ:
- व्यवसाय प्रबंधन या संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री।
- प्रबंधन भूमिका में न्यूनतम 2 साल का अनुभव।

पद : मार्केटिंग एजेंट
स्थान : दिल्ली
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
नौकरी का विवरण:
मार्केटिंग एजेंट के रूप में, आप हमारे उत्पादों और सेवाओं का प्रचार करेंगे, ग्राहक संबंध बनाएंगे, और बिक्री वृद्धि को बढ़ावा देंगे।
प्रमुख जिम्मेदारियाँ :
- बाजार अनुसंधान करना और संभावित ग्राहकों की पहचान करना।
- ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध स्थापित और बनाए रखना।
- मार्केटिंग अभियानों के विकास और निष्पादन में सहायता करना।
योग्यताएँ:
- मार्केटिंग या व्यवसाय में स्नातक की डिग्री।
- बिक्री या मार्केटिंग में पूर्व अनुभव वांछनीय है।
कैसे आवेदन करें:
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
शाह आलम : 80772 43100
Email:- shahtimes0105@gmail.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499